आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 210 | उज्जैन, बुधवार 12 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

**दमिश्क।** सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया। इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस भाग गए थे। पुतिन सरकार ने उन्हें शरण दी हुई है। दोनों की गैरमौजूदगी में सजा सुनाई गई। अतीफ नजीब को जनवरी 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मंगलवार को कैदी की वर्दी पहनाकर पिंजरे में कोर्ट लाया गया।

### सुभाष चंद्र बोस की बेटी पहुंचीं सुप्रीम कोर्ट तो केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** 18 अगस्त को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 81वीं पुण्यतिथि है। इससे ठीक पहले नेताजी की बेटी अनीता बोस फाफ ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने याचिका में अपने पिता के पार्थिव अवशेषों को जापान से वापस लाने की अपील दोहराई है। सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अस्थियों के मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। बताया जाता है कि ये अस्थियां टोक्यो के रेनकोजी मंदिर में रखी हुई हैं। अगस्त 1945 में नेताजी के गायब होने को लेकर कई तरह की बातें कही जाती रही हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका जाने के बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में जवाब के लिए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

### इंदिरा गांधी के हत्यारे का बेटा लड़ेगा पंजाब चुनाव

**अमृतसरै।** अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 चुनाव के लिए अपना पहला उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने बस्सी पठाना विधानसभा सीट से सतवंत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। सतवंत, केहर सिंह के बेटे हैं, जिसे इंदिरा गांधी हत्याकांड में फांसी हुई थी। सतवंत सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तरसेम सिंह ने की। तरसेम सिंह जेल में बंद खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल सिंह के पिता हैं। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को उनके दो सुरक्षाकर्मियों बेअंत सिंह और सतवंत सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। केहर सिंह भी हत्या की साजिश में शामिल था।

### 'मिर्जापुर द मूवी' का ट्रेलर रिलीज

## मुन्ना भैया और बबलू पंडित की दमदार वापसी



4 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

**मुंबई।** 'मिर्जापुर द मूवी' का ऑफिशियल ट्रेलर मंगलवार (11 अगस्त) को जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा की दमदार वापसी दिखाई गई है। ट्रेलर में मिर्जापुर की सत्ता, बदले और खून-खराबे का नया अध्याय दिखाया गया है। 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर में कालीन भैया, मुन्ना भैया, गुड्डू पंडित और बबलू पंडित के बीच मिर्जापुर की गद्दी को लेकर खूनी जंग और वर्चस्व की कहानी दिखाई गई है। 'भौकाल लाइक नेवर बिफोर' के वादे के साथ आ रही यह फिल्म 4 सितंबर 2026 को हिंदी और तेलुगु में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। ट्रेलर की शुरूआत एक खाली गद्दी और दमदार वॉयसओवर से होती है- गद्दी ना तो विरासत से मिलती है, ना सियासत से... मिलती है तो सिर्फ और सिर्फ बाहुबल से। ट्रेलर में कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) का वही पुराना रौब देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में किरदारों को खास टाइटल के साथ पेश किया गया है- कालीन भैया को 'द किंग', मुन्ना भैया (दिव्येंदु) को 'द प्रिंस' और गुड्डू-बबलू (अली फजल और जितेंद्र कुमार) को 'द लायंस' दिखाया गया है।

### नैनो न्यूज

- **वाशिंगटन:** ट्रम्प की मीडिया कंपनी को 2200 करोड़ रुपए का घाटा, 3 महीने में सिर्फ 16 करोड़ की कमाई।
- **नई दिल्ली:** पीएम मोदी की इंस्टाग्राम वीडियो में देशवासियों से अपील, हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हों।
- **नई दिल्ली:** टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, अकाउंट फ्रीज रखने का आदेश बरकरार, इनमें पार्टी के 440 करोड़ रुपए जमा।
- **नई दिल्ली:** टाटा-ग्रुप के मुख्य ट्रस्ट एसआरटीटी से विजय सिंह का इस्तीफा, 14 अगस्त को खत्म हो रहा कार्यकाल।
- **बेंगलुरु:** होटल में शख्स ने 2 बेटियों की गला दबाकर हत्या की, फिर सुसाइड की कोशिश की, हालत गंभीर।
- **अरुणाचल:** अरुणाचल सीमा पर फायरिंग में असम के 12 लोग घायल, जमीन कब्जे पर विवाद।
- **असम:** असम सरकार साइंस सिटी के लिए 100 करोड़ देगी, सीएम बोले- मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद।

देश के मध्य हिस्से में इस समय एक लो-प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ सक्रिय

# मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 6 राज्यों में 48 घंटे से लगातार बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल और छत्तीसगढ़ में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। भोपाल में दो दिन से बारिश जारी है। यहां 24 घंटे में 7 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। स्कूलों में दो दिन की छुट्टी कर दी गई। शहर में 1,000 से ज्यादा घरों के आसपास 5 फीट तक पानी भर गया।

राजस्थान के 6 जिलों में आज बारिश का ऑरेंज और 17 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में पिछले 24 घंटे में हाड़ौती क्षेत्र (कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़) में 12 इंच तक बारिश हुई।

- हिमाचल में चलती कार पर पत्थर गिरे
- 259 सड़कें बंद
- 161 बिजली ट्रांसफॉर्मर और 54 पेयजल योजनाएं प्रभावित



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एनएच-305 पर चलती गाड़ी पर मलबा और चट्टानें गिर गईं। हादसे में गाड़ी सवार दो लोग घायल हो गए, जबकि गाड़ी मलबे के नीचे दब गई। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बीती रात से बारिश हो रही है। इसके चलते राज्य में चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत 259 सड़कें, 161 बिजली ट्रांसफॉर्मर और 54 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं।

### दो सिस्टम एक्टिव होने से कई राज्यों में बारिश

- देश के मध्य हिस्से में इस समय एक लो-प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ सक्रिय है। उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश और आसपास बना लो-प्रेशर एरिया बारिश करा रहा है। इसके असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों और आसपास के इलाकों में बारिश की गतिविधियां बनी हुई हैं। आईएमडी ने 11-12 अगस्त को पश्चिमी मध्य प्रदेश में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है।
- वहीं, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक और मौसम सिस्टम सक्रिय है। इसके प्रभाव से 12 अगस्त के आसपास लो-प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसके आगे बढ़ने पर पूर्वी और मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती हैं।
- इस बीच, मानसून ट्रफ भी उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में बने लो-प्रेशर एरिया के केंद्र से होकर गुजर रही है। आसान भाषा में समझें तो अभी बारिश कराने वाले सिस्टम सक्रिय हैं, इसलिए मध्य और पूर्वी भारत में अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

मेडिकल छात्रा की शिकायत पर कार्रवाई

## आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक रेप के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को रेप केस में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी मंगलवार को कोलकाता में हुई। यह मामला एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें पोरेल पर रेप, धमकी और अन्य आरोप लगाए गए हैं।

पीड़ित ने जून में शिकायत दर्ज कराई थी। 23 साल के अभिषेक विकेटकीपर बैटर हैं। वे बंगाल के लिए 116 और आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 35 मैच खेल चुके हैं। दिल्ली ने उन्हें 4 करोड़ रुपए में रीटेन किया था। मामला कलकत्ता हाईकोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने 20 जुलाई को गिरफ्तारी का आदेश दिया था। साथ ही आरोपी के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त करने के आदेश भी दिए गए थे। अभिषेक सभी आरोपों से इनकार करते आए हैं।



### महिला ने तीन साल से संबंध होने का दावा किया

शिकायत के मुताबिक, महिला ने कहा कि वह और अभिषेक पिछले तीन साल से रिश्ते में थे। पिछले साल दोनों के बीच मतभेद शुरू हुए, जिसके बाद क्रिकेटर कथित तौर पर उससे दूरी बनाने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि अभिषेक ने उससे शादी करने का वादा किया था, लेकिन अब वह शादी के लिए तैयार नहीं है। शिकायत में उसने कहा कि अभिषेक ने शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

### दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं

बाएं हाथ के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल 2023 से आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। पिछले सीजन में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए चार पारियों में 108 रन बनाए थे। अभिषेक इससे पहले इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने 2021-22 सीजन में बंगाल के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 32 फर्स्ट क्लास और 23 लिस्ट अ मैच खेले हैं।

### क्रिकेटर ने आरोपों को झूठा बताया था

क्रिकेटर अभिषेक पोरेल इन आरोपों को खारिज कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अगर उनके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज की गई है, तो आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। यह मामला मोगरा पुलिस स्टेशन में 23 जून 2026 को दर्ज किया गया था।

## अमेरिकी राजदूत और एनएसए डोभाल के बीच हाई लेवल मीटिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जिओ गोर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच आज हाई लेवल मीटिंग हुई। इस मीटिंग के दौरान अमेरिका-भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने वैश्विक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने पर चर्चा की। इसके अलावा दोनों ने अमेरिका और भारत के बीच भविष्य के सहयोग को दोहराया। अमेरिकी राजदूत सर्जिओ गोर ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमेरिका-भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक सार्थक बैठक हुई। वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ हमारी करीबी साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

## स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार होगा राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् का गरिमापूर्ण गायन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीपरिषद की बैठक से पहले किया संबोधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 15 अगस्त को देश अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर पहली बार राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् का गरिमापूर्ण गायन होगा, अब तक यह व्यवस्था नहीं थी। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का गत वर्ष की तरह सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद प्रभारी मंत्री अपने जिलों में हुए विकास कार्यों की जानकारी देंगे। देश विभाजन की विभीषिका के संदर्भ में 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। देश के विभाजन के समय विस्थापन का दंश झेलने वाले और अपने प्राण गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह दिवस मनाया जाएगा। सभी मंत्रीगण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में मंत्रिपरिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केबिनेट की बैठक से पहले कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के वेब पोर्टल को देश में प्रथम पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संत रविदास के 650वें जयंती वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के अलग-अलग राज्यों में समरसता संकल्प यात्रा जारी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में 18 अगस्त से प्रदेशस्तरीय समरसता अभियान का शुभारंभ होगा। इसके बाद सभी मंत्रीगण 20 अगस्त को अपने जिलों में आयोजित कार्यकमों में शामिल होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले बीएसएफकैंप में घुसपैठ की कोशिश

एजेंसी ▸▸ श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में बीएसएफ ने स्वतंत्रता दिवस से पहले 163वीं बटालियन के कैंप में दीवार फांदकर घुसने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसके मोबाइल में पाकिस्तानी नंबरों से कॉल और मैसेज मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। स्वतंत्रता दिवस से पहले राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रायसिंहनगर स्थित 163वीं बटालियन के कैंप में घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी बिना अनुमति कैंप की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की जांच में पाकिस्तानी नंबरों से कॉल और मैसेज का रिकॉर्ड मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। बीएसएफ की रिपोर्ट पर रायसिंहनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त पूछताछ केंद्र भी आरोपी से पूछताछ करेगा।

सारंगपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर भीषण सड़क हादसा

## धौलपुर के त्रिवेदी परिवार की अर्टिगा कार ट्रक से टकराई, 3 की मौत, दो गंभीर

### धौलपुर से उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए निकला था, दो बच्चे सुरक्षित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर से करीब 7 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सांई बायो फ्यूल पंप के सामने मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगो की मौत हो गई। धौलपुर से उज्जैन महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए निकले एक ही परिवार के सदस्यों से भरी अर्टिगा कार क्रमांक आरजे 11 यूए 4989 सड़क किनारे खड़े ब्रेकडाउन डंपर क्रमांक एमपी 04 एचई 5797 में पीछे से जा घुसी। इस भीषण दुर्घटना में परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार दो बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

सारंगपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के धौलपुर निवासी त्रिवेदी परिवार 11 अगस्त की रात्रि अपनी अर्टिगा कार से धार्मिक यात्रा पर उज्जैन के लिए रवाना हुआ था। कार को चालक अब्दुल पिता आबिद खान चला रहा था।

मंगलवार सुबह लगभग 05.30 बजे एनएच-52 पर सांई बायो फ्लयू पंप एवं शिमला होटल के सामने चालक अपनी तेज रफ्तार कार से आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सड़क के किनारे खड़े एक ब्रेकडाउन डंपर को वह देख नहीं सका और कार क्लीनर साइड की तरफ से डंपर के पिछले हिस्से में तेजी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला और साइड का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### 3 लोगों की मौके पर मौत

पुलिस थाना प्रभारी राहुल सिंह रघुवंशी ने बताया कि दुर्घटना के समय कार में चालक सहित कुल 7 लोग सवार थे। हादसे में त्रिवेदी परिवार के तीन सदस्यों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जिनकी पहचान सोमा पति सुनील त्रिवेदी उम्र 65 वर्ष, अंकुर पिता सुनील त्रिवेदी उम्र 42 वर्ष, अर्चना पति अंकुर त्रिवेदी उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई, जबकि कार में सवार निहाल पिता अतुल तिवारी उम्र 22 वर्ष और चालक अब्दुल को काफी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में दो मासूम बच्चे अंश पिता अंकुर त्रिवेदी उम्र 14 वर्ष और तेजस पिता अंकुर त्रिवेदी 10 वर्ष सुरक्षित बच गए हैं।

40 YEARS OF LEGACY
ipsgroup.in
IPS ACADEMY
NORTH CAMPUS
COLLEGE LEVEL COUNSELLING
Approved by AICTE, New Delhi
Affiliated to DAVV, Indore & Higher Education (M.P.)
MBA • MARKETING • FINANCE • HRM • BUSINESS ANALYTICS • INFORMATION TECHNOLOGY • PRODUCTION & OPERATIONS
MCA • AI & ML • DATA SCIENCE • CLOUD COMPUTING • IOT • BLOCK CHAIN & CRYPTO CURRENCY • CYBER SECURITY
BBA
B.Com* • COMPUTER APPLICATION • TAX & OTHER AS PER NEP
BCA
Contact: 62626-14161
COLLEGE OF LAW
Approved by BCI, New Delhi & Affiliated to DAVV
BALL.B. (Hons.) 5 Years Duration • 60 Seats | LL.B. (Hons.) 3 Years Duration • 60 Seats
Contact: 62626-04161
Indore-Ujjain Road, Sanwer, Indore.
ipsacademynorthcampus.edu.in
ADMISSIONS OPEN till 14th AUG'26
ies.ipsacademy.org
INSTITUTE OF ENGINEERING & SCIENCE
A UGC Autonomous Institute • Affiliated to RGPV • NBA Accredited UG Engineering Courses • NAAC Accredited • AICTE Approved
COLLEGE LEVEL COUNSELLING
Main Campus / Off Campus, Vijay Nagar
ONLINE REGISTRATION: 12th to 14th Aug'26 — Vacant Seats After Above Counselling
COUNSELLING DATE: 14th Aug'26
TIME 10:30am to 6:30pm
LAST CHANCE Few seats available
B.Tech. • Chemical Engg. • Civil Engg. • CSE • CSIT • CSE (Data Science) • CSE (IoT & Cyber Security including Block Chain Tech.) • CSE (AI & ML) • CSE (Regional Lang.) • AI & ML • ECE • EEE • Mechanical Engg. • Fire Tech. & Safety Engg.
M.Tech. • Chemical Engg. • Data Science • Construction Planning & Mgmt. • Digital Communication • Robotics • Power Electronics • Structural Engg. • Industrial Safety Engg.
Call : 77460-00161, 99779-06161, 0731-4014640
B.Tech / M.Tech for Working Professionals
B.Tech. Lateral Entry
OFF CAMPUS @ VIJAY NAGAR (Exclusive For Computer Science)
Extension of Main Campus Approved as a special recognition by AICTE based on college infra & performance.
B.TECH AI & ML • CS & IT • CSE CE (Computer Engineering) | Call: 99778-46161, 0731-4216011
ADMISSION Under IPS quota
Date : 14th Aug'26 • Branches : CSE • CSIT • CSEDS • CSEIML • CSEITCS
HISTORIC PACKAGE ₹4 CROREs
HIGHEST PACKAGE ₹52 LACS
HIGHEST PAID INTERNSHIP ₹70,000 PM amazon.in ADI LATHUR (FTSE)
KNOWLEDGE VILLAGE, Rajendra Nagar, AB Road, INDORE. Ph: 99775-11161, 0731-4014863
Antic

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### फिर एक जांच स्वाहा

मंदिर भगवान का घर होता है जहां इंसान सत्य, त्याग, समर्पण के साथ शांति के मार्ग को तलाशते हुए जाता है। अगर इसी जगह से जुड़े मामलों में सत्य उजागर नहीं हो सके तो सवाल उठना लाजमी है। पूर्व में भी अनेक जांचों के मामले ऐसे ही दफन हो गए जैसा कि वर्तमान में मंदिर के अधिनस्थ स्कूल का है। सालों पहले यहां जरूर एक मामले में तत्कालीन अध्यक्ष ने एक मामले में सीधे पुलिस प्रकरण दर्ज करवाया था और जांच करवाते हुए उसके आधार पर सिफारिशों को तत्काल ही लागू किया गया था, हालांकि उनके जाने के बाद पूरे प्रकरण का क्या हुआ आज तक सामने नहीं आ सका है। मंदिर के स्कूल में बच्चों के लिए सभी सुविधाएं निःशुल्क एवं मुफ्त मुहैया करवाई जाती है। पिछले वर्ष स्कूल के बच्चों के पालकों से बगैर किसी रसीद के ही बहुत ही तरीके से 500-500 के दो नोट झटक लिए गए थे। इस पर शिकायत के उपरांत तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई गई थी। इस समिति ने पालकों के बयान दर्ज किए थे और काफी कुछ जांच के नाम पर एकत्रित किया था। यहां तक की पूरा काम ही कर लिया गया था। इसके बाद भी अब तक इस मामले में ऊंट ने करवट नहीं ली है और न ही पालकों को ही कोई जानकारी मिल पा रही है। खुसूर-फुसूर है कि एक बार फिर से तांबा कांड, दाल-चावल कांड सहित दान का हाथी कांड की तरह पिछले दो दशक में हुए मामलों में एक मामला और स्वाहा हो गया है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किसके कहने पर यह स्वाहा कार्यक्रम संचालित होता है और उससे कौन लाभांवित हो रहा है। खैर कुछ भी हो अब अगला मंत्र हजारी कांड स्वाहा ही बोला जायगा।

## नैनो न्यूज

- देशभक्ति के नारों के साथ भाजपा केशव नगर मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई शुरुआत, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत
- बाल अधिकारों की पैरवी करेंगे उज्जैन के वकील आदेश शिंदे, यूनिसेफ की प्रतिष्ठित फेलोशिप में चयन, सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और जिला न्यायालय में कर रहे हैं प्रैक्टिस, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का भी बनेंगे हिस्सा
- ढाबा रोड का नाम श्रीजी मार्ग करने की उठी मांग, श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने विकास प्राधिकरण अध्यक्ष, विधायक और नारायण दादा को सौंपा ज्ञापन, मुख्यमंत्री को भेजा ई-मेल
- हितेश नागर की अंतिम यात्रा में उमड़े समाजजन, चक्रतीर्थ पर अंतिम संस्कार, पंडित सूर्यनारायण नागर के ज्येष्ठ पुत्र तथा अद्विक एवं हिमाक्ष के पूज्य पिताजी और पीयूष नागर के बड़े भाई हितेश नागर के निधन से नागर समाज में शोक की लहर है।
- 45 किलोमीटर की पदयात्रा कर पहुंचे शिवभक्तों का हुआ भव्य स्वागत, आज करेंगे बाबा महाकाल का जलाभिषेक, ग्राम पंचायत ईटावा के सहयोग से निकाली गई पदयात्रा के श्रद्धालु बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।
- ई20 पेट्रोल के मुद्दे पर भोपाल में आप का प्रदर्शन, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर करेंगे प्रमुख रूप से सहभागिता
- बाबा महाकाल की सवारी का पूजन कर किया भावपूर्ण स्वागत, श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बाबा महाकाल की भव्य सवारी निकाली गई।
- एनएसयूआई ने कुलगुरू को सौंपा ज्ञापन, पुनर्मूल्यांकन की निष्पक्ष समीक्षा एवं शुल्कवृद्धि वापस लेने की मांग
- देश के शहीदों को समर्पित लेफ्टहैंडर्स दिवस, लेफ्टी क्लब वर्ल्ड लेफ्ट हैंडर्स डे ( 13 अगस्त) को देश के वीर शहीदों को उनकी अद्भुत वीरता को समर्पित करेगा।
- माधवगंज स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर व पौधरोपण, 51 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश,
- माधवाचार्य महाराज की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशाल अनुष्ठान, देशभर से जुटेंगे संत
- महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि ने प्रदान किया गुरु मंत्र, श्रावण मास में चल रहा विशेष दीक्षा पर्व

## ट्रेंडिंग




डेढ़ साल से जिला अस्पताल के चरक में शिफ्ट के बाद से हालत खस्ता

# चरक में आधी लिफ्टें कबाड़, गेट पर कीचड़, परिसर में जंगली घास

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ-2016 में जिसे मातृ-शिशु स्वास्थ्य का आदर्श केंद्र कहकर लोकार्पण किया गया था आज वही चरक मातृ-शिशु अस्पताल प्रबंधकीय देखरेख के अभाव में खुद आईसीयू में है। इसे मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल एजेंसी ने तत्कालीन समय में बनाया था। पिछले डेढ़ साल में जब से यहां जिला अस्पताल आया है इसकी हालत खैराती जैसी हो चुकी है।

डेढ़ साल से ज्यादा समय से इसी परिसर में जिला अस्पताल शिफ्ट होकर चल रहा है। लेकिन प्रबंधन और रखरखाव के अभाव में मरीजों को इलाज से ज्यादा मूलभूत परेशानी झेलनी पड़ रही है। केंद्र सरकार के शहरी स्वास्थ्य मिशन से बना संभागीय स्तर का ये अस्पताल अब सवालों के घेरे में है। 2016 सिंहस्थ के पहले केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन फंड से 150 करोड़ की लागत से इसका निर्माण किया गया था। इसके पीछे मूल उद्देश्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर घटाना था। प्रारंभिक दौर में मातृ-शिशु अस्पताल के रूप में चला, लेकिन स्टाफ और उपकरणों की कमी बनी रही। जनवरी 2025 में जिला अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग को तोड़ने के कारण पूरे जिला अस्पताल को यहां शिफ्ट किया गया। कुछ चिकित्सकीय शाखाएं माधवनगर अस्पताल में भी शिफ्ट की गई। इससे चरक अस्पताल में मरीजों का लोड 3 गुना बढ़ा।

### लिफ्ट में सीसीटीवी नहीं लोग थूक रहे

### करोड़ों की लागत वाला अस्पताल बदहाल



### लिफ्ट बनाम मुसीबत

6 मंजिला बिल्डिंग में मरीजों के लिए पर्याप्त लिफ्ट लगाई गई थीं। हकीकत ये है कि आधी से ज्यादा लिफ्टें हमेशा खराब रहती हैं। जो चल भी रही हैं उनके गेट पर जंग लग गई है। इसे जंग से बचाने के लिए पुताई तक करवाना वाजिब नहीं समझा जा रहा है। यहां सेवा लेने आने वाले लोग लिफ्ट के अंदर ही फर्श पर गुटखा-पाउच की पीक मार देते हैं। अंदर सीसी टीवी कैमरों का अभाव है। आटो संचालित लिफ्ट में सबसे खतरनाक ओवरलोड होने पर लिफ्ट में ओवर लोड का मैसेज लगातार आता है, फिर भी तीमारदार जबरदस्ती 15-20 लोग घुसे रहते हैं। ओवर लोड के मैसेज के बाद भी उसमें लोग सवार होते रहते हैं ऐसे में किसी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। 5वीं-6वीं मंजिल पर भर्ती मरीजों के परिजनों को घंटों सीढ़ियां चढ़नी-उतरनी पड़ रही हैं।

**गेट से परिसर तक गंदा-** अस्पताल पहुंचते ही पहली तस्वीर निराश करती है। मुख्य गेट पर गंदे पानी का जमाव हो रहा है यहां लगी जाली कमजोर होने से धंस गई है। बरसाती पानी और सीवर का मिक्सचर यहीं बह रहा है। एम्बुलेंस, स्ट्रेचर और मरीज के साथ उनके परिजन इसी कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर हैं। अंदर परिसर का सुंदर गार्डन पूरी तरह खत्म हो चुका है। साइकिल स्टैंड के पास 3-4 फीट ऊंची जंगली घास उगी है। प्रबंधकीय नजरअंदाजी के कारण जिसकी कटाई भी नहीं हो रही है। मरीजों के परिजनों का तर्क है कि शायद किसी प्रयोग के लिए यह घांस लगाई है। इस ऊंची घांस को अस्पताल के परिसर में देखकर आश्चर्य मिश्रित सवाल उठता है कि अस्पताल में खेती क्यों?

भारत में नहीं दिखेगा, यूरोप-अमेरिका में दिखेगा रिंग ऑफ फायर जैसा नजारा

# आज रात 4.31 घंटे का अंधकार साल का आखिरी पूर्ण सूर्यग्रहण

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

आसमान में बुधवार गुरूवार दरमियानी रात में एक बार फिर दिन में रात होगी। इस साल का दूसरा और अंतिम पूर्ण सूर्यग्रहण लगने जा रहा है। हालांकि भारत में ये अद्भुत नजारा नहीं दिखेगा लेकिन वैज्ञानिकों के लिए ये 4 घंटे 31 मिनट की घटना बेहद खास है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि ग्रहण 12 अगस्त रात 09:04:03 बजे से शुरू होकर 13 अगस्त रात 01:27:09 बजे पर खत्म होगा। मध्य की स्थिति रात 11:15:09 बजे रहेगी, जब चंद्रमा सूर्य को 103.8% तक ढक लेगा।

**सूर्य-चंद्रमा-पृथ्वी एक सीध में-** पूर्ण सूर्यग्रहण तब होता है जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच बिल्कुल सीध में आ जाता है। जीवाजी वेधशाला के अनुसार चंद्रमा पृथ्वी की दीर्घवृत्ताकार कक्षा में घूमता है। अमावस्या को जब वो पृथ्वी के सबसे पास वाली स्थिति में आकर सूर्य के सामने आ जाता है, तो वो सूर्य को पूरी तरह ढक लेता है। इसी को पूर्ण सूर्यग्रहण कहते हैं। इस बार की खास बात - मध्य में सूर्य का 103.8% हिस्सा ढकेगा।



यानी कुछ मिनटों के लिए आसमान में अंधकार और तारे दिखाई देने लगेंगे। इसी समय वैज्ञानिक सूर्य का अध्ययन करते हैं।

**वैज्ञानिक महत्व और जनमान्यता-** सूर्यग्रहण के दौरान वैज्ञानिक सूर्य के बाहरी वातावरण कोरोना का तापमान, चुंबकीय क्षेत्र और सौर तूफानों का अध्ययन करते हैं। ग्रहण के समय दिन में अंधेरा होने से वातावरण में बदलाव भी नोट किए जाते हैं। इधर सनातन परंपरा में ग्रहण को अशुभ माना जाता है। इस दौरान मंदिर बंद, भोजन निषेध और ग्रहण मोक्ष के उपरांत स्नान-दान का महत्व है।

### सूर्य ग्रहण समय सारिणी

- प्रारम्भः 12 अगस्त, रात 09:04:03 बजे
- मध्यः 12 अगस्त, रात 11:15:09 बजे
- मोक्षः 13 अगस्त, रात 01:27:09 बजे
- अवधिः 4 घंटे 31 मिनट


### भारत में दृश्य नहीं होगा

भारत में ग्रहण के समय रात होने के कारण ये बिल्कुल भी दृश्य नहीं होगा। इसलिए यहां किसी तरह के धार्मिक सूतक या विशेष सावधानी की जरूरत नहीं है। इसे सबसे अच्छी तरह पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, उत्तरी अटलांटिक और उत्तरी प्रशांत महासागर में देखा जा सकेगा। इन इलाकों में कुछ देर के लिए दिन में अंधेरा हो जाएगा।

मिस वर्ल्ड के अंतरराष्ट्रीय मंच पर

## विदेशी सुंदरियों संग ओम शांति ओम पर थिरकी उज्जैन की बेटी निकिता पोरवाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



उज्जैन की बेटी और फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल इन दिनों अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वियतनाम में चल रही मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के दौरान निकिता का एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वे अलग-अलग देशों से आई प्रतिभागियों के साथ बॉलीवुड के लोकप्रिय गीत ओम शांति ओम पर डांस करती नजर आ रही हैं।

वीडियो में निकिता के साथ ग्वाटेमाला, कोलंबिया, मलेशिया, वेनेजुएला, वियतनाम और डोमिनिकन रिपब्लिक की प्रतिभागियां भी दिखाई दे रही हैं। सभी प्रतिभागियों ने फिल्म ओम शांति ओम के गीत पर बॉलीवुड के सिग्नेचर डांस स्टेप्स किए। निकिता बीच में भारतीय अंदाज में डांस करती नजर आईं और उन्होंने विदेशी प्रतिभागियों के बीच भारतीय सिनेमा तथा संस्कृति की खूबसूरत झलक पेश की।

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में सभी प्रतिभागियां बेहद उत्साह और मस्ती के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। निकिता के बॉलीवुड अंदाज ने खास तौर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

विकासखंड स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

## पूल की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

महानंदा नगर स्थित स्विमिंग पूल स्पोर्ट्स एरिना में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों से खिलाड़ी अपने खेल शिक्षक के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने तैराकी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन को लेकर पूर्व में विद्यालयों को खिलाड़ियों के आवश्यक दस्तावेजों और समय पर उपस्थिति के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे।

हालांकि प्रतियोगिता के दौरान स्विमिंग पूल की व्यवस्थाओं को लेकर कुछ सवाल भी सामने आए। पूल का पानी पूरी तरह साफ नहीं होने की बात खिलाड़ियों और अभिभावकों की ओर से कही गई। इसके अलावा जिस छोटे स्विमिंग पूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई, उसकी साइज और क्षमता को लेकर भी चर्चा रही। खिलाड़ियों की संख्या और प्रतियोगिता के स्वरूप को देखते हुए पूल की पर्याप्तता पर सवाल उठाए गए। खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। ऐसे में भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से पहले पूल की स्वच्छता, पानी की गुणवत्ता और खिलाड़ियों की संख्या के अनुरूप पूल की क्षमता की जांच किए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। प्रतियोगिता में विद्यालयों के स्पोर्ट्स शिक्षकों की उपस्थिति भी रही। आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, वहीं सामने आई व्यवस्थागत कमियों को दूर कर आगामी प्रतियोगिताओं को और बेहतर बनाने की जरूरत भी सामने आई।

राजसी सवारी से पहले कंठाल चौराहे से-छत्री चौक मार्ग का चौड़ीकरण पूरा करने के निर्देश

# 75 मीटर पीक्यूसी सड़क का काम पूरा

### शेष बचे 310 मीटर में तेजी लाने को कहा, टंकी चौक और नानाखेड़ा-देवास रोड की भी बनेगी योजना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



बाबा महाकाल की राजसी सवारी से पूर्व सवारी मार्ग के शेष निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मंगलवार सुबह कंठाल चौराहा से सतीगेट होते हुए छत्री चौक तक चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मार्ग पर करीब 75 मीटर पीक्यूसी सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि लगभग 310 मीटर सड़क का निर्माण शेष है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के साथ सड़क की सरफेस फिनिशिंग उच्च गुणवत्ता की करने को कहा, ताकि सवारी के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मिल सके।

### नाली, पेयजल लाइन और विद्युत पोल शिफ्टिंग में तेजी

मार्ग पर प्रीकास्ट नाली निर्माण, पेयजल लाइन शिफ्टिंग और विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य भी चल रहा है। निगम आयुक्त ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सतीगेट क्षेत्र में शेष बाधित भवनों को हटाने की कार्रवाई के साथ नाली निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के लिए भी कहा गया। निगम आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बाबा महाकाल की राजसी सवारी से पहले मार्ग चौड़ीकरण से जुड़े सभी शेष कार्य हर स्थिति में पूरे किए जाएं। श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

- **टंकी चौक चौराहे के विकास की बनेगी विस्तृत योजना-** निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने टंकी चौक चौराहे का भी जायजा लिया। उन्होंने चौराहे पर प्रस्तावित और आवश्यक विकास कार्यों की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। योजना में यातायात व्यवस्था के साथ नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।
- **नानाखेड़ा-देवास रोड पर सर्विस रोड की योजना-** इसके बाद निगम आयुक्त ने नानाखेड़ा-देवास रोड स्थित सब स्टेशन क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्विस रोड की विस्तृत योजना तैयार करने तथा संबंधित कार्यों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, दिलीप कुमार नौधने सहित निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 119 साल पुराने मंदिर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

### देश के प्रथम राष्ट्रपति ने ज्योतिषाचार्य को लिखा था पत्र, बड़े गणेश मंदिर में तय हुआ था आजादी का मुहूर्त

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

देशभर में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है, लेकिन उज्जैन के प्रसिद्ध बड़े गणेश मंदिर में यह पर्व 4 दिन पहले मंगलवार ( 11 अगस्त) को ही मना लिया गया। यहां स्वतंत्रता दिवस अंग्रेजी कैलेंडर की तारीख के बजाय हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार मनाने की परंपरा है। इस बार श्रावण कृष्ण चतुर्दशी 11 अगस्त को होने के कारण मंदिर में पूरे विधि-विधान से ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

मंदिर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया। परिवार के सदस्यों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आयोजन में हिस्सा लिया। पुराने पारिवारिक आवास से तिरंगा यात्रा मंदिर तक पहुंची। ध्वज पूजन और गणेश पूजन के बाद महाआरती हुई। देशभक्ति के नारों और गीतों के बीच मंदिर के शिखर पर तिरंगा फहराया गया और प्रसाद बांटा गया।



### 1947 में 15 अगस्त को थी श्रावण कृष्ण चतुर्दशी

पंडितों के अनुसार, देश की आजादी का शुभ मुहूर्त उज्जैन से तय हुआ था। वर्ष 1947 में श्रावण कृष्ण चतुर्दशी 15 अगस्त को थी। इसी तिथि को आधार बनाकर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय हुआ था। इस साल श्रावण कृष्ण चतुर्दशी 11 अगस्त को आई। इसी वजह से बड़े गणेश मंदिर में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया।

### तिरंगा यात्रा निकाली, मंदिर के शिखर पर फहराया झंडा

मंदिर में सुबह से ही विशेष सजावट की गई। पूरे परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया। परिवार के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी आयोजन में शामिल हुए। मंदिर के पास स्थित पुराने पारिवारिक आवास से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो बड़े गणेश मंदिर पहुंची। यहां ध्वज पूजन और गणेश पूजन के बाद महाआरती हुई। देशभक्ति के नारों और गीतों के बीच मंदिर के शिखर पर तिरंगा फहराया गया। इसके बाद प्रसाद बांटा गया।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 12 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### अभियान में 2 प्रतिष्ठानों से 535 किलो संदिग्ध खाद्य पदार्थ जप्त

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में मिलावट एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। प्रदेशभर में दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला और राज्य स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम सक्रिय रहें

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस मानसून में प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। कुछ जिलों में वर्षा कम हुई है और कुछ जिलों में आने वाले समय में अधिक वर्षा की संभावना है। वर्तमान में प्रदेश के आधे जिलों में सामान्य वर्षा हुई है। ऐसी असामान्य स्थितियों में किसानों सहित नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय भोपाल में प्रदेश में कम वर्षा की वर्तमान स्थिति और उत्पन्न परिस्थितियों के संबंध में मंत्री गण और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुछ जिलों में कम वर्षा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश में कम वर्षा के कारण उत्पन्न हालातों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां संबंधित विभाग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि प्रदेश में 1 जून से 10 अगस्त की अवधि में सामान्य वर्षा 571 मिली मीटर की तुलना में 483 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई है जो औसतन 15 प्रतिशत कम है।

### बलराम कृषि महोत्सव को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाएं

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बलराम कृषि महोत्सव सिर्फ किसानों का नहीं, यह हमारी भारतीय कृषि संस्कृति का उत्सव है। इसीलिए इसे एक सांस्कृतिक पर्व के रूप में मनाया जाए। इन दिनों प्रदेश में सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों की इसमें सहभागिता इस बात का प्रतीक है कि किसान स्वप्रेरणा से इस महोत्सव से जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कृति विभाग बलराम कृषि महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कर किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति का लाभ उठाए और उन्हें मनोरंजक तरीके से हमारी संस्कृति और सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सहित आगामी सभी पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में स्वतंत्रता दिवस और अन्य पर्वों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये



**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय में इंदौर संभाग के कलेक्टर्स एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर आयुक्त तरूण भटनागर, एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक सुश्री प्रीति यादव, संयुक्त आयुक्त (विकास) शिवानी वर्मा, प्रभारी उपायुक्त (राजस्व) शैली कनाश सहित अन्य संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पहली बार जिलों के अधिकारी अपने मुख्यालयों से ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। संभागायुक्त ने भूमि के एक प्रकरण में झाबुआ के एडीएम से सीधे संवाद किया और बड़वानी के सीएमएचओ से भी संवाद किया। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने, जनजातीय छात्रावासों में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की रुचि के अनुरूप खेल गतिविधियां कराने, औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने, शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से जुड़े विभागीय कार्यों को समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिये। बैठक में सभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने कहा कि जनजातीय छात्रावासों में बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु उन्हें पढ़ाने के साथ-साथ खेल गतिविधियां भी बढ़ायी जाये।

## नैनो न्यूज

- **जबलपुर स्टेशन पर मचा हड़कंप-** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर खाली कोच से धुआं उठने पर हड़कंप मचा। रेलवे ने आग से इनकार कर जांच शुरू की।
- **दतिया में स्कूल दीवार गिरी-** दतिया में स्कूल खुलने से पहले बाउंड्री वॉल ढह गई। मलबे में कार और बाइक दब गईं, बड़ा हादसा टल गया।
- **उज्जैन की बेटियों ने जीता गोल्ड-** उज्जैन की विधि और उत्कर्षा ने नेपाल में बैडमिंटन इंटरनेशनल डबल्स में चीन की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- **मोनिका को राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित-** उज्जैन की मोनिका ने क्षिप्रा में कूदकर बच्ची की जान बचाई थी। अब 15 अगस्त को राष्ट्रपति उन्हें सम्मानित करेंगे।
- **भाजपा में उपचुनाव हार पर मंथन-** दतिया उपचुनाव में हार के बाद भाजपा संगठन में मंथन शुरू हुआ। पार्टी स्तर पर हार के कारणों की समीक्षा की जा रही है।
- **छिंदवाड़ा में टला बड़ा विमान हादसा-** छिंदवाड़ा में उड़ान भरने से ठीक पहले विमान के इंजन में खराबी आई। विमान में सवार नेता सुरक्षित बताए गए।
- मूंग-उड़द खरीदी की तारीख बढ़ी- मध्यप्रदेश में मूंग और उड़द की सरकारी खरीदी की अंतिम तारीख बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी गई है।
- साइबर अपराध पर पुलिस की कार्रवाई- प्रदेश में साइबर अपराध और नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है।

लोनिवि का बड़ा फैसला, एसडीओ और उपयंत्री सीधे होंगे जिम्मेदार

# सड़क किनारे पेड़ सूखा तो इंजीनियर पर गिरेगी गाज

## भोपाल में 1 उपयंत्री पर हो चुकी है कार्रवाई, अब उज्जैन की बारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-28 के लिए जमकर सभी विभाग पौधारोपण कर रहे हैं। भवन और सडक बनाने वाले लोक निर्माण विभाग के यंत्री होंशियार हो जाएं। अब सड़क घटिया बनी तो कार्रवाई होगी ही, साथ में सड़क किनारे लगे पेड़ सूख गए तो भी इंजीनियर की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। विभागीय बडे फैसले के तहत सडक किनारे का पेड सूखा तो इंजीनियर पर गाज गिरना तय है। इसके तहत भोपाल में कार्रवाई हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए पौधों की देखरेख में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर सीधी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब अनुविभागीय अधिकारी और उपयंत्री को पेड़ सूखने का सीधे जिम्मेदार माना जाएगा।

### प्रमुख अभियंता को सख्ती के आदेश

लोक निर्माण विभाग मंत्रालय ने राज्य भर में भेजे ताजा निर्देश में कहा है कि सड़कों के किनारे लगाए गए पौधों और पेड़ों के संरक्षण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके लिए विभाग ने प्रमुख अभियंता, सड़क और भवन को फील्ड में सख्ती करने के आदेश दिए हैं। विभाग के मुताबिक निर्माण कार्यों और मार्गों के निरीक्षण में कई जगह नियमों का पालन नहीं मिला। भोपाल में इसी लापरवाही पर एक उपयंत्री को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वैसे प्रशासनिक भाषा में निलंबन सजा नहीं मानी जाती है।

### इसलिए उठाया गया कदम

हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क निर्माण की जा रही है। निर्माणों में सडकों के किनारे पौधारोपण किया जाता है, लेकिन देखरेख के अभाव में ज्यादातर पौधे सूख जाते हैं। अब लोक निर्माण विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए इंजीनियरों की जवाबदेही तय कर दी है।

### 4 बिंदुओं के तहत की गई गाइडलाइन तय

लोक निर्माण विभाग के सूत्रों का कहना है कि इसके लिए 4 बिंदुओं के तहत गाईडलाईन तय की गई है। इसमें हर पौधे के तने के चारों ओर तय मानक के अनुसार *45 सेंटीमीटर तक मिट्टी और मुरम की मल्चिंग की जाए। पौधों की सुरक्षा और रखरखाव पर लगातार नजर रखी जाए। संबंधित अधिकारी खुद मौके पर जाकर चेक करें कि ठेकेदार या निर्माण एजेंसी निर्देशों की अनदेखी न करे। संरक्षण में लापरवाही मिलने पर तुरंत विभागीय कार्रवाई की जाए।

## मध्य प्रदेश की दीप्ति गौड़ मुखर्जी बनीं देश की नई उच्च शिक्षा सचिव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीप्ति गौड़ मुखर्जी को केंद्र सरकार ने देश का नया उच्च शिक्षा सचिव नियुक्त किया है। 1993 बैच की अधिकारी दीप्ति गौड़ मुखर्जी की नई जिम्मेदारी के साथ मध्य प्रदेश कैडर के एक और वरिष्ठ अधिकारी को केंद्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। केंद्र सरकार ने सोमवार देर रात नौकरशाही में बड़ा फेरबदल करते हुए उनकी नियुक्ति की। इससे पहले वह कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। केंद्र सरकार में भी उन्हें महत्वपूर्ण भूमिकाएं मिलीं। वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की सीईओ रह चुकी हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उनके प्रमुख कामों में शामिल रही। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के तौर पर भी काम किया है।

आउटसोर्सिंग से लेकर रोजगार की सुरक्षा तक उठेंगे सवाल, भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रव्यापी ज्ञापन अभियान

# 17 को इंदौर में श्रमिक शक्ति का प्रदर्शन

## कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगा मजदूरों का हुजूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

**श्रमिकों की आवाज शासन तक पहुंचाई जाएगी**

श्रमिकों के अधिकार, रोजगार की सुरक्षा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था से जुड़ी मांगों को लेकर 17 अगस्त को इंदौर में भारतीय मजदूर संघ अपनी ताकत दिखाएगा। अखिल भारतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय पर होने वाला यह अभियान महज ज्ञापन देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दोपहर 1 बजे रैली और प्रदर्शन के जरिए श्रमिकों की सामूहिक आवाज शासन तक पहुंचाई जाएगी।

इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष आउटसोर्स कर्मचारियों की स्थिति और उनके भविष्य की सुरक्षा को लेकर उठाई जा रही मांगें हैं। भारतीय मजदूर संघ का जोर आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका एवं अनावश्यक आउटसोर्स व्यवस्था पर रोक लगाने तथा कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाने पर है। संगठन का मानना है कि इससे कर्मचारियों के भुगतान में पारदर्शिता के साथ बिचौलिया व्यवस्था पर भी अंकुश लगेगा।



अभियान में रोजगार की गारंटी, न्यूनतम वेतन में वृद्धि, समय पर वेतन भुगतान और समान कार्य के लिए समान वेतन जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए जाएंगे। इसके साथ ईएसआई, पीएफ, बोनस, ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षित कार्य वातावरण जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी मांगों को भी शासन के सामने रखा जाएगा।

### एक मंच पर कई वर्गों को जुटाने की तैयारी

भारतीय मजदूर संघ ने अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए अपने संबद्ध विभिन्न यूनियनों और महासंघों के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकताओं, नगर निगम कर्मचारियों, शासकीय-अर्धशासकीय कर्मचारियों, पंचायत कर्मचारियों, बिजली, बैंक, बीमा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और पदाधिकारियों से बड़ी संख्या में भागीदारी का आह्वान किया है। ऐसे में 17 अगस्त का कार्यक्रम किसी एक विभाग की मांगों के बजाय अलग-अलग श्रमिक वर्गों की साझा समस्याओं को एक मंच पर लाने वाला अभियान बनता दिखाई दे रहा है। महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों में समयानुसार वृद्धि तथा श्रम कानूनों के प्रभावी और निष्पक्ष क्रियान्वयन की मांग भी ज्ञापन में शामिल रहेगी।

### ज्ञापन से पहले रैली, फिर शासन तक पहुंचेगी आवाज

भारतीय मजदूर संघ इंदौर जिला के जिला मंत्री हेमराज जारवाल ने सभी संबद्ध संगठनों, यूनियनों, महासंघों, पदाधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। रैली एवं प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 17 अगस्त, दोपहर 1 बजे, जिला मुख्यालय इंदौर पर होने वाले इस आयोजन को लेकर अब नजर इस बात पर रहेगी कि विभिन्न विभागों के कर्मचारी और श्रमिक संगठन कितनी संख्या में एकजुट होकर अपनी मांगों की आवाज बुलंद करते हैं।

## किस्मत, वसीयत भगवान और हाथ की लकीरों पर विश्वास मत करना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

है युवाओं! तुम्हारे माता-पिता के पास खूब संपदा हो लेकिन तुम्हारी किस्मत में नहीं होगी तो नहीं मिलेगी। राजा के यहां जन्म लेने वाला बालक जरूरी नहीं कि राजा ही बनेगा। किस्मत का खेल

देखो की कहां तो अयोध्या नरेश दशरथ पुत्र श्री राम का कल सुबह राजतिलक होने वाला था, लेकिन बीच में रात, कल की क्या बात? जिसे रात गुजरने के बाद सुबह अयोध्या का राजा बनना था वह सूर्योदय के पूर्व वनवासी बन गया। इसलिए इंदौरी भव्य आत्माओं कभी भी ना तो अपनी किस्मत पर, ना मां बाप दादा की संपत्ति, वसीयत, एवं भगवान और अपने हाथ की लकीरों पर भी विश्वास मत करना। विश्वास ही करना है तो अपने पुरुषार्थ, कर्म, और स्वयं की मेहनत से बहाए पसीने पर करना। यह उद्गार मंगलवार को ,श्रमण संस्कृति के महाश्रमण मुनिपुंगव सुधा सागर जी महाराज ने दलाल बाग मे आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव ने कहा कि पुरुषार्थ और पसीने में आपके हाथ की लकीरों को बदलने की ताकत है। किस्मत और भाग्य के भरोसे मत रहना और मां जिनवाणी, आगम, धर्म, पुरुषार्थ और कर्म पर विश्वास करना। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दादू ने बताया कि चरित्र की चर्चा करते हुए जगत पूज्य ने कहा कि घर में रहने वाले लोगों का चरित्र कैसा है यह घर के दीवारों पर टंगे चित्रों से पता चल जाता है। चित्र से आपके अंतरंग की दशा का पता चल जाता है कि आपका मन और चरित्र कैसा है? कभी-कभी बच्चों के मोबाइल को भी देख लिया करो ताकि तुम्हें भी पता चल सके कि मोबाइल में कैसे कैसे चित्र डले हैं? जिस प्रकार स्नान ग्रह गंदगी धोने के लिए हैं इस प्रकार मंदिर, अभिषेक, शांति धारा, प्रवचन, णमोकार की जाप, भक्तांबर पाठ और चातुर्मास भी आपके पाप कर्म और मन की कलुषता को धोने के लिए हैं।

उज्जैन की बेटियों ने रचा इतिहास

# नेपाल में चीन को हराकर बैडमिंटन इंटरनेशनल डबल्स में जीता गोल्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता में चीन को हराकर गोल्ड अपने नाम किया है। पिछले 5 दिनों से नेपाल में चल रही इस इंटरनेशनल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सोमवार रात भारत की जीत हुई। इसमें उज्जैन की खिलाड़ियों ने गोल्ड खिताब जीता है।

खेलो इंडिया के तहत सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में तराना में रहने वाली विधि शर्मा और उज्जैन में रहने वाली उत्कर्षा पाल का चयन हुआ था। वैसे तो दोनों खिलाड़ी बैडमिंटन की नेशनल प्रतियोगिताओं में कई खिताब जीत चुकी हैं, लेकिन इस बार उनका चयन नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल टूनामेंट के लिए हुआ था। इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने पहले क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया को हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में मलेशिया और फाइनल में चीन की टीम को हराकर गोल्ड अपने नाम कर लिया।

इंटरनेशनल बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाली विधि शर्मा ने बताया कि इंडो-नेपाल इंटरनेशनल टूनार्मेंट 7 अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित किया गया। इसमें 25 देशों की टीमों ने भाग लिया। बताया जाता है कि विधि शर्मा और उत्कर्षा पाल दोनों ही सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में योग से एमए कर रही हैं। बैडमिंटन में दोनों की शुरूआत से ही रुचि रही है और वे कई बार यूनिवर्सिटी की ओर से नेशनल गेम भी खेल चुकी हैं। विधि शर्मा ने बताया कि इंडो-नेपाल इंटरनेशनल टूनार्मेंट के लिए दिल्ली में खेलो इंडिया के तहत उनका चयन हुआ था। इसके बाद से ही उन्होंने ओपन टूनार्मेंट खेला।

## केन्द्रीय जेल इंदौर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्रावण मास के पावन अवसर पर केन्द्रीय जेल इंदौर में स्थापित शिवलिंग के पंचम वर्ष के उपलक्ष्य में आज सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के महानिदेशक श्री वरुण कपूर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल इंदौर के मुख्य द्वार पर जेल अधीक्षक श्री दिनेश नरगावे एवं जेल अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि श्री वरुण कपूर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात केन्द्रीय जेल के मुख्य सभागृह में श्री वरुण कपूर ने प्रथम पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया। महायज्ञ के मुख्य शिवलिंग निर्माण का संकल्प मुख्य यजमान दंपती श्री वरुण कपूर एवं श्रीमती सोम्या कपूर द्वारा लिया गया। शिव स्त्रोत, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

शस्त्र लाइसेंस केस में पूछताछ

# लव जिहाद के आरोपी अनवर कादरी को जम्मू कश्मीर लेकर गई पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस के पूर्व पार्षद अनवर कादरी से जुड़े विवादित शस्त्र लाइसेंस प्रकरण में स्थानीय पुलिस प्रशासन ने छानबीन का दायरा बढ़ा दिया है। सदर बाजार पुलिस स्टेशन की एक विशेष जांच टीम आरोपी अनवर कादरी को साथ लेकर जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गई है।

पुलिस टीम द्वारा मुख्य रूप से कठुआ जिले पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जहां से आरोपी द्वारा यह शस्त्र लाइसेंस संदिग्ध रूप से जारी कराया गया था। जांच अधिकारी इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि लाइसेंस स्वीकृत किए जाने के दौरान किन आधिकारिक प्रक्रियाओं का



पालन किया गया था और इसमें किन स्थानीय व्यक्तियों अथवा बिचौलियों की संलिप्तता थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार भिश्ती मोहल्ला निवासी अनवर के खिलाफ सितंबर 2023 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। उसने अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी छिपाकर वर्ष 2007 में फर्जी दस्तावेजों से जम्मू और कश्मीर के कठुआ से 12 बोर बंदूक का लाइसेंस बनवाया था। इसके बाद वर्ष 2012 में उसने रिवॉल्वर का लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया। पुलिस द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रशासन से जानकारी मांगने पर इसका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं मिला। अनवर ने खुद को ठेकेदार बताकर और जान का खतरा दिखाकर यह लाइसेंस हासिल किया था। वह चुनाव और आचार संहिता के समय इस लाइसेंस को थाने में जमा भी कराता था।

# विदिशा-भोपाल फोरलेन को मंजूरी, इछावर में बनेगा सोयाबीन रिसर्च सेंटर


दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में विकास, सड़क, कृषि, पुलिस और पर्यटन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। बैठक के बाद मंत्री उदय प्रताप सिंह ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल से विदिशा मार्ग को दो लेन से बढ़ाकर चार लेन किया जाएगा।

इसके साथ ही इछावर के औरखेड़ी में सोयाबीन अनुसंधान के लिए जमीन निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने बताया कि भोपाल से विदिशा मार्ग को चार लेन करने की परियोजना की लागत पहले 1467 करोड़ रुपये थी, जिसे बढ़ाकर करीब 1617 करोड़ रुपये किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के लिए नवीन मल्टीप्लिकेशन फैक्टर की लागत में करीब 140 करोड़ रुपये की वृद्धि के बाद परियोजना की कुल स्वीकृत लागत लगभग 1757 करोड़ रुपये हो गई है। सड़क के साथ शोल्डर का निर्माण भी किया जाएगा। यह परियोजना 17 वर्ष की होगी। सरकार का मानना है कि भोपाल और विदिशा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी से दोनों शहरों के साथ आसपास के क्षेत्रों को भी बाजार मिलेगा। इससे उद्योग, होटल और लॉजिस्टिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### भोपाल को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की तैयारी

सरकार भोपाल को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। इसके तहत भोपाल को आसपास के शहरों से बेहतर तरीके से जोड़ा जाएगा। विदिशा को भी बेहतर सड़क संपर्क देने की योजना है। मंत्री ने बताया कि भोपाल बायपास से दो वर्षों में करीब 145.87 करोड़ रुपये का टोल संग्रह हुआ है। औसतन करीब 77 करोड़ रुपये सालाना टोल वसूला गया। कैबिनेट ने टोल संग्रह की अनुमति 19 जुलाई 2026 से 31 दिसंबर 2031 तक यानी करीब पांच साल के लिए दी है।



### इछावर में बनेगा सोयाबीन रिसर्च सेंटर

सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए सरकार इछावर के औरखेड़ी में अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च को भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। यहां सोयाबीन पर शोध के साथ किसानों को नई तकनीक और उत्पादन से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों को अनुसंधान का सीधा लाभ पहुंचाना है। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग में 27,500 से अधिक पदोन्नतियां की गई हैं। इसके अलावा औद्योगिक सुरक्षा बल की पहली इकाई खंडवा में स्थापित की जाएगी। इसके लिए पुलिस बटालियन बनाने की भी तैयारी है।

### तीन बायपास भी बनेंगे

परियोजना में कुल 8.25 किलोमीटर लंबाई के तीन बायपास बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इससे आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों का दबाव कम होगा और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी घटेगी। परियोजना की लागत पहले 1467.42 करोड़ रुपए स्वीकृत हुई थी। बाद में यह बढ़कर 1617.04 करोड़ रुपए हुई। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि अधिग्रहण के लिए करीब 140 करोड़ रुपए अतिरिक्त लगने के बाद कुल लागत 1757.55 करोड़ रुपए हो गई।

## न्यूज कालम




## सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट में बालिका टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**मंडलेश्वर।** सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने पायोनियर पब्लिक स्कूल, राजा राम नगर, जिला देवास (मध्यप्रदेश) में आयोजित सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ टीम ने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।प्रतियोगिता के दौरान टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस सफलता में कोच कार्तिक अम्बेकर के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार, प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल पाटीदार एवं उप-प्राचार्य संजय वर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। सांदीपनी एकेडमी की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

## माता बगलामुखी मंदिर के समीप फैली गंदगी को तुरंत हटाया जावे



**जावरा ।** माँ बगलामुखी प्रांगण के सामने बहते गंदे नाले में पसरी गंदगी और कचरे को तुरंत हटाया जाए । सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल गांगले ने माँ बगलामुखी के दर्शन कर बताया कि माँ बगलामुखी का शक्ति पीठ मंदिर अति प्राचीन काल से विराजमान है । माताजी पूजन का यह अति पवित्र और प्रसिद्धी प्राप्त स्थान हजारो वर्षों पुराना है । पांडवों के यहां पर आने और माता बगला मुखी की आराधना और हवन करने के पश्चात? ही महाभारत महायुद्ध में विजय श्री प्राप्त हुई थी। इसलिये यहां पर दूर दूर से श्रद्धालू मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए एवं समस्याओं के समाधान हेतु आते हैं । यहां प्रतिदिन आने जाने वाले श्रद्धालुओं का हमेशा जमघट लगा रहता है। डॉ. गांगले ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि माताजी के मंदिर के सामने से सटे हुए बहते नाले में पसरी गंदगी और कचरा फेंकने से एवं बहकर आते कचरे से आने जाने वाले श्रद्धालू बेहद परेशान हैं । बहते नाले के दोनों किनारों पर गंदगी और कचरा पसरा हुआ है। जिस पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं गया है ।श्रद्धालू माताजी के पूजन और दर्शन लाभ लेने के लिए इस नाले के ऊपर बनी पुलिया से ही मंदिर में आते जाते हैं । तुरंत स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार लोगों द्वारा नाले के दोनों किनारों पर पसरी गंदगी और कचरे को हटाया जाना चाहिए और तुरंत स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए।

## कटे–फटे होंठ व तालू के 12 मरीजों का चयन, 8 नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु कोटा रवाना



**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर, अमेरिकन बिलगेट्स फाउंडेशन एवं दिव्य आलोक हॉस्पिटल (कोटा) के संयुक्त तत्वावधान में कटे-फटे होंठ एवं तालू की समस्या से ग्रस्त मरीजों के लिए निःशुल्क शल्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन डॉ. एस.एम. जैन चिकित्सालय में किया गया। क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी और सचिव संजय जैन श्वेता ने बताया कि रोटरी क्लब वर्ष 1947 से लगातार स्माइल ट्रेन प्रोग्राम चला रहा है, जिसके तहत अब तक 4 हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराया जा चुका है। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एस.एम. जैन ने बताया कि शिविर में दिव्य आलोक हॉस्पिटल कोटा के डॉ. हरिओम एवं उनकी टीम ने 12 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें शल्य चिकित्सा के लिए उपयुक्त पाया। इनमें से 8 मरीजों को तत्काल निरूशुल्क ऑपरेशन के लिए शिविर स्थल से ही कोटा रवाना किया गया। मरीजों और उनके एक अटेंडेंट के आने-जाने, रहने व भोजन का संपूर्ण खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया जा रहा है, जबकि पैथोलॉजी जांचें महावीर इंटरनेशनल लैब में निःशुल्क की गईं।

## लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया जिला जेल का अध्ययन भ्रमण




**मन्दसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के 25 स्वयंसेवकों ने पैरा लीगल वालंटियर प्रोग्राम के तहत मंदसौर जिला जेल का अध्ययन भ्रमण किया। इस दौरान कानून के विद्यार्थियों ने जेल की कार्यप्रणाली, बंदियों की स्थिति और उपलब्ध व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया।भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक वाई.के. मांझी ने विद्यार्थियों को जेल के नियमों, मानवाधिकारों के क्रियान्वयन और सुधारात्मक व्यवस्थाओं से विस्तार से अवगत कराया। इस शैक्षणिक आयोजन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार पाटीदार, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कौशिक, सहायक प्राध्यापक प्रो. चंचल शर्मा, डॉ. रुचि कुंवर देवड़ा, प्रो. प्रवीण कुमार चौधरी सहित लीगल एड डिफेंस कौंसिल के प्रमोद मेनारिया एवं सुनील बड़ोदिया उपस्थित रहे।

# आलोट में लाउडस्पीकर के शोर से जनता परेशान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट

नगर के विभिन्न वार्डों, गलियों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर इन दिनों हाथ ठेले फल-फ्रूट विक्रेताओं द्वारा लगाए गए तेज आवाज वाले माइक और लाउडस्पीकर आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक हाथ ठेला गाड़ियों पर सब्जी एवं फल विक्रेता तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाते हैं, जिससे आम जन एवं स्थानीय दुकानदार खासी परेशान हैं।

माही नगर में आए दिन किसी न किसी प्रोडक्ट का विज्ञापन, नेताओं के बधाई संदेश या धार्मिक आयोजनों की सूचना देने के लिए रिक्शा पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर घुमाया जाता है।



**क्या है समस्या**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई विक्रेताओं ने अपने ठेलों पर छोटे माइक के साथ ऊंची आवाज के स्पीकर फिट कर रखे हैं। बिना किसी समय सीमा के पूरे दिन फल-फ्रूट विक्रेता शोर कर रहे हैं, जिससे मोहल्लों में शोर का स्तर काफी बढ़ गया है। अस्पताल और स्कूल के आसपास भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है।

**वार्डवासियों ने प्रशासन से निम्न मांगें की हैं:**

तुरंत रोक : हाथ ठेला विक्रेताओं द्वारा लाउडस्पीकर और माइक के उपयोग पर तुरंत रोक लगाई जाए।

डेसिबल सीमा तय हो : नगर में ध्वनि की अधिकतम डेसिबल सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

कड़ी कार्रवाई : नियम तोड़ने वाले विक्रेताओं पर नियमानुसार चालान और जब्ती की कार्रवाई की जाए।

समय तय हो : फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए आवाज की सीमा और प्रचार का समय तय किया जाए, ताकि रोजगार भी प्रभावित न हो और आमजन को शांति भी मिले।

**प्रशासन का रुख**

इस मामले में अभी तक आलोट प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। नागरिकों ने प्रशासन और नगर पालिका से हस्तक्षेप कर जल्द ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## रिमझिम बारिश में निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे भारत माता की जय के नारे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर,

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत मंगलवार को शहर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। रिमझिम बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। तिरंगा यात्रा कमल टॉकीज चौराहा से शुरू हुई। यह यात्रा गांधी चौक, सुभाष चौक, इकबाल चौक, जयस्तंभ और शिवकुमार सिंह चौराहा होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी और पुनः कमल टॉकीज चौराहा पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सहभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाए। देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो गया। मार्ग में जगह-जगह रहवासियों ने तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में विधायक अर्चना चिटनिस, महापौर माधुरी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। इसके साथ ही कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के सदस्य, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भी यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य जिले के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना से जोड़ना था।

## खकनार पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार तस्कर, 13 देसी पिस्टल और 45 कारतूस जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले की खकनार पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़वानी जिले के ओझर नागलवाड़ी से हथियार खरीदने आया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने साईंबाबा स्कूल के पीछे दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। उसके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान शक्ति सिंह पिता बादल सिंह पटवा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 13 हाथ से बनी देसी पिस्टल, 1 खाली मैगजीन, 45 जिंदा कारतूस और 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 4.72 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे 2 दिन की रिमांड पर लिया है।

एएसपी शेंडे ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी ने ये हथियार कहां से खरीदे थे और इन्हें आगे कहां पहुंचाना था। पूछताछ के जरिए अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े दूसरे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी अकेले तस्करी कर रहा था या उसके साथ कोई और लोग भी जुड़े हुए हैं।पुलिस के लिए इस कार्रवाई में 45 जिंदा कारतूस मिलना खास बात है। आमतौर पर कार्रवाई के दौरान इतनी बड़ी संख्या में कारतूस बरामद नहीं होते। इतनी संख्या में कारतूस मिलने के बाद हथियारों की सप्लाई और उनके संभावित इस्तेमाल को लेकर भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी के कुछ रिश्तेदार खकनार क्षेत्र के पाचोरी और आसपास के इलाकों में रहते हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी इन्हीं रिश्तेदारों के माध्यम से क्षेत्र में संपर्क बनाकर अवैध हथियार खरीदने या उनकी सप्लाई करने की कोशिश कर रहा था।



### पेड़ के नीचे हथियार लेकर बैठा था आरोपी

मंगलवार दोपहर 3 बजे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी प्रदीप शेंडे ने कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खकनार थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि साईंबाबा स्कूल के पीछे एक पेड़ के नीचे एक व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ बैठा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



## घर में घुसकर आभूषण एवं नगदी चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

जनता कॉलोनी में मकान की छत के रास्ते से घर में घुसकर दरवाजे का नकूचा तोड़कर आभूषण एवं नगदी 50 हजार चुराकर अज्ञात चोर ले गए ।इसकी रिपोर्ट 39 31 जुलाई दरम्यान चोरी होने की रिपोर्ट शहर पुलिस थाने पर कि फरियादी शेख मोहम्मद ने की थी ।पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी अमित कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सीएस पी एवं शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई को उक्त चोरी के आरोपी का पता लगाने हेतु निर्देशित किया। शहर थाना पुलिस टीम ने तुरंत सीसीटीवी कैमरा एवं तकनीकी संसाधनों की सहायता से चोरी करने वाले आरोपी अब्बास अली पिता अहमद अली निवासी महरपुरा, शरीफ उर्फ शब्बू पिता वकील मेंव, निवासी पठान टोली एवं आलीशान पिता मोहम्मद यूसुफ पठान निवासी हाथी खाना जावरा को गिरफ्तार किया तथा घटना में उपयोग किया गया इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा भी जब्त किया ।आरोपियों से चोरी गए आभूषणों में सोने की चैन अंगूठी पेंडल पायल जिसकी कीमत करीब 2 लाख 25 हजार एवं नगदी 12 हजार बरामद किए । इनकी गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में शामिल थाना प्रभारी मंडलोई ,उप निरीक्षक राकेश मेहरा, सगीर खान, प्रधान आरक्षक जाकिर हुसैन, मृदंग सातपुते ,जगदीश चंद, राजेश पवार ,नारायण सिंह ,चैन राम पाटीदार, चंद्रशेखर ,संदीप, रंजीत ,महिपाल सिंह आदि की सरहनीय भूमिका रही।

## यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बड़वानी।** बालिका नर्सिंग कॉलेज, ग्राम केरवा में छात्राओं को साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं महिला संबंधी अपराधों से बचाव की दी जानकारी। दिनांक 10 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में थाना ठीकरी पुलिस द्वारा थाना ठीकरी क्षेत्र अंतर्गत बालिका नर्सिंग कॉलेज, ग्राम केरवा में छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा, महिला संबंधी अपराध, कानूनी अधिकार, हेल्पलाइन एवं यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक विकास बेनल, उपनिरीक्षक पूजा मोरे एवं महिला आरक्षक सुधा राजावत द्वारा छात्राओं को आवश्यक सुरक्षा उपायों एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जानकारी दी गई। छात्राओं ने कार्यक्रम में गहरी रुचि दिखाते हुए अपनी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री से मिली अर्चना चिटनिस, बुरहानपुर के विकास के मुद्दों पर चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर बुरहानपुर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बुरहानपुर में निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन, सड़कों के लिए बजट बढ़ाना, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में उद्यानिकी फसलों को शामिल करना और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की। उन्होंने योजना के अंतर्गत उद्यानिकी फसलों, विशेषकर केले का बीमा लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर की कृषि अर्थव्यवस्था में उद्यानिकी फसलों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके, इसके लिए उद्यानिकी फसलों को योजना का लाभ जल्द उपलब्ध कराना आवश्यक है।



अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री से निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तिथि शीघ्र निश्चित कर बुरहानपुर में आयोजन करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने अपने पिछले बुरहानपुर प्रवास के दौरान इसकी घोषणा की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं से अवगत कराया। कहा कि कृषि और उद्यानिकी आधारित उद्योग, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, शुगर और एथेनॉल जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। कॉन्क्लेव से क्षेत्र में निवेश, उद्योगों का विस्तार और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।




## महाकाल मंदिर महिला समिति ने निकाली विशाल कावड़ यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कचहरी रोड स्थित महाकाल मंदिर महिला समिति द्वारा लगातार चौथे वर्ष विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। श्रद्धालु राजघाट से नर्मदा जल लेकर कावड़ यात्रा के रूप में नगर पहुंचे।

कावड़ यात्रा के दौरान सर्वप्रथम भगवान सिद्धेश्वर महादेव का नर्मदा जल से जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने कचहरी रोड स्थित महाकाल महाराज का भी नर्मदा जल से अभिषेक कर विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ कावड़ यात्रा पूर्ण की।

सोम-प्रदोष के पावन अवसर पर महाकाल मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ बालिकाओं ने भी उत्साह एवं श्रद्धाभाव से सहभागिता करते हुए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भगवान शिव के जयकारों और भक्ति भाव से वातावरण शिवमय हो गया।

## साप्ताहिक जनसुनवाई में 87 आवेदनों पर हुई सुनवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर कार्यालय रतलाम में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में प्राप्त निराकरण योग्य प्रकरणों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से समाधान कराया गया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान अशोक नगर निवासी श्रीमती यास्मीन ने अपने पुत्र के विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम सीखेड़ी निवासी श्रीमती देव कुंवर ने अपने पति की मृत्यु के पश्चात मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत कराने हेतु आवेदन दिया। इस प्रकरण के निराकरण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रतलाम को निर्देशित किया गया। ग्राम कलालिया निवासी श्री जगदीशनाथ ने भूमि अभिलेखों में पिता के नाम के संशोधन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस प्रकरण पर आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जावरा को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित राजस्व, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पंचायत तथा अन्य नागरिक समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## किलेश्वर महादेव की 17 अगस्त को शाही सवारी को लेकर तैयारी जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नीमच शहर में गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उज्जैन महाकाल की तर्ज पर किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी 17 अगस्त को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। सवारी मार्ग सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बन गया है। समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा गंगानगर के सानिध्य में प्रमुख चौराहों और मार्गों पर आकर्षक पोस्टर एवं बैनर लगाए गए हैं। आयोजन समिति शाही सवारी को भव्य दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है। सवारी में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। नीमच राजा किलेश्वर महादेव की शाही सवारी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का माहौल है। गत वर्ष भी किलेश्वर महादेव जी शाही सवारी शाम के समय निकाली और देर रात तक शहर मैं भ्रमण कर राजा श्री किलेश्वर महादेव ने प्रजा का हाल जान निकले थे द्य इस भव्य सवारी निकलने का इस बार भी 17 अगस्त को किया जावेगा।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आचार्य समयसागर जी महाराज के किए दर्शन



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश सरकार में केबीनेट नगरीय प्रशासन मंत्री *श्री कैलाश विजयवर्गीय जी आज भोपाल में विराजमान चातुर्मास रत श्रमण संस्कृति के महाश्रमण परम पूज्य नवाचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज संसघ के दर्शन करने पहुंचे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि दर्शन के दौरान मंत्री जी ने आचार्य श्री के श्रीचरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने अपने मुख एवं भक्तिभाव से "ॐ नमः शिवाय" भजन गुरुदेव को सुनाकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की। एवं प्रदेश की खुशहाली समृद्धि की कामना की। आचार्य श्री ने भी उन्हें जनसेवा के कार्यों में सफलता का आशीर्वाद प्रदान किया।

## अवैध खनिज परिवहन पर कलेक्टर की सख्ती, वाहन मालिक पर जुर्माना लगाया

**नीमच।** जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत एक प्रकरण में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन मालिक पर एक लाख 6 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई। जिला खनिज अधिकारी के अनुसार 31 जुलाई को तहसील मनासा के ग्राम रामपुरा रोड मनासा में जांच के दौरान डम्पर से मुरूम का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। प्रकरण में वाहन मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। प्रकरण में रॉयल्टी की 15 गुना राशि 6 हजार रुपये तथा एक लाख पर्यावरण क्षतिपूर्ति सहित कुल 1 लाख 6 हजार की शास्ति की गई।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

संख्या : W/623/5/1/NIT दिनांक: 10.08.2026

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल कार्यालय, रतलाम कार्यालय (कार्या शाखा), पश्चिम रेलवे रतनाम की ओर से निम्ननिश्चित कार्य के लिए "खुली-निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर करते हैं। विवरण इस प्रकार है। ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-78. कार्य का नाम: Ranayala Jasmiya (RCJ) Station: Provision of EI SYETM AT Left Over PI STATIONS in Dewas-Maksi Section. अनुमानित लागत: रु 1,21,49,262.57. बयाना राशी: रु 2,43,000/-. कार्य की समापन अवधि: 10 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 10.08.2026. निविदा खुलने की तिथि: 03.09.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है। AK/5/1/199

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### स्ट्रीट डॉग ने काटा मजदूर के हाथ का अंगूठा

**उज्जैन।** हाटकेश्वर कालोनी में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी करने वाला बबलू पिता हीरालाल मंगलवार सुबह अपनी झोपडी में बैठा था उसी दौरान स्ट्रीट डॉग अंदर आ गया। मजदूर बबलू ने उसे भगाने का प्रयास किया तभी स्ट्रीट डॉग ने उसके हाथ का अंगूठा मुंह में दबा लिया। बबलू हाथ छुडा पाता उससे पहले स्ट्रीट डॉग ने उसका अंगूठा दांतों से काट लिया था। गहरा जख्म होने पर बबलू को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर जितेन्द्र शर्मा द्वारा जख्मी अंगूठे का परीक्षण कर रैबिज वैक्सीन का डोज लगवाया और उपचार के लिये भर्ती किया। मजदूर के साथ हुई घटना के कुछ देर बाद ही हाटकेश्वर कालोनी के रहने वाले मांगीलाल पिता रामचंद्र खत्री 55 साल पर स्ट्रीट डॉग ने हमला किया और हाथ पर काट लिया। मांगीलाल गिर पडे थे, जिससे उनके दूसरे हाथ में कलाई में फैक्चर हो गया। परिजन उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मांगीलाल खत्री ने बताया कि वह पोते को स्कूल बस में बैठाकर वापस घर लौट रहे थे, उसी दौरान स्ट्रीट डॉग ने हमला किया। मांगीलाल खत्री को भी डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

### ट्रेन में मिली बालिका को जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

**उज्जैन।** अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस में 9 अगस्त को स्लीपर कोच में 17 साल की बालिका अकेली यात्रा कर रही थी। ट्रेन में सवार यात्री ने बालिका से पूछताछ की तो उसने घर से बिना बताये आना बताया। यात्री ने बालिका की सूचना रेलवे पुलिस को दी। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बालिका का सुरक्षित दस्तयाब किया। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने आरपीएफ महिला आरक्षक सुरेखा, निकिता चौबे और जीआरपी महिला आरक्षक शिल्पा के माध्यम से बालिका की जानकारी जुटाई। बालिका ने बताया कि वह कक्षा 11 वीं की छात्रा है और ब्यूटी पार्लर में काम करती है। माता-पिता के बीच विवाद होने पर वह नाराज होकर घर से बिना बताये स्टेशन पहुंची थी, पहली ट्रेन मिलने पर उसमें सवार हो गई थी। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि बालिका झारखंड के धनबाद की रहने वाली थी। उसके परिजनों से संपर्क किया, जो झारखंड से सीधी उज्जैन की ट्रेन नहीं होने पर ग्वालियर पहुंचे और वहां से 2 दिन बाद मंगलवार को उज्जैन आये। पिता ने बताया कि वह आटो चलाने का काम करते है। बालिका के लापता होने पर उसकी तलाश की जा रही थी। स्थानीय पुलिस को भी लापता होने पर अवगत कराया था। जीआरपी थाना प्रभारी ने परिजनों को समझाईश दी और बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया।

### मालीपुरा सब्जी मंडी में रात 12 बजे कारों की भिड़ंत

**उज्जैन।** मालीपुरा से दौलतगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर लगने वाली सब्जी मंडी में रात 12 बजे 2 कारों की भिडत हो गई। एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसके चालक को चोंट लगी। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार के घायल चालक ओम पिता भगवानसिंह भदौरिया निवासी पुलिस लाइन की शिकायत पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद घायल कार चालक उपचार के लिये चला गया था, जो पुलिसकर्मी होना बताया जा रहा है। उपचार के बाद उसके बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### बारिश के बीच तापमान में 2.7 डिग्री का अंतर

**उज्जैन।** रविवार रात से शुरू हुई बारिश के बाद मंगलवार को दिनभर रिमझिम का दौर बना रहा। 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। इस बीच दिन-रात के तापमान में 2.7 डिग्री का अंतर रह गया। शासकीय वेधशाला पर अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम 22.8 डिग्री रहा था। वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि तापमान में आई गिरावट के साथ ही सुबह की आर्द्रता 91 और शाम की 95 प्रतिशत रही। अब तक 583 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी है। तेज बारिश के लिये शहरवासियों को इंतजार करना पड सकता है।

### उधार दिये रूपये मांगने पर जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम उपडी राव में रहने वाले गब्बर पिता मानसिंह बागरी ने कुछ माह पहले गांव में रहने वाले परिचित को कुछ माह पहले रूपये उधार दिये थे। सोमवार को गब्बर ने उधार दिये रूपये लौटाने के लिये कहा तो परिचित ने ग्राम के तालाब के पास गब्बर और उसके अंकल राजेश बागरी के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। मामले में कायथा पुलिस ने गब्बर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जाति सूचक शब्द करने पर एसटी/एससी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 459-8 | 227-1 |
| मेन बाजार | 458-7 | 500-5 |
| कल्याण नाइट | 480-2 | 790-6 |
| मिलन डे | 357-5 | 699-4 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 348-5 |
| मधुर डे | 266-4 | 700-7 |
| मधुर नाइट | 249-5 | 118-0 |
| शुभांक | 3 6 | 5 |

# चाकू के साथ गिरफ्त में आया आरोपी निकला चोर

## चार दिन पहले भानेज की चुराई थी ट्राली, ट्रेक्टर भी किया बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने हिरासत में लिया तो उसने पूछताछ में ट्राली चोरी करना भी कबूल कर लिया। ट्राली उसके भानेज की थी, जिसका प्रकरण 7 अगस्त को दर्ज किया गया था।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि वाकणकर ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे और आरक्षक लोकेश प्रजापत को धरपकड के लिये रवाना किया गया था। ब्रिज के पास से गणेश पिता नारायण माली 45 साल निवासी ग्राम जैथल थाना घट्टिया को हिरासत में लिया गया और चाकू बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया और अपराधिक रिकार्ड देखा गया तो पूर्व में भी 2 अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आये। आरोपी से अन्य अपराधों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो उसने 6-7 अगस्त की रात सांवराखेडी स्थित खेत से ट्राली चोरी करना कबूल किया और बताया कि खुद का ट्रेक्टर लेकर गया था और ट्राली चोरी की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की ट्राली कच्चा मसान क्षेत्र से जब्त कर चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर बरामद किया। मंगलवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां आर्म्स एक्ट और चोरी के मामले में जेल भेजा गया है।

### ट्राली मालिक का मामा लगता है आरोपी

प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने बताया कि ट्राली चोरी की शिकायत अर्पित माली निवासी जयसिंहपुरा द्वारा दर्ज कराई गई और बताया था कि उसने खेत पर ट्राली खडी की थी, 7 अगस्त की सुबह खेत जाने पर ट्राली गायब मिली थी। चाकू के साथ गिरफ्त में आये आरोपी से ट्राली चोरी का खुलासा होने पर अर्पित माली थाने पहुंचा था, उसने आरोपी को अपने मामा के रूप में पहचान लिया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसका भानेज से पुराना विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते उसने भानेज की ट्रॉली चोरी की थी।

### मादक पदार्थ के आरोपी को भेजा इंदौर जेल

नशे के खिलाफ जारी अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपी जितेन्द्र उर्फ मोडा पिता रामभरोसे मोर्य निवासी हाटकेश्वर कालोनी के खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि आरोपी सालभर की पैरोल पर था, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई जा रही थी। जिसके चलते आयुक्त महोदय के आदेश पर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुये गिरफ्तार कर इंदौर केन्द्रीय जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण दर्ज है।

## गिरफ्त में आये चोरी का सामान बेचने निकले आरोपी



**उज्जैन।** सात दिन पहले हुई चोरी की वारदात के बाद 3 आरोपी आभूषण बेचने की फिराक में निकले थे। मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने हिरासत में लिया तो उनकी निशानदेही पर आभूषण और घरेलू सामान बरामद हो गया। आरोपी ने एक नाबालिग शामिल है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि 3 अगस्त को ग्रेसिम की एक्स व्हाय झेड कालोनी में रहने वाले अनिल कुमार पिता धमनाप्रसाद प्रजापत 54 साल ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अप्रैल माह में स्वास्थ्य खराब होने पर जनसेवा अस्पताल गये थे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हे रैफर कर दिया था। वह उपचार के लिये लखनऊ गये हुये थे। जहां से 3 माह बाद वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला। बदमाशों ने उनके घर से सोने की अंगुठी, चांदी की पायल, गैस टंकी, कुलर और अन्य घरेलू सामान चोरी किया है। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ए) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। बदमाशों का पता लगाने के लिये एएसआई भुरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गणेश पाल, महेश परमाल, दिनेश मुनिया, श्रद्धा परिहार, अफरोज बी की टीम गठित की गई। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किये गये। सोमवार देर शाम मुखबीर से सूचना मिली कि 3 युवक आभूषण बेचने की फिराक में घूम रहे है। शंका के आधार पर तीनों की धरपकड के लिये घेराबंदी की गई और शासकीय शौचालय के पास से तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से कुछ आभूषण मिलने पर पूछताछ के लिये थाने लाया गया। जहां उनके नाम गजानंद उर्फ गज्जु पिता हितेन्द्र साहनी 25 साल, अभिषेक पिता जनार्दनकेवट 21 साल निवासी सी ब्लाक टापरी बिरलाग्राम सामने आये। उनका तीसरा साथी नाबालिग था। तीनों से सख्त पूछताछ करने पर उन्होने सात दिन पहले रात के समय महिनों से सूने पडे मकान चोरी करना कबूल कर लिया। मामले का खुलासा होने पर उनकी निशानदेही पर सोने की अंगुठी, चाँदी की पायल, गैस टंकी, 2 कूकर, तांबे का लोटा और अन्य घरेलू सामान कीमत 80 हजार का बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार गजानंद और अभिषेक को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। नाबालिग आरोपी को वैधानिक कार्यवाही के बाद नोटिस पर रिहा किया गया है।

## रात 2 बजे क्षिप्रा नदी से निकाला युवक का शव

**उज्जैन।** इलेक्ट्रिक दुकान पर काम करने वाला युवक चार दोस्तों के साथ रात डेढ़ बजे क्षिप्रा नदी नहाने पहुंचा था। जलस्तर बडा होने पर वह डूब गया। होमगार्ड सैनिक और तैराक दल की मदद से आधे घंटे बाद उसका शव नदी से बाहर निकाला गया। दोस्तों ने बताया कि रात में क्षिप्रा नहान के बाद महाकाल दर्शन करने वाले थे।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि रात में रामघाट स्थित क्षिप्रा नदी में एक युवक के डूबने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक की तलाश में होमगार्ड सैनिक और तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू कर दी थी। करीब आधे घंटे बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। वह चार दोस्तों के साथ क्षिप्रा नदी पर नहान करने आया था। दोस्तों ने बताया कि डूबा युवक जय पिता राजू सिसौदिया 20 साल निवासी कालापत्थर नानाखेडा का रहने वाला है। दोस्तों ने बताया कि जय नानाखेडा इलेक्ट्रिक दुकान पर काम करता था, पिता पेंटरी करते है। रात में क्षिप्रा स्नान के बाद सभी दोस्त तडके महाकाल मंदिर दर्शन के लिये जाने वाले थे। एएसआई के अनुसार दोस्तों के बयान दर्ज कर मंगलवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जा रहा था कि जय को तैराना नहीं आता था, क्षिप्रा का जलस्तर बडा होने के बाद भी वह सबसे पहले अकेला ही पानी में उतर गया था, पैर फिसलने पर गहराई में चला गया था। परिजनों ने बताया कि जय चार बहनों का एकलौता भाई था। उन्हे दोस्तों पर संदेह था, लेकिन घटनाक्रम स्वयं डूबने का सामने आया।

## महिला ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** बच्चों को स्कूल छोडने के बाद दोपहर में घर लौटी महिला ने दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। परिजनों ने दरवाजा नहीं खुलने पर तोडा, महिला फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि दोपहर में शिव मंदिर के पीछे पंवासा में रहने वाली काजल पति सोनू राठौर 28 साल द्वारा घर में दरवाजा बंद कर फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। परिजनों ने बताया कि काजल दोपहर में अपने दो बच्चों को स्कूल छो?ने गई थी, जहां से लौटकर कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर तोडा गया तो काजल फंदे पर लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम किया। शाम को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि काजल की शादी वर्ष 2015 में हुई थी। पति मजदूरी करता है। उसका मायके भी पंवासा क्षेत्र में है। काजल के भाईयों और पति ने बताया कि काजल पर ऊपरी हवा का साया था। पूर्व में भी फांसी लगाने का प्रयास कर चुकी थी। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

### छात्र ने छात्र पर किया नुकीले पेन से हमला

**उज्जैन।** संत मीरा कांवेंट स्कूल में मंगलवार सुबह छात्र ने छात्र पर नुकीले पेन से हमला कर दिया। छात्र गंभीर घायल हुआ है। घटनाक्रम कक्षा में होना सामने आया, जिसके चलते अन्य छात्रों में दहशत फैल गई थी। खाराकुआं थाना एएसआई अजय माथुर ने बताया कि चरक अस्पताल से दोपहर में खबर मिली थी कि व्यायामशाला की गली में स्थित संत मीरा कांवेंट स्कूल की कक्षा 9 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र दुर्गेश पिता छोटेलाल बागवान 16 साल को घायल हालत में उपचार के लिये लाया गया है। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और जानकारी प्राप्त की। घायल छात्र ने बताया कि उस पर नुकीले पेन से कक्षा में पढने वाले हमउम्र छात्र ने हमला किया है। उससे पूर्व में कहासुनी हुई थी। घटना क्लासरू में उस वक्त हुई जब लंच टाईम हुआ था और शिक्षक मौजूद नहीं थे। एएसआई माथुर के अनुसार हमला करने वाले छात्र की जानकारी स्कूल प्राचार्य से मांगी गई है। घायल छात्र के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### रेलवे ने बदला निर्णय, पूर्ववत प्लेटफार्म पर आएंगी ट्रेनें

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन स्टेशन पर 4 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन किया गया था जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, 11 अगस्त 2026 से प्रस्तावित प्लेटफॉर्म परिवर्तन लागू नहीं किया जाएगा तथा सभी ट्रेनों का संचालन उज्जैन स्टेशन पर पूर्ववत निर्धारित प्लेटफॉर्मों से ही किया जाएगा।

17 अगस्त को 24 घंटे खुले रहेंगे नागचंद्रेश्वर के पट....

## नागपंचमी के साथ श्रावण सोमवार के योग में लाखों श्रद्धालु जुटेंगे

**उज्जैन।** आगामी सोमवार 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ श्रावण माह में निकलने वाली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी को दोहरा संयोग बन रहा है। इस दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के धार्मिक नगरी में आने पर मंगलवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाकाल लोक त्रिनेत्र कक्ष में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मिटिंग आयोजित की गई।

महाकाल मंदिर के शिखर पर बने भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट वर्ष में एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिये खोले जाते है। इस बार 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ श्रावण माह के तीसरे सोमवार को अद्भुत संयोग भी बना है। इस दिन बाबा महाकाल की तीसरी सवारी निकाली जायेगी। एक ही दिन आस्था के 2 ब? संयोग बनने पर धार्मिक नगरी में लाखों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान प्रशासन द्वारा लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था और सभी को सुविधापूर्वक भगवान नागचंद्रेश्वर और बाबा महाकाल के दर्शन हो सके इसको लेकर त्रिनेत्र कक्ष में मीटिंग आयोजित की गई। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई मीटिंग के दौरान एसपी प्रदीप शर्मा, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और महंत विनीत गिरि सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट 16 अगस्त रात 12 बजे खुलेंगे और 17 अगस्त रात 12 बजे तक लगातार दर्शन होंगे। रात 11:30 बजे महंत पंचायती महानिर्वाणी अखाडा द्वारा प्रथम पूजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे शासकीय पूजन होगा। मंदिर के पुजारी-पुरोहित द्वारा पूजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि भी? अधिक होगी, इसलिए सुगम दर्शन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पूरे मंदिर परिसर और बाहरी क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई होगी। मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश और मोबाइल लॉकर्स लगाए जाएंगे। प्रमुख मार्गों पर पानी के टैंकर, नाद और बोतल की व्यवस्था की जायेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगर निगम को निरंतर जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश। कर्कराज पार्किंग, भील समाज, नृसिंह घाट, हरसिद्धि, बडा गणेश सहित 10 स्थानों पर डॉक्टर एंबुलेंस के साथ तैनात होंगे।

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बनेसिंह पिता श्री रतनसिंह, निवासी-103, हनुमान मंदिर के पास, तुलाहेड़ा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 164/3 रकबा 0.5600 हैक्टेयर में से रकबा 0.400 हैक्टेयर दक्षिण दिशा वाली भूमि, स्थित ग्राम-पानबिहार, तहसील-घट्टिया, जिला-उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-कांकड़, पश्चिम में-गोर्धन पिता श्री दुलेसिंह की कृषि भूमि, उत्तर में-बनेसिंह पिता श्री रतनसिंह की शेष कृषि भूमि एवं दक्षिण में-केशर सिंह पिता श्री मोतीराम की कृषि भूमि है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रकय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांक:-11.08.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 98272-28461**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामीगण 1. विरेन्द्र कुमार गोथरवाल पिता श्री जितेन्द्र कुमार गोथरवाल, 2. श्रीमती कविता गोथरवाल पति श्री विरेन्द्र कुमार गोथरवाल, निवासीगण 118/बी, मंगल कॉलोनी उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 118 का पूर्व दिशा वाला भाग, अग्रसेन नगर, उज्जैन में अन्दर की ओर स्थित है, उक्त भवन दो मंजिला आर.सी.सी छत का निर्मित है, भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 92.50 वर्गमीटर है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। दिनांक 11/08/2026, उज्जैन

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 98272-28461**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर जिला आगर मालवा

**प्रकरण क्रमांक** 102/अपील/2026-27
**आगमन संख्या** 249 **दिनांक** 06 /08/2026

1- होकमसिंह पिता प्रहलादसिंह जी
2 गोपालसिंह पिता प्रहलादसिंह जी
3- प्रेमसिंह पिता प्रहलादसिंह जी
4- धर्मेन्द्रसिंह पिता होकमसिंह जी
5- जितेन्द्रसिंह पिता भारतसिंह जी
6- भारतसिंह पिता प्रहलादसिंह मृत वारिसान
सर्व जाति राजपुत निवासी ग्राम लालालुखेडी कृषक
ग्राम लालुखेडी तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा

**......अपीलांट**

**खिलाफ़**

लाडकुंवरबाई पुत्री भंवरबाई निवासी ग्राम लालूखेडी
तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा म.प्र.

......... **रेस्पान्डेन्ट**

### पेपर विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचना दी जाती है कि अपीलांट होकमसिंह पिता प्रहलादसिंह जी आदि जाति राजपुत निवासी ग्राम लालालुखेडी तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा द्वारा तहसीलदार नलखेडा के प्रकरण क्रमांक 02/अ-70/2024-25 आदेश दिनांक 07/11/2025 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की गई है जो विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण में रेस्पाडेन्टगण पक्षकार है। इस विज्ञप्ति के माध्यम से रेस्पोडेंटगण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु आगामी पेशी 03/09/2026 स्थान अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर समय प्रात: 12 बजे नियत है। अत: आप नियत दिनांक को स्वंय अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित रहे। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 06/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र.**

# शांति किसके पास



दो व्यक्ति तंग गलियारे में काफी ऊंचे स्वर में बात कर रहे थे। उनकी बातें सुनाई न पड़ना मुश्किल ही था। उनमें से एक व्हेल मछलियों के शिकार के व्यापार का वर्णन कर रहा था कि यह कार्य कितने जोखिम का है, इसमें मुनाफा क्या होता है और सागर की लहरें कैसी भयावह होती हैं? वह बता रहा था कि कुछ व्हेल मछलियां तो सैकड़ों टन वजन की होती हैं। बच्चों वाली मादा व्हेल को मारना ठीक नहीं माना जाता और न ही एक निश्चित समय के भीतर खास संख्या से अधिक व्हेल को मारने की आज्ञा है।... उस आदमी ने बयान करना शुरू किया कि मारने में कैसा विचित्र आकर्षण रहता है, परंतु उसी क्षण चाय आ गई और बातचीत का मुद्दा बदल गया। मारना मनुष्य को पसंद है। चाहे वह एक-दूसरे की हत्या करना हो अथवा घने जंगल में चमकदार आंखों वाले हिरण की या पशुओं का शिकार करने वाले बाघ की। सुंदर पोशाक पहने, हंसते हुए लोग कीमती बंदूकें लेकर निकलते हैं और एक-दूसरे को पुकार रहे पंछियों को मार डालते हैं। कोई लड़का अपनी बंदूक से चहचहाते नीलकंठ पर गोली दागता है और उसके आस-पास खड़े वयस्क दया का एक शब्द तक नहीं निकालते, न उसे डांटते हैं; इसके उलट, वे उसकी निशानेबाजी की सराहना करते हैं। तथाकथित खेल, आहार के लिए हो या अपने देश की शांति के लिए हत्या करना इन सब में बहुत अंतर नहीं है। बात तो केवल यही है- हत्या न करें। पश्चिम में हम सोचते हैं कि पशुओं का वजूद हमारे पेट के लिए अथवा शिकार-सुख की खातिर, या फिर उनकी रोएंदार चमड़ी उपलब्ध कराने के लिए है। पूरब में शताब्दियों से यही सिखाया गया है और प्रत्येक माता-पिता उसे दोहराते हैं- जीव हत्या न करो, दया भाव रखो, करुण बनो। यहां पश्चिम में पशुओं में आत्मा नहीं होती, अतः उन्हें बेखटके मार सकते हैं; और उधर पूरब में पशुओं में आत्मा होती है, इसलिए अपने हृदय में प्रेम रखें- यही बताया जाता है। पशुओं, पंछियों का आहार करना पश्चिम में एक सामान्य नैसर्गिक बात मानी जाती है। पूरब में यह बात नहीं है और विचारशील, धार्मिक लोग परंपरा और संस्कृति के चलते ऐसा नहीं करते। हालांकि, यह भी अब तेजी से टूटता जा रहा है। यहां हमने ईश्वर और देश के नाम से सदा हत्याएं की हैं और अब यह सब जगह हो रहा है। हिंसा फैल रही है; लगभग रातोंरात प्राचीन संस्कृतियां इसमें बही जा रही हैं और कार्य-कुशलता, क्रूरता तथा विनाश के साधन सोच-विचारपूर्वक पोषित और मजबूत किए जा रहे हैं। शांति राजनीतिज्ञ अथवा पुरोहित के पास नहीं होती, न ही वह वकील या पुलिस के पास होती है। शांति तो मन की एक अवस्था है, जब प्रेम उसमें विद्यमान रहता है।

**सम्पादकीय**

## झारखंड पर नजर

झारखंड में छात्र आंदोलन में आई तेजी चिंता जगाने के साथ ही विचार के लिए विवश करती है। कभी लगता है, समाधान निकलने ही वाला है, तो कभी समस्याएं बढ़ती नजर आने लगती हैं। वैसे, यह समस्या ऐसी नहीं है कि जिसका समाधान न हो और समाधान कभी भी निकल सकता है। सबकी निगाह झारखंड और वहां की सरकार पर टिकी है। सोमवार को छात्रों ने विधानसभा पहुंचने का प्रयास किया और पुलिस ने उन्हें रोकने की हर मुमकिन कोशिश की। पानी की बौछारों से छात्रों को रोकने की कोशिश हुई। लाठीचार्ज के भी आरोप लगे। हाथापाई के हालात बने। रांची के एक इलाके में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। काश! झारखंड सरकार के साथ छात्रों की रविवार को हुई छठे दौर की बातचीत में संपूर्ण समाधान निकल आता और सड़क पर विरोध-प्रदर्शन की नौबत नहीं आती। खैर, बातचीत का क्रम टूटना नहीं चाहिए। एक तरफ, झारखंड सरकार का मानना है कि 98 प्रतिशत मांगें मान ली गई हैं, तो दूसरी ओर, छात्र नेता इससे इनकार कर रहे हैं। छात्रों ने अपनी मांगों को तीन श्रेणियों में बांटा है- परीक्षाएं रद्द करने संबंधी मांग, जांच संबंधी मांग और प्रक्रिया में सुधार संबंधी मांग। अब मामला परीक्षाओं को रद्द करने संबंधी मांग पर अटक रहा है।

दोराय नहीं कि परीक्षाओं को रद्द करने से कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होंगी। राज्य सरकार के लिए कानूनी बाधाएं बहुत बढ़ जाएंगी, लेकिन सरकार को इसके लिए रास्ते निकालने पड़ेंगे। नियुक्तियों और परीक्षाओं की जांच चल रही है। परीक्षा या नियुक्ति में किसी गलती या अनियमितता को जस का तस छोड़ते हुए आगे बढ़ जाना अपराध से कम नहीं है। झारखंड में ही नहीं, अन्य राज्यों में भी कई अधिकारी चाहते हैं कि व्यवस्था की खामियों से मुंह चुराते हुए आगे बढ़ा जाए। हां, सरकार चाहे, तो छात्रों को विश्वास में लेकर आगे बढ़ सकती है, पर यह काम आसान नहीं होगा। आज छात्र बेरोजगारी से बहुत दुखी हैं। मेहनत करने के बावजूद सही ढंग से और समय पर रोजगार न मिलना युवाओं में निराशा लगातार बढ़ा रहा है। ऐसी निराशा केवल झारखंड में ही नहीं है, अन्य राज्यों में भी कमोबेश यही हाल है और इसे दूर करना सरकारों के लिए नामुमकिन नहीं है।

### आचरण में हो तिरंगे के प्रति सम्मान

# हर घर तिरंगा से हर हृदय तिरंगा तक



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

हर भारतीय के लिए यह समझना आवश्यक है कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का जीवंत प्रतीक है। इसके प्रत्येक रंग और प्रत्येक प्रतीक के पीछे एक गहरा राष्ट्रीय दर्शन निहित है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के बलिदान, संविधान निर्माताओं की लोकतांत्रिक आकांक्षाएं और एक न्यायपूर्ण, समतामूलक एवं समृद्ध भारत का स्वप्न प्रतिबिंबित होता है।

इसीलिए तिरंगे का सम्मान केवल उसे हाथ में थामने, घर पर फहराने, उसके सामने सिर झुकाने या राष्ट्रीय पर्वों पर सलामी देने तक सीमित नहीं होना चाहिए। ध्वज का वास्तविक सम्मान तब होगा, जब उसके प्रति श्रद्धा हमारे आचरण में दिखाई दे और उसमें निहित आदर्श हमारे विचार, व्यवहार तथा दैनिक जीवन का हिस्सा बनें। ह्यहर घर तिरंगा तभी सार्थक होगा, जब उसके साथ हर हृदय तिरंगा भी स्थापित हो।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंग अपने भीतर व्यापक संदेश समेटे हुए हैं। शीर्ष पर स्थित केसरिया रंग साहस, त्याग और निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र निर्माण केवल अधिकारों की मांग से नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन, अनुशासन और आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तिगत स्वार्थ के त्याग से होता है। स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में असंख्य लोगों ने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए उसी भावना की आवश्यकता है।

ध्वज का श्वेत रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है। लोकतांत्रिक समाज में सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता, संवाद और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व केवल आदर्श शब्द नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता की आवश्यक शर्तें हैं। जब सार्वजनिक जीवन में सत्य और पारदर्शिता कमजोर होती है तथा असहमति को शत्रुता समझा जाने लगता है, तब लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुंचती है। इसलिए श्वेत रंग हमें विचार और व्यवहार दोनों में संयम तथा सत्य का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है।

हरा रंग जीवन, विकास, समृद्धि और प्रकृति के साथ संतुलन का प्रतीक माना जाता है। भारत जैसे कृषि प्रधान और जैव-विविधता से समृद्ध देश के लिए इसका संदेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। आर्थिक विकास आवश्यक है, लेकिन ऐसा विकास जो प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करे, आने वाली पीढ़ियों के हितों की उपेक्षा करे, वह वास्तविक प्रगति नहीं हो सकता। इसलिए हरे रंग का संदेश हमें विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की जिम्मेदारी का भी बोध कराता है।

तिरंगे के मध्य स्थित नीले रंग का अशोक चक्र इसकी दार्शनिक आत्मा को और गहरा करता है। अशोक चक्र भारतीय परंपरा में धर्म, न्याय और नैतिक व्यवस्था से जुड़े धर्मचक्र की स्मृति को अभिव्यक्त करता है। इसके 24 आरे निरंतर गति और कर्म की प्रेरणा देते हैं। इसका व्यापक संदेश है कि जीवन, समाज और राष्ट्र में ठहराव नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति आवश्यक है। स्वतंत्रता का अर्थ निष्क्रियता नहीं, बल्कि जिम्मेदार कर्म है; अधिकारों के साथ कर्तव्य और स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा हुआ है।

आज भारत विश्व में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, स्टार्टअप, रक्षा उत्पादन और नवाचार जैसे अनेक क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चंद्रयान मिशनों से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक और स्वदेशी तकनीकी क्षमता से लेकर वैश्विक स्तर पर बढ़ती उद्यमिता तक, भारत की क्षमता का विस्तार हुआ है। लेकिन किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसके सकल घरेलू उत्पाद, सैन्य सामर्थ्य या तकनीकी उपलब्धियों से निर्धारित नहीं होती। उसकी स्थायी शक्ति उसके नागरिकों के चरित्र, सामाजिक सद्भाव, संस्थाओं के प्रति सम्मान, कानून के पालन और सार्वजनिक जीवन की नैतिकता में निहित होती है।

यही हर हृदय तिरंगा की अवधारणा का मूल है। इसका अर्थ है कि तिरंगा हमारे हाथ में दिखाई देने के साथ-साथ हमारे विचारों और कर्मों में भी दिखाई दे। राष्ट्र प्रेम केवल बड़े अवसरों पर देशभक्ति प्रदर्शित करने का नाम नहीं है। यह अपने दैनिक दायित्वों को ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता से निभाने की सतत प्रक्रिया है। शिक्षक का ईमानदारी से पढ़ाना, विद्यार्थी का अनुशासन और परिश्रम अपनाना, चिकित्सक का पेशा-गत नैतिकता का पालन करना, व्यापारी का ईमानदार व्यवहार, कर्मचारी का अपने दायित्व के प्रति समर्पण, किसान का परिश्रम और वैज्ञानिक का नए ज्ञान के सृजन के प्रति समर्पण आदि सभी राष्ट्र निर्माण के रूप हैं।

राष्ट्रप्रेम सोशल मीडिया पर तिरंगे की तस्वीर लगाने, देशभक्ति के नारे लगाने या राष्ट्रीय पर्वों पर देशभक्ति के गीत गाने, मिठाई बांटने तक सीमित नहीं हो सकता। वास्तविक देशभक्ति हमारे छोटे-छोटे नागरिक व्यवहारों में प्रकट होती है। यातायात नियमों का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, स्वच्छता बनाए रखना, जल और ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, महिलाओं और वंचित वर्गों का सम्मान करना तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को व्यवहार में उतारना आदि सभी राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का हिस्सा हैं।

भारत की पहचान उसकी एकरूपता में नहीं, बल्कि विविधता में एकता की उसकी अद्वितीय क्षमता में है। अनेक भाषाएं, संस्कृतियां, परंपराएं, जीवन-पद्धतियां और विचारधाराएं भारत की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाती हैं। इसलिए तिरंगे को हृदय में स्थापित करने का अर्थ किसी धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या राजनीतिक विचारधारा के प्रति घृणा पैदा करना नहीं है। इसके विपरीत, इसका अर्थ है कि मतभेदों के बावजूद हम भारतीय होने की साझा पहचान को सर्वोच्च नागरिक बंधन के रूप में स्वीकार करें और प्रत्येक नागरिक की गरिमा का सम्मान करें।

राष्ट्र की रक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिक नहीं करते। सैनिक बाहरी सीमाओं की सुरक्षा करता है, तो नागरिक अपने आचरण से राष्ट्र की आंतरिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करता है। सीमा पर सैनिक का साहस जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण खेत में किसान का परिश्रम, प्रयोगशाला में वैज्ञानिक का शोध, कारखाने में श्रमिक का श्रम, कक्षा में शिक्षक का ज्ञान, उद्यमी का नवाचार और सार्वजनिक जीवन में नागरिक की ईमानदारी है। राष्ट्र निर्माण वास्तव में करोड़ों नागरिकों के सामूहिक कर्म का परिणाम है।

## पेंशन की धूल भरी पासबुक

बैंक की शाखा में हर महीने की पहली तारीख को सत्तर साल के भवानी शंकर अपने फटे कुर्ते की जेब से हरे रंग की पुरानी पेंशन पासबुक निकालकर कतार में सबसे आगे खड़े हो जाते थे। उस पासबुक पर जमी धूल को वे अपनी धोती के पल्ले से बार-बार पोंछते और उसे किसी अनमोल दस्तावेज की तरह सहलाते रहते थे। बैंक का युवा मैनेजर जब भी उन्हें काउंटर पर देखता तो चिढ़कर कहता कि बाबा आपकी पेंशन हर महीने सीधे खाते में जमा हो जाती है तो आप रोज सुबह यहाँ आकर पासबुक की छपाई का हठ क्यों पकड़ लेते हैं। भवानी शंकर अपनी झुकी हुई कमर को सीधा करने का प्रयास करते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि ₹बेटा इस कागज पर जब तक काली स्याही से लिखावट नहीं छपेगी तब तक मेरे मन को तसल्ली नहीं मिलेगी। पास खड़े गाँव के लोग उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि मासाब को लगता है कि बैंक वाले उनकी पेंशन की एंट्री छिपाकर रख लेंगे। दफ़्तर का चपरासी भी हँसते हुए तंज कसता कि ₹बाबा जब खाते में कुछ होगा ही नहीं तो मशीन बेचारी क्या छापेगी। भवानी शंकर बिना किसी की बात का बुरा माने उस धूल भरी पासबुक को अपनी छाती से चिपकाए चुपचाप कुर्सी पर अपनी बारी का इंतजार करते रहते थे। भवानी शंकर का यह सिलसिला पिछले दो वर्षों से लगातार जारी था चाहे तपती धूप हो या हाड़ कंपाने वाली ठंड। बैंक के कर्मचारी उन्हें एक सनकी और हठी बुजुर्ग मान चुके थे जो बिना किसी काम के रोज दफ़्तर का माहौल भारी कर देता था। एक दिन जब बैंक में बहुत भीड़ थी और सर्वर डाउन होने के कारण लोग हंगामा कर रहे थे तब भी भवानी शंकर शांत भाव से एक कोने में बैठे अपनी पासबुक को निहार रहे थे। मैनेजर ने तंग आकर उन्हें अपने केबिन में बुलाया और मेज पर हाथ पटकते हुए कहा कि बाबा आप रोज यहाँ आकर मेरा समय खराब करते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 अगस्त 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:06 सूर्यास्त 18:58
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि-अमावस्या 23:06 उपरांत एकम
नक्षत्र - पुष्य 08:00 उपरांत
योग - व्यतिपात 15:26 उपरांत वरियान
करण - चतुष्पद
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 28 तारिख

मेष : स्व-रोजगार से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिलने की संभावना। निवास/कार्य स्थल/कार्य की प्रकृति में परिवर्तन। स्वास्थ्य पर अनावश्यक खर्च।

वृष : परिवर्तनकारी समय। परिवार में भाई-बहनों से जुड़े मांगलिक कार्य। कुछ पुरानी समस्या का समाधान होगा।

मिथुन : आर्थिक लाभ। घर में मांगलिक कार्य होंगे। धन संचय के साथ कुछ पुरानी समस्या का समाधान होगा।

कर्क : मिश्रित प्रभाव। महत्वपूर्ण कार्यों में अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता। स्वास्थ्य एवं मरम्मत पर खर्च।

सिंह: स्वयं या परिवार के सदस्य के निवास/कार्य स्थल में परिवर्तन। निर्माण कार्य तथा खरीदारी पर खर्च।

कन्या : लाभकारी परिवर्तन। नए संबंध/साझेदारी में सफलता। मांगलिक कार्य, विवाह, संतान योग।

तुला : निवास/कार्य स्थल में परिवर्तन। निर्माण कार्य, खरीदारी व मरम्मत पर खर्च की अधिकता।

वृश्चिक : कार्यक्षेत्र में लाभकारी परिवर्तन। कला, शिक्षा, खेल, मीडिया से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता।

धनु : संघर्षपूर्ण सफलता। खर्च की अधिकता। महत्वपूर्ण कार्य में आखिरी मौके पर बाधा। विवाद से बचें।

मकर: मांगलिक कार्य। परिवार में मांगलिक कार्य। आर्थिक लाभ। चल-अचल संपत्ति की खरीदारी।

कुंभ : संघर्षपूर्ण सफलता। विवाद/कोर्ट कचहरी का चक्कर। पुरानी स्वास्थ्य समस्या का समाधान।

मीन : संतान पक्ष के लिए शुभ। रुके कार्य बनेंगे। कार्यक्षेत्र में लाभकारी परिवर्तन। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

**समसामयिक**

## आदिवासी संस्कृति कोई संग्रहालय की वस्तु नहीं, भारत की जीवित आत्मा है



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

ढोल की थाप थी। बांसुरी की तान थी।

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान थे।

महिलाओं के कदमों में लोकनृत्य की लय थी और पुरुषों के हाथों में परंपरा के प्रतीक वाद्य। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग इस दृश्य को केवल देख नहीं रहे थे, बल्कि जैसे भारत की किसी पुरानी स्मृति से उनका साक्षात्कार हो रहा था।

यह दृश्य किसी महानगर के सांस्कृतिक महोत्सव का नहीं था। यह दृश्य था मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले के सोयतकलां नगर का, जहां विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज ने पहली बार नगर के प्रमुख मार्गों से ऐसी भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली, जिसमें परंपरा, संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्रनायकों की स्मृति एक साथ दिखाई दी। शोभायात्रा में भगवान बिरसा मुंडा का चित्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। झाबुआ क्षेत्र से आए पारंपरिक कलाकारों एवं समाजजनों की वेशभूषा, बांसुरी और लोकवाद्यों ने वातावरण को ऐसा बना दिया कि आधुनिक बाजारों और दुकानों के बीच कुछ समय के लिए जैसे आदिवासी भारत अपनी पूरी सांस्कृतिक गरिमा के साथ सामने आ खड़ा हुआ। नगर के लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में इस सांस्कृतिक यात्रा के साक्षी बने। आतिशबाजी हुई, लोकनृत्य हुए और अंततः शोभायात्रा सुंदरम गार्डन पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। लेकिन इस पूरे दृश्य के बीच एक प्रश्न मन में उठता है। क्या आदिवासी दिवस केवल एक दिन आदिवासी नृत्य देखने और पारंपरिक वेशभूषा की प्रशंसा करने का अवसर है? नहीं। वास्तव में यह दिवस हमें भारत को समझने का एक अवसर देता है।

आदिवासी कौन हैं–और भारत के लिए उनका अर्थ क्या है?

आदिवासी शब्द सुनते ही अक्सर हमारे सामने जंगल, पहाड़, पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्य की तस्वीर उभरती है। यह तस्वीर अधूरी है। आदिवासी समाज को केवल उसकी वेशभूषा, नृत्य और भौगोलिक स्थिति से समझना उसके विराट योगदान को सीमित कर देना होगा। भारत के जनजातीय समाजों ने सदियों से प्रकृति, जल, जंगल, जमीन और सामुदायिक जीवन के साथ एक विशिष्ट संबंध विकसित किया है। उनकी जीवनशैली में प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। उनके लोकगीतों में जंगल बोलता है, उनकी कथाओं में नदियां और पर्वत जीवित पात्रों की तरह उपस्थित होते हैं और उनके पर्व-त्योहार सामूहिक जीवन की भावना को मजबूत करते हैं। आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट, जल संकट, जैव विविधता के संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली की बात कर रही है, तब आदिवासी समाज की परंपराओं और ज्ञान को नए दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र भी यह स्वीकार करता है कि दुनिया के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक ज्ञान और जीवन-पद्धतियों में प्रकृति एवं जैव विविधता के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभव निहित हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में लगभग 476 मिलियन आदिवासी लोग 90 देशों में रहते हैं और वे हजारों विशिष्ट संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अर्थात आदिवासी संस्कृति पिछड़ेपन की निशानी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अनुभव का एक महत्वपूर्ण ज्ञान-स्रोत भी है। सोयतकलां की शोभायात्रा में बिरसा मुंडा का चित्र इसलिए विशेष अर्थ रखता है क्योंकि बिरसा मुंडा केवल एक जनजातीय नेता नहीं थे। वे भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में जनजातीय समाज के स्वाभिमान और प्रतिरोध के एक महान प्रतीक थे। 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन और शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष किया।

# टीबी उन्मूलन -जागरूकता अब निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

हमारे देश में अब स्वास्थ्य सुविधाएं आजादी के बाद से बेहतर होती जा रही है। विगत दशकों में क्षय या टीबी या तपेदिक की बीमारी से जन जीवन बेहाल था। टीबी के संक्रमण ने अमीर या गरीब सभी का बुरा हाल बना रखा था। इसकी वजह यह थी, कि ना तो इसका पुख्ता इलाज था और ना हीं जनमानस को इसके संक्रमण से बचाव की समुचित जानकारी थी। दरअसल टीबी रोग भी अन्य संक्रमणों की ही तरह एक साधारण से जीवाणु माइक्रोबैक्टेरियम, ट्यूबरक्लोसिस या एसिड फास्ट बेसिलस से होने वाला संक्रमण है। स्मरण रहे रॉबर्ट काक ने 24 मार्च ,1882 को टीबी के जीवाणु की खोज की थी, जो इस बीमारी को समझने में मिल का पत्थर साबित हुई।


टीबी की बीमारी मानव जाति में ट्यूबरक्लोसिस नामक कीटाणु से होती है। इसमें पीड़ित व्यक्ति जब खांसता है, या छिकता है, तो उसके कीटाणु संपूर्ण वातावरण में फैल जाते हैं। जब दूसरा व्यक्ति इन कीटाणुओं के संपर्क में आता है । तो इसके कण जो हवा में रहते हैं, वह सांस द्वारा उस व्यक्ति के फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं। टीबी के मुख्य लक्षण में 15 दिन से अधिक खांसी का लगातार बने रहना और बुखार, वजन में कमी, भूख न लगना आदि इसके मुख्य लक्षण है । इस रोग की रोकथाम में पहले मरीज को शुरू छह महीने तक हर दिन दवा लेना पड़ती थी, लेकिन अब हफ्ते में एक बार ही इसकी दवा लेना होती है। एंटीबायोटिक दवाइयां का उपयोग बढ़ने से टीबी बैक्टीरिया से प्रतिरोध की ताकत भी बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक रिपोर्ट 2013 के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा टीबी एवं एमडीआर टीबी के मरीज भारत में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि टीबी से होने वाली 95 फीसदी मौते निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती है। देश में टीबी के मरीजों में महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले बहुत ही ज्यादा रहती थी।

वर्ष 2014 के बाद भारत ने नई सोच और दृष्टिकोण के साथ टीबी के खिलाफ काम करना शुरू किया। इसके तहत पांच मोर्चो जनभागीदारी, पोषण के लिए विशेष अभियान, इलाज के लिए नई रणनीति, तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले खेलो इंडिया और योग जैसे अभियानों पर काम किया। इस तरह टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत साल 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन का आव्हान किया गया था। इस दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास चल रहे हैं। इससे पिछले कुछ वर्षों से भारत में टीबी के मामलों में काफी कमी आई है। विगत 10 वर्षों में देखे तो इसमें 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2015 में हर साल टीबी के 256 नए मामले रिपोर्ट होते थे, जो की वर्ष 2021 में घटकर 210 हो गए। देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए पिछले कई वर्षों से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। विश्व टीबी उन्मूलन संघ ने भारत को 2030 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य लिया है। सरकार ,स्वास्थ्य विभाग ,सामुदायिक संगठनों व शैक्षणिक संस्थाओं के संयुक्त जागरूकता के प्रयासों से देश में लक्ष्य समय से पहले हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। जागरूकता कार्यक्रम में रैली और पोस्ट कार्यक्रम के माध्यम से सभी जगह पर आम नागरिक को, विद्यार्थियों, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स टीबी के प्रति जागरूकता का प्रयास कर रहे हैं ।

भारत में मरीजों के करीब 80 प्रतिशत टीबी पल्मोनरी से संबंधित होते हैं, टीबी को पूरी तरह समाप्त नहीं कर पाने के कुछ कारण है। अब टीबी मुक्त देश बनाने के लिए में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय इसके उपचार व उन्मूलन पर तेजी से काम कर रहा है। 2030 तक टीबी का उन्मूलन किया जाना है। अगर समय पर इसके संक्रमण का पता चल जाए और उपचार में लापरवाही नहीं बरती जाए।

**धर्म-आस्था**

## अहंकार छोड़ने में ही भलाई



महावीर स्वामी के पास प्रतिदिन हजारों लोग उनके दर्शन करने आया करते थे। इन्हीं श्रद्धालुओं में एक राजा भी महावीरजी के दर्शन करने प्रतिदिन आता था। राजा को अपने राजसी वैभव का बहुत अहंकार था। वह जब भी वहां आता, तो अपने घमंड का प्रदर्शन करता। वह अपने साथ धन, रत्न-जवाहरात आदि लेकर आता था।

राजा के इस वैभव प्रदर्शन को देखकर महावीर स्वामी उससे यह कहते कि राजन इन्हें गिरा दो। महावीर के वचन सुनकर राजा उन रत्नों को वहीं गिरा देता। अगले दिन फिर वही होता। यह क्रम कई दिनों तक चलता रहा। राजा प्रतिदिन महावीरजी के लिए रत्न-जवाहरात लेकर आता और स्वामीजी उससे हर बार की तरह उन्हें गिरा देने की बात कहते। राजा भी उनकी बात सुनकर सभी रत्न और कीमती वस्तुएं वहीं गिरा देता।

ऐसा कई दिनों तक चलता रहा, तो एक दिन राजा को बहुत क्रोध आया कि वह तो प्रेम और श्रद्धा से महावीरजी के लिए रत्न और कीमती वस्तुएं लेकर आता है, लेकिन महावीरजी उसे स्वीकारने के बजाय हर बार गिरा देने की बात कहते हैं।

राजा को स्वामीजी की यह बात बुरी लगने लगी थी। इसके बाद भी काफी दिनों तक ऐसे ही चलता रहा। राजा सोचता कि एक-न-एक दिन महावीरजी उसके दिए उपहारों को जरूर स्वीकार करेंगे।

एक दिन राजा ने अपने मंत्री से इस घटना का जिक्र किया, तो मंत्री ने उन्हें महावीरजी को सिर्फ फूल भेंट देने का परामर्श दिया। मंत्री की बात मानकर राजा इस बार भेंट में देने के लिए फूल लेकर गया, लेकिन महावीरजी ने हर बार की तरह राजा से फूल को भी गिरा देने के लिए कहा। यह देखकर राजा निराश होकर लौट आया और सारी बात मंत्री को बताई। मंत्री ने कुछ सोचते हुए राजा से कहा कि इस बार आप महावीरजी के पास खाली हाथ जाएं।

अगले दिन राजा महावीरजी के पास खाली हाथ गया। राजा ने उनकी ओर देखते हुए कहा कि आज तो मैं आपके पास खाली हाथ आया हूं। आज आप मुझसे क्या गिराने को कहेंगे? महावीरजी ने मुस्कुराते हुए कहा, ह्यराजन अब स्वयं को गिरा दो। यह सुनते ही राजा को ज्ञान हो गया कि महावीरजी उससे उसका अहंकार गिराने की बात कह रहे हैं।

राजा महावीर स्वामी के सामने नतमस्तक हो गया और उनसे क्षमा मांगते हुए अपना अहंकार छोड़ने का प्रण किया। इतना करते ही राजा असीम शांति का अनुभव करने लगा।

– अश्वनी कुमार

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,48,000 रवा- 1,47,800 चांदी- टंच- 2,32,000 पाट- 2,31,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## मालवीय बने जिला कांग्रेस सेवा दल जिला महासचिव

**सारंगपुर।** जिला कांग्रेस सेवा दल राजगढ के संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के मार्गदर्शन में नई नियुक्तियां की गई हैं। इसमें घनश्याम मालवीय को जिला कांग्रेस सेवा दल का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष इंजी. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी सूची के अनुसार घनश्याम मालवीय को जिला महासचिव बनाए जाने पर स्थानीय नागरिकों, कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## रेलवे ट्रेक पर मृत मिला युवक

**शुजालपुर।** शुजालपुर और मोहम्मदखेड़ा रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार को रेलवे ट्रेक के पास करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को युवक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज, टिकट या अन्य सामान नहीं मिला। उसके शरीर पर भगवान महाकाल का नाम लिखा वस्त्र मिला है। मृतक के पास से एक मोबाईल मिला, जिस पर आए फोन के आधार पर मृतक बिलासपुर निवासी खेमचंद साहू उर्फ कालू होने की संभावना जताई। हालांकि पुलिस ने अभी पुष्टि नहीं की। मृतक के पास से मिले मोबाईल पर उसके पडोसी का फोन आया था, इसके बाद मोबाईल पानी में गिला होने से बंद हो गया। प्रधान आरक्षक राजेश वर्मा ने बताया कि जिस व्यक्ति का फोन आया उसे शुजालपुर मृतक के संभावित परिजनों के साथ आने के लिए कहा गया है।

### पेंशन का झांसा, अंगूठा लगवाकर जमीन हड़पने का आरोप

# बुजुर्ग मां छोटे बेटे की शिकायत लेकर एसपी के पास पहुंची, छोटे बेटे ने बेची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के सोनकच्छ के देहरी गांव की एक बुजुर्ग महिला ने अपने छोटे बेटे और दो अन्य लोगों पर 8 बीघा जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि पेंशन शुरू कराने के नाम पर उनसे कई दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया गया। बाद में उनकी जमीन दूसरे लोगों के नाम कर दी गई। सोमवार को महिला अपने बड़े बेटे के साथ एसपी कार्यालय पहुंचीं और शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

देहरी गांव निवासी हंजूबाई परमार ने अपने छोटे बेटे दिनेश परमार और सोनकच्छ के दो अन्य लोगों पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया को लिखित आवेदन दिया। इसमें मामले की जांच कर जमीन वापस दिलाने की मांग की गई है।

हंजूबाई के अनुसार, उनके छोटे बेटे दिनेश और उसके साथियों ने उन्हें बताया कि पेंशन शुरू करानी है। इसके लिए उन्हें अलग-अलग कार्यालयों में ले जाया गया। वहां कई दस्तावेजों पर उनका अंगूठा लगवाया गया। हर बार उन्हें बताया गया कि यह पेंशन शुरू कराने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

महिला का आरोप है कि उन्हें दस्तावेजों में क्या लिखा है, इसकी जानकारी नहीं थी। बेटे ने जहां भी ले जाकर जिस दस्तावेज पर अंगूठा लगाने को कहा, उन्होंने पेंशन शुरू होने की उम्मीद में अंगूठा लगा दिया। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर जमीन से जुड़े दस्तावेजों पर भी उनका अंगूठा ले लिया गया और जमीन दूसरे लोगों के नाम कर दी गई।

हंजूबाई का दावा है कि उनके नाम की करीब 8 बीघा जमीन दो हिस्सों में दूसरे लोगों के नाम हो चुकी थी। उनका आरोप है कि जमीन को उनके बेटे दिनेश और उसके साथ के लोगों ने कथित तौर पर अपने नाम करवा लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जमीन से जुड़े कुछ ऐसे फोटो दिखाए गए, जो वास्तविक जमीन से अलग थे। इस संबंध में सोनकच्छ थाने में भी आवेदन दिया गया है।

मामला सामने आने के बाद हंजूबाई सोमवार को अपने बड़े बेटे के साथ एसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया को आवेदन देकर मामले की जांच और जमीन वापस दिलाने की मांग की।

#### केसीसी लोन लेने पहुंचीं तो सामने आया मामला

हंजूबाई के बड़े बेटे जगदीश परमार ने बताया कि जमीन उनकी मां और दोनों भाइयों के नाम पर थी। उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी। करीब एक महीने बाद जब वे अपनी मां के साथ केसीसी लोन लेने पहुंचे, तब जमीन के रिकॉर्ड की जानकारी सामने आई।

उप पुलिस अधीक्षक बबीता बामनिया ने बताया कि महिला और उनके परिवार के लोग आए थे। उनका लिखित आवेदन लिया गया है। आवेदन में आरोप है कि बेटे ने रजिस्ट्री करवा ली और महिला को इसकी जानकारी नहीं दी। इस संबंध में सोनकच्छ थाना प्रभारी को जानकारी दी गई है। मामले में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन ने पीएम श्री स्कूल में लगाए राहत शिविर

# भारी बारिश से जलभराव, 150 लोगों का रेस्क्यू एसडीईआरएफ ने नाव से निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोयतकलाँ



सोयतकलां में मूसलाधार बारिश के चलते हालात बिगड़ गए हैं। सोमवार रात से जारी तेज बारिश के कारण कोटा-उज्जैन हाईवे समेत वार्ड-4, माधव चौक और पन्नीपुरा क्षेत्र जलमग्न हो गए। आपदा की स्थिति को देखते हुए पुलिस-प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

जलभराव वाले इलाकों में एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीमों ने नावों की मदद से बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। होमगार्ड कंपनी कमांडर कविता सोलंकी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत 150 से अधिक लोगों को पानी के बीच से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

प्रशासन ने बेघर हुए और प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए 'पीएम श्री स्कूल' में विशेष इंतजाम किए हैं। इसके साथ ही पालीवाल, ब्राह्मण और राजपूत धर्मशालाओं को भी अलर्ट पर रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर अन्य परिवारों को वहां भेजा जा सके। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी राहत कार्यों में लगातार सहयोग दे रहे हैं।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले इलाकों, उफनते नदी-नालों और पुल-पुलियाओं के पास न जाने की सख्त हिदायत दी है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके में अलर्ट जारी किया गया है।

#### अफसरों ने पानी में उतरकर लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव और एसडीएम देवकुंवर सोलंकी ने खुद प्रभावित क्षेत्रों में नाव से पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# माता टेकरी की अब 87 कैमरों से निगरानी, कोतवाली थाने और कंट्रोल रूम से सीधी मॉनिटरिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में विश्वप्रसिद्ध माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को संभालने के लिए 28 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके लगने के बाद अब पूरी टेकरी 87 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगी। यह व्यवस्था आगामी नवरात्रि के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को संभालने के लिए की गई है।

नए कैमरे टेकरी के प्रमुख प्रवेश द्वारों और उन जगहों पर लगाए गए हैं, जहां नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रहती है। कैमरों का एक्सेस कोतवाली थाने और पुलिस कंट्रोल रूम में भी रहेगा। इससे टेकरी पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ की स्थिति पर सीधे नजर रखी जा सकेगी।

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा ने बताया कि टेकरी पर 28 नए कैमरे लगाए गए हैं। इनका एक्सेस थाने और पुलिस कंट्रोल रूम दोनों जगह रहेगा। वीडियो मॉनिटरिंग के जरिए व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी।

नायब तहसीलदार और टेकरी प्रभारी कपिल गुर्जर ने बताया कि नए कैमरों के बाद टेकरी पर कुल 87 सीसीटीवी कैमरे हो गए हैं। इससे सुरक्षा और व्यवस्था की निगरानी पहले से बेहतर होगी।

नए कैमरे टेकरी के प्रमुख द्वारों, भीड़ वाले स्थानों और जरूरी प्वाइंट पर लगाए गए हैं। दोनों माता मंदिरों के साथ अन्य प्रमुख स्थानों पर भी कैमरों से निगरानी की जाएगी।

#### भीड़ बढ़ने पर पुलिस को तुरंत मिलेगी जानकारी

पुलिस टीम कैमरों के जरिए टेकरी पर लगातार नजर रखेगी। किसी जगह भीड़ बढ़ने पर वहां तैनात पुलिसकर्मियों से तुरंत संपर्क किया जा सकेगा। इसके जरिए भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

# गजराज पर बाबा भोले को विराजित कर निकाली शोभायात्रा

### शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



भगवान भोलेनाथ की भक्ति क ा दौर सावन माह के चलते जारी है। सावन माह के दूसरे सोमवार को सिटी में सिविल अस्पताल के समीप बागरी मोहल्ला स्थित शिव मंदिर से सिटी क्षेत्र में पालकी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विशेष रूप से आयोजन समिति द्वारा हाथी व घोडे बुलाए गए। गजराज को आकर्षक रूप से सजाकर उस पर बाबा भोले को विराजित करते हुए भगवान के जयघोष के साथ यात्रा का शुभारंभ मंदिर के समीप से हुआ। यह यात्रा ढोल नगाडों और भगवान भोलेनाथ की भूतों की टोली के साथ शुरू हुई। साथ ही इस वर्ष भगवान जगन्नाथ का रथ भी यात्रा में शामिल किया गया। जिसे श्रद्धालु रस्सियों के माध्यम से खीचते हुए चल रहे थे। यात्रा में आयोजन समिति द्वारा पालकी को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिसमें भगवान शिव को नगर भ्रमण कराया गया। यह पालकी यात्रा पचोर रोड, कन्या शाला मार्ग, भीमपुरा, छोटा बाजार, बडा बाजार होते हुए गुजरी। इस यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया एवं नागरिकों ने पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान की अगवानी करते हुए पूजा अर्चना की। इस शोभायात्रा में शामिल होकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, राज्य मंत्री प्रतिभा बागरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा अर्चना की।

# भारतीय किसान संघ का प्रदर्शन

**शाजापुर।** भारतीय किसान संघ ने खरीफ 2025 की सोयाबीन फसल के बीमा वितरण में कथित विसंगतियों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर के नाम शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से खरीफ 2025 की संपूर्ण जिले की पटवारी हल्का-वार शॉर्टफॉल रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ का कहना है कि यह रिपोर्ट मिलने के बाद किसान अपने क्षेत्र में हुए नुकसान का सही आकलन कर दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।



# नए विद्यार्थियों ने जाना कॉलेज का शैक्षणिक माहौल दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित

**शुजालपुर।** जे एन एस शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की ओर से नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ समारोह एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक के साथ सांस्कृतिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। विज्ञान संकाय प्रभारी एवं प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने प्रवेश प्रक्रिया और विषय चयन से जुड़ी जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम प्रभारी एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गावंडे ने विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्षों व प्राध्यापकों से विद्यार्थियों का परिचय कराया। साथ ही मेंटोर प्रणाली, प्रयोगशालाओं, पाठ्यक्रम एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

# सिंधी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान ख्वाहिश की बांसुरी ने बांधा समां



**शुजालपुर।** सिंधी मेला समिति एवं भारतीय सिंधु सभा भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 475 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक भगवानदास सबनानी ने की। विशेष अतिथि के रूप में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं शिक्षाविद् कला मोहन मौजूद रहीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर, महामंत्री महेश थारवानी, उज्जैन संभाग प्रभारी खुशीराम आचार्य सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में शुजालपुर से विभिन्न कक्षाओं एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं की वृंदा खत्री और रिया मनवानी, कक्षा 12वीं के पंकज धनराजानी, मॉनेल खत्री और सागर खूबचंदानी शामिल रहे। वहीं एमबीए की सोनल लालवानी, बीएएमएस की डॉ. दर्शना खत्री, बीसीए की कशिश खत्री, बीटेक की मान्या जैसवानी तथा एम कॉम की मान्या खत्री को भी सम्मानित किया गया। समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुजालपुर की बालिका ख्वाहिश देव ने बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। उसकी मधुर धुन ने समारोह में मौजूद लोगों का मन मोह लिया और खूब सराहना मिली।

# बिजली के पोल में करंट फैलने से गोवंश की मौत

**देवास।** गोमती नगर में सोमवार सुबह बिजली के पोल में करंट फैलने से एक गोवंश की मौत हो गई। कटी हुई केबल से लीकेज होने के कारण तीन बिजली के खंभों में करंट आ गया था। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति या बच्चा इन खंभों के संपर्क में नहीं आया। इससे बड़ा हादसा टल गया। गोवंश की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। रहवासियों के अनुसार, क्षेत्र में बिजली की केबल कई जगह से कटी हुई और खराब थी। इसकी शिकायत बिजली कंपनी से पहले भी की गई थी। लोगों का आरोप है कि समय रहते केबल को ठीक नहीं किया गया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01. राजेन्द्र सिंह सत्तावन पिता श्री मंगल सिंह, निवासी-74/1, काजीपुरा अंकपात मार्ग, उज्जैन 02. राज मीणा पिता श्री प्रहलाद मीणा, निवासी-उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक-471/3/2 रकबा 0.16, सर्वे क्रमांक-472/3 रकबा 0.18 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-475/1/3/1 रकबा 0.21 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-497/1/1 रकबा 0.30 हेक्टर सर्वे क्रमांक-498/1 रकबा 0.35 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-475/1/3/2 रकबा 0.49 हेक्टर में से रकबा 0.09, सर्वे क्रमांक-475/2 रकबा -0.11 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-471/1/3 रकबा 0.34 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-471/2 रकबा 0.49 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-471/3/1 रकबा 0.37 हेक्टर कुल किता 10 कुल रकबा 2.60 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम बड़ोदिया काजी तहसील घटिया जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधि ापत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-11.08.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता नरेन्द्र कुमार बैरवा पिता रामलाल बैरवा निवासी 173 पांवापुरीधाम इन्दौर रोड उज्जैन से उनके द्वारा क्रय भूखंड क्रमांक 173 जो कि अमरीश नगर जिला उज्जैन में स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 135.31 वर्गमीटर को क्रय करने का अनुबंध किया हैतथा उक्त विक्रय अनुबंध बाबत आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है, केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है।

उक्त भूखंड पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा बंधनकारक नहीं होगा सुचित हो ।

किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर नीचे लिखे पते पर मय प्रमाण के संपर्क करे इति दिनांक-11.08.2026 उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन**
**मो नंबर 9826354843**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामीगण 1. श्रीमति उषा नागदेवानी पति स्वर्गीय गणेश कुमार नागदेवानी 2. चारू नागदेवानी पुत्री स्वर्गीय गणेश कुमार नागदेवानी 3. मेघा नागदेवानी पुत्री स्वर्गीय गणेश कुमार नागदेवानी निवासीगण - 177-बी, संतराम सिंधी कालोनी, उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 278, स्थित कस्तूरी बाग कॉलोनी, कानीपुरा रोड / पंचकोषी रोड, उज्जैन में है। उक्त भूखंड का कुल क्षेत्रफल 84.00 वर्गमीटर है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित सौदा चिट्ठी का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-10-08-2026 स्थान - उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर- सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एलआयसी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती दीपाली ठक्कर पति श्री विष्णु ठक्कर निवासी-50, मानसरोवर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा द्वारा भवन क्रमांक 166 का उत्तर दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर स्थित मालवीकाधाम, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में-भवन क्रमांक 144, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 165 एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक 166 का शेष भाग है, को रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद झांझोट से क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की गयी है, संपूर्ण भूखण्ड को मालवीका गृह निर्माण सहकारी संस्था, उज्जैन द्वारा दिनांक 03.03.2013 को यश धनवानी पिता श्री किशनचंद धनवानी को विक्रय किया गया यश धनवानी द्वारा उक्त संपत्ति का उत्तर दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर को दिनांक 12.06.2017 को रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद जी झांझोट एवं श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट निवासी-न्यू अशोक नगर, उज्जैन को विक्रय किया गया तत्पश्चात श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का स्वर्गवास हो जाने पर उक्त संपत्ति उनके एकमात्र उत्तराधिकारी पति श्री रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद झांझोट को उनके वैध उत्तराधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है तथा रोहित झांझोट द्वारा स्वयं को स्वर्गीय श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का एकमात्र वारिस एवं उत्तराधिकारी होना बताया है, तथा उक्त संपत्ति पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने में अथवा श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का अन्य कोई वारिस या उत्तराधिकारी हो या कोई आपत्ति हो या किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो। दिनांकः-10.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती प्रीती रावत पति श्री दीपक रावत निवासी 66, श्री विहार, कॉलोनी, धार (म.प्र) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यवसायीक व्यपवर्तित भूमि आराजी सर्वे नंबर 133/3/2 रकबा 0.180 हेक्टर व सर्वे नंबर 133/3/1/2 रकबा 0-14 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 0-32 हेक्टर में से 0-190 हेक्टर अर्थात 20000-00 वर्गफीट स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, को उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया होकर भूमि का मौके पर आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है तथा अनुबंध अनुसार विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक :- 11/08/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दादूसिंह पिता श्री गुलाबसिंह जाति राजपूत निवासी 206, ग्राम जमुनिया शंकर तहसील आलोट जिला रतलाम (म.प्र.) के द्वारा भूमि स्वामि विरेन्द्रसिंह पिता श्री घुडुसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम मंगरोला तहसील व जिला उज्जैन से क्रय एवं क्रय अनुबंधित कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1474/2 रकबा 0-680 हेक्टर, सर्वे नंबर 1473/1 रकबा 0-050 हेक्टर, सर्वे नंबर 1471/1/2 रकबा 0-180 हेक्टर कुल किता 3 रकबा 0-910 हेक्टर में से 0-810 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम मंगरोला तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया विधिवत आंशिक टोकन बयाना राशि अदा कर के सौदा चिट्टी का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक :- 11/08/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती भावना पोखरना पति श्री अशोक कुमार पोखरना निवासी मकान नं. A-160, वी.डी. क्लॉथ मार्केट, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 106, जो कि नागेश्वर धाम कालोनी, कानीपुरा रोड़, उज्जैन में स्थित हैं। भवन एक मंजिला अर्थात केवल तल मंजिल आर.सी.सी. का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 113.25 वर्गमीटर हैं। भवन के पूर्व दिशा में रोड़ कालोनी, पश्चिम दिशा में दीगर की भूमि, उत्तर दिशा में भूखण्ड/भवन क्रमांक 107 एवं दक्षिण दिशा में भूखण्ड/भवन क्रमांक 105 हैं। उक्त वर्णित संपत्ति आईसीआईसीआई बैंक में बंधक हैं इसके अलावा अन्य किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 11-08-2026

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. नं 96177-77776**

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि स्वामी सुविधा मीणा पति प्रहलादजी मीणा निवासी-ग्राम रूदाहेड़ा तहसील घट्टिय जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रं. 249/1/2 रकबा 0.400 हे. कृषि भूमि स्थितग्राम रूदाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का रूदाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर फ्री होल्ड राइट्स की कृषि भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से क्रय करने का सौदा किया है और आशिक विक्रय मूल्य की राशि भी बयाना स्वरूप अदा कर दी है। अब केवल शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित प्रमाण मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा और मेरा पक्षकार अपने पक्ष में उक्त कृषि भूमि की रजिस्ट्री करवा लेवेगा। इति दिनांक 11.08.2026

**मनोज तोंगर (गुर्जर), एड्व्होकेट**
**15/7, श्रीराम कॉलोनी अंकपात मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल : 9827637380**

CMYK
दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
BHOPAL-GWALIOR REGIONAL



## पान मसाला की प्लास्टिक पैकिंग पर बैन

**नई दिल्ली** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पान मसाला की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को बैन कर दिया है। नए नियमों के तहत कंपनियां अब सिर्फ पेपर, टिन या ग्लास कंटेनर में ही पान मसाला पैक कर बेच सकेंगी। कंपनियों को नए ईको-फ्रेंडली विकल्पों की तरफ जाना होगा। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड पैकेजिंग अमेंडमेंट रेगुलेशन 2026 को नोटिफाई कर दिया है। ये नए नियम तुरंत लागू हो गए हैं। मुख्य वजह पर्यावरण सुरक्षा है। प्लास्टिक और एल्युमिनियम फॉयल वाले पाउच सालों तक नष्ट नहीं होते और प्रदूषण बढ़ाते हैं। इस नियम का मकसद पान मसाला की पैकेजिंग को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री और इको-फ्रेंडली बनाना है। यह फैसला पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के प्रावधानों के तहत लिया गया है। पान मसाला बनाने वाली कंपनियां अब सिर्फ प्लास्टिक-मुक्त पेपर, पेपरबोर्ड, सेल्यूलोज या अन्य प्राकृतिक रूप से मिलने वाले मटेरियल का उपयोग कर सकेंगी। स्न्नस्स्न्ड्ड ने टिन के डिब्बे या कांच के कंटेनर्स को भी पैकेजिंग के लिए मंजूरी दी है।

## एअर इंडिया फ्लाइट टर्बुलेंस जांच दावा- गांजा पिया था

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट के टर्बुलेंस मामले में आरोपी पायलट का दूसरा ड्रग टेस्ट भी पॉजिटिव आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पायलट ने गांजा का नशा किया था। फिलहाल प्लेन उ?ा रहे दोनों पायलट को जांच पूरी होने तक ड्यूटी से हटा दिया है। एयरक्रॉफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कहा कि जांच पूरी होने तक कोई नतीजा नहीं निकाला जाना चाहिए। यह घटना 4 अगस्त को हुई थी। भुवनेश्वर से गुजरते समय प्लेन में अचानक टर्बुलेंस जैसे हालात बने और यह करीब 300 फीट नीचे आ गया था। जिससे यात्रियों और सदस्यों को चोटें आई थीं। प्लेन में 137 पैसेंजर और 8 क्रू मेंबर सवार थे। पहला दावा- टर्बुलेंस हुआ, फ्लाइट 3 मिनट तक पलटी खाती रही-फ्लाइट टर्बुलेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर 4 अगस्त की सुबह 11:07 बजे सुरक्षित उतार लिया। एक यात्री ने दावा किया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद तेज झटके लगने लगे।

## सीएम सोरेन का ऐलान 14 वीं जीपीएससी परीक्षा रद्द होगी

**रांची।** झारखंड के रांची में सोमवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को राज्यव्यापी बंद बुलाया। रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगह सड़कें जाम कीं। कुछ जिलों में कार्यकर्ता जबरन दुकानें बंद कराते भी नजर आए। कई शहरों में पुलिस ने लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि, कई प्राइवेट स्कूल खुले हुए थे। इधर, झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। कार्यकर्ता पुरानी विधानसभा के पास जुटे थे, जहां उन्हें हिरासत में लेने के लिए पुलिस पहुंची। इसके बाद कुछ कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए, जबकि कुछ पुलिस वैन के आगे बैठ गए। पुलिस लगातार उन्हें हटाने की कोशिश करती रही, इसी दौरान धक्का-मुक्की और झड़प हुई। वहीं, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो से अस्पताल से खुला पत्र जारी किया है। उन्होंने विधान सभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार शाम छात्रों ने लाठीचार्ज के विरोध में मौन जुलूस निकाला।

## राष्ट्रीय ध्वज भारत की शक्ति और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के गुना मंडल द्वारा स्थानीय पार्टी कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए जयस्तभ चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, समाजसेवी संस्था के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के उपरांत भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। यात्रा के समापन के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि आजादी के आंदोलन में हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत माता के वैभव को शिखर पर विराजमान करने में हमारे सेनानियों का अहम योगदान है। उन्होंने का कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को यह दिखाया है कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक शक्ति जब संकल्प में बदलती है, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं रहती।

## नपा कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत गायन किया

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना कार्यालय में मंगलवार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी, सहायक यंत्री सुनील कुमार जैन एवं सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने तिरंगे के सम्मान की शपथ ली एवं वंदे मातरम का पूर्ण गायन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के शुभारंभ 09 अगस्त से नगर पालिका परिषद गुना द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें प्रथम दिवस रंगोली प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस में शहर के सम्माननीय नागरिकों को तिरंगे की शपथ दिलाई गई, आज वंदे मातरम गीत के 150 वी वर्षगांठ पर समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम गीत का पूर्ण गायन किया। कार्यक्रम का संयोजन नगर पालिका की आईईसी टीम सिद्धिविनायक के सदस्यों ने किया।

# टोनी शाह को वक्फ मस्जिदों मे उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मान

**गुना।** जिले के मक्सूदनगढ़ अंजुमन इस्लाम वक्फ कमेटी अध्यक्ष (सदर) मक्सूदनगढ़ को वक्फ मस्जिदों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत गौरव सम्मान से नवाजा गया है। जिसका श्रेय टोनी शाह ने डॉ सनवर पटेल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मध्य प्रदेश, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन को दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ सनवर पटेल के निर्देश पर, यह सारे विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

मक्सूदनगढ़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी सदर टोनी शाह के द्वारा किए गए मक्सूदनगढ़ की वक्फ मस्जिदों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान से शाह को नवाजा गया है। अंजुमन इस्लाम वक्फ कमेटी के अध्यक्ष (सदर) के रूप में न केवल वक्फ बोर्ड की आय को ऐतिहासिक वृद्धि कर बढ़ाया, बल्कि अपनी सूझबूझ से मक्सूदनगढ़ में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर किए गए अतिक्रमण को भी अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया है। उन्होंने वक्फ मस्जिदों में कराए गए, विकास कार्यों मैं,सराहनीय योगदान रहा, टोनी शाह के अध्यक्ष (सदर) बनने के बाद मक्सूदनगढ़ में वक्फ बोर्ड की, संपत्तियों से वक्फ बोर्ड की आय को कई गुना बढ़ाई गई है। साथ ही मक्सूदनगढ़ गुना रोड पुरानी ईदगाह मस्जिद की भी तामीर कराई गई है और एक खूबसूरत



मस्जिद बनकर अब तैयार है, जिसका कार्य अभी भी जारी है। उक्त मस्जिद में टाइल्स लगाए गए, मस्जिद में इनवर्टर लगवाया गया, मस्जिदों में परमानेंट दो इमाम की व्यवस्था की गई है। मक्सूदनगढ़ के इतिहास में पहली बार एक मुफ्ती की इमाम के तौर पर मस्जिद में परमानेंट व्यवस्था की गई। मस्जिद में एलिवेशन लगवाए गए है, मस्जिद में पुट्टी, प्लास्टिक पेंट, लाइट फिटिंग सहित कई प्रकार के सरायनीय कार्य टोनी शाह द्वारा निरंतर कराए जा रहे हैं। यही कारण है की, शासन प्रशासन के अधिकारी भी उनके काम की तारीफ करते दिखाई देते हैं, जबकि कई कार्यक्रमों में डॉ सनवर पटेल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने भी विकास कार्यों की तारीफ की।

श्री पटेल द्वारा उदाहरण दिया जाता है कि, टोनी शाह जैसे कराए गए विकास कार्य पूरे मध्यप्रदेश में होने चाहिए। डॉ सनवर पटेल के मार्गदर्शन एवं उनके निर्देश पर कराए गए विकास कार्यों से मिले इस सम्मान के भी असली हकदार डॉ सनवर पटेल है, जिन्होंने उनके ऊपर भरोसा किया और वक्फ की मस्जिदों में काम करने का, खिदमत करने का मौका दिया। साथ ही शाह ने सम्मान मिलने के उपलक्ष्य में बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का आभार व्यक्त किया।

## जटाशंकर पर हुआ संत समागम और भंडारे का आयोजन

**शुजालपुर।** सिद्ध क्षेत्र जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में मनोहर मानव सेवा समिति के तत्वावधान में संत समागम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में संत समाजजन व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिनका स्वागत योगेन्द्र सिंह बंटी बना ने किया। जटाशंकर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को विभिन्न संतों के साथ उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने संबोधित किया। यहां पर उपस्थित जन समुदाय ने संतों का अभिनंदन कर आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर महंत महावीर नाथ योगी महाराज, श्रृंगारपुर बालाजी धाम अकोदिया के महामंडलेश्वर श्यामदास त्यागी महाराज सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों की उपस्थिति रही। यहां पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मनोहर मानव सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। बारिश के बावजूद महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साह दिखाते हुए 32 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक शाजापुर के सहयोग से किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने जरूरतमंद मरीजों की मदद के उद्देश्य से रक्तदान किया। आयोजन में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम सहित समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं अरविन्द नागर पिता स्व. कैलाशचन्द्रजी नागर निवासी 118/13 ए चन्द्रशेखर आजाद मार्ग मुंशी राजे का बाडा उज्जैन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा श्रीमती अलका नागर पति जगदीश नागर निवासी खण्डेलवाल नगर सेंट पॉल रोड उज्जैन के द्वारा संयुक्त अविभक्त संपत्ति भूखण्ड/भवन क्रमांक 23 का पूर्व से दूसरा भाग स्थित खण्डेलवाल नगर एक्सटेंशन सेंटपॉल रोड एम आर 5 रिंग रोड उज्जैन जो मेरे पक्षकारा के पिता स्व. कैलाशचन्द्रजी के नाम से है तथा कृषि भूमि सर्वे नंबर 45/1 रकबा 3.35 हैक्टेयर स्थित ग्राम गिरोता प.ह.न. 1 तहसील देपालपुर जिला इंदौर में स्थित है जो राजस्व दस्तावेज में दृश्यमान स्वामी के रूप में अरविन्द नागर का नाम दर्ज है तथा भवन क्रमांक 262 कुल क्षेत्रफल 209.37 वर्गमीटर स्थितग्राम गिरोता जो कि स्व. कैलाशचन्द्रजी के नाम से है तथा मकान नंबर 118/13 ए चन्द्रशेखर आजाद मार्ग ढाबा रोड उज्जैन जिसमें नगर पालिका निगम उज्जैन में दृश्यमान रूप से अरविन्द नागर का नाम दर्ज है। उक्त समस्त सम्पत्ति संयुक्त परिवार की होकर शामिलाती है जिसमे मेरी पक्षकारा का 1/2 हित निहित है जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा द्वारा एक वाद माननीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खण्ड उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो प्रकरण क्रमांक आरसीएस ए 454/2025 पर विचाराधीन है जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 24-6-2026 को आदेश पारित कर उल्लेखित संपत्ति को किसी भी प्रकार से विक्रय, अंतरण एवं अन्य प्रकार से बाधित करने से स्थगित किया गया है। अतः उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति संस्था या निकाय उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई सव्यवहार अरविन्द नागर पिता कैलाशचन्द्र नागर से नही करे। यदि कोई संव्यवहार उल्लेखित संपत्ति के संबंध में किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। सूचित हो।

**रजनीकांत बाकलिया एडवोकेट**
**चैंबर नंबर 12, न्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 9425946735**

## In The Court Of VI Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain

**Presiding Officer:** श्रीमती स्वाति भार्गव

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) ((RCS A/ 0000172/2025)**
**गोपाल पोरवाल, ..........वादी**
**विरूद्ध**
**कनुप्रिया देवातले............प्रतिवादी**

Process id -/2026
**पेशी दिनांक 29/08/2026**

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी गोपाल पोरवाल पिता श्री देवीलालजी, आयु-52 वर्ष, धंधा व्यापार, निवासी-16/2 अलकापुरी उदयन मार्ग हनुमान मंदिर के पास उज्जैन आदि-5 ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वादीगण एवं प्रतिवादी क्र. 1 कनुप्रिया देवातले पिता स्व. चंद्रकांतजी, आयु-55 वर्ष, धंधा-नोकरी, निवासी- सेठी नगर उज्जैन एवं सर्वे नं. 98/7 अलकापुरी उदयन मार्ग हनुमान मंदिर के पास उज्जैन के भूखण्ड के मध्य 20 फीट का रोड है जिसमें से दोनों तरफ 2-2 फीट की जगह नाली के लिये छोडी गई है और रोड 16 फीट का है, उक्त 20 फीट के रोड के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 08 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यादिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**स्वाती भार्गव**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ**
**खण्ड जिला उज्जैन म.प्र.**

## इंडक्शन कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को मिली महाविद्यालय की जानकारी

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, पुस्तकालय, एनएसएस, विभागीय गतिविधियों और विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। डॉ. मुकेश मेवाड़ा ने प्रवेश प्रक्रिया, वर्षा यादव ने पुस्तकालय, संध्या सोलंकी ने गांव की बेटी व प्रतिभा किरण योजनाओं तथा डॉ. सुरभी गुप्ता ने छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी। गजेंद्र पाटीदार ने एनएसएस, डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने कला संकाय और डॉ. बीके त्यागी ने आईक्यूएसी एवं महाविद्यालयीन गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ. आशीष यादव ने स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ व रोजगार संबंधी जानकारी दी। संचालन डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और महाविद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1 बहादुरसिंह 2-विक्रमसिंह 3-सोहनसिंह 4-तूफानसिंह पुत्रगण श्री कालूसिंह 5-रामकुंवर बाई 6-उमेशकुंवर बाई 7-लावूबाई 8-हरकुंवरबाई 1- भुलाबाई पुत्रीगण श्री कालूसिंह से उनके संयुक्त स्वामित्व स्वत्त्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-156/1 रकबा 1.16 हैक्टर व मोहनलाल पिता श्री रामलाल से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-156/3/1 रकबा 0.20 हैक्टर व देवीसिंह पिता श्री लालजी से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-156/3/2 रकबा 0.30 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-156/3/3 रकबा 0.08 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.38 हैक्टर 1-करणसिंह 2-राजेन्द्रसिंह पुत्रगण श्री बनेसिंह से उनके संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-158/2/1 रकबा 0.80 हैक्टर व जगन्नाथ पिता श्री गणपतलाल से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-158/2/2 रकबा 0.40 हैक्टर 1-कालूसिंह 2-बनेसिंह पुत्रगण श्री उदेसिंह से उनके संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-159 रकबा 0.67 हैक्टर व श्यामू बाई चौहान पत्नी श्री उमराव सिंह चौहान से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-158/3 रकबा 4.07 हैक्टर व रेखाबाई पति श्री ईश्वरसिंह से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-407/3 रकबा 0.33 हैक्टर संयुक्त कुल किता-7 संयुक्त कुल रकबा 8.01 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम सारसी तहसील बड़ौद जिला आगर मालवा (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-11.08.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाइडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्रीमती सीता बाई पुत्री लक्ष्मण निवासी ग्राम बावलिया खेडी तहसील सांवेर जिला उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं उसकी बहन संतोषबाई, कैलाश बाई एवं प्रार्थी के भाई मांगीलाल के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 53 रकबा 0.0500 हेक्टर, सर्वे नंबर 154/2 रकबा 0.0800 हेक्टर, सर्वे नंबर 155/2 रकबा 0.1800 हे. सर्वे नंबर 156/1 रकबा 0.3200 हेक्टर, सर्वे नंबर 156/7 रकबा 0.1400 हेक्टर स्थित ग्रांम बदरखा बाबा पटवारी हल्का नंबर सुरासा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन रहीं है। उक्त सम्पत्ति प्रार्थी की पैतृक सम्पत्ति है तथा लक्ष्मणजी की पुत्री होने के नाते प्रार्थी का उक्त भूमि में उसके भाई एवं बहनों के साथ ही समान स्वत्व, हित एवं अधिकार है। प्रार्थी एवं उसकी बहनो की सहमति से उक्त भूमि पर राजस्व अभिलेखों में मांगीलाल का नाम दर्ज हो गया था। प्रार्थी को ऐसी जानकारी मिली है कि भूमि की कीमत बढ़ जाने के कारण मांगीलाल के मन में बदनियति आ गई है और वह उक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय करना चाहता है, जबकि उक्त भूमि में प्रार्थी का भी समान स्वत्व, हित एवं अधिकार है। इसलिये कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक उक्त भूमि को न तो क्रय करे और न रहने आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उक्त भूमि को क्रय किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है, तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणामों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। दिनांकः 11/8/2026

**अमित कुमार व्यास हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**12 ब्राह्मण गली उज्जैन**
**मो. 6269211110**

# अग्रवाल महिला मंडल ने सुंदरकांड का पाठ किया

**शुजालपुर।** अग्रवाल महिला मंडल की ओर से पवित्र श्रावण मास के अवसर पर अच्छी बारिश की कामना को लेकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने लयबद्ध सुंदरकांड का पाठ कर भजनों की प्रस्तुति दी। पाठ के पश्चात प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल ने अग्रवाल महिला मंडल की नवनिर्वाचित समिति की अध्यक्ष विद्या गोयल, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी वीणा दीपक गोयल को शुभकामनाएं दीं।

## बेकाबू सांड ने मचाया आतंक,आधा दर्जन लोगों को किया घायल

**शुजालपुर।** शहर में पहले से ही निराश्रित मवेशियों की परेशानी काफी है उस पर मंगलवार को बेकाबू एक सांड ने काफी आतंक मचाया। इस सांड के कारण कई घंटों तक दहशत बनी रही। मिली जानकारी अनुसार ब्रज नगर कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक हिंसक और बेकाबू सांड ने जमकर उत्पात मचाया। सांड ने कॉलोनी की विभिन्न सड़कों पर दौड़ते हुए करीब आधा दर्जन लोगों को चोटिल कर दिया। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद सांड को पकड़ लिया।

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना मे स्थित भवन क्रमांक बी-32/20 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्री महेश नागर पिता श्री गेंदालाल नागर एवं श्रीमती राधा नागर पति श्री महेश नागर, निवासी-309, बागड़िया भवन, नजरअली मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 30.06.2017 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं। आवंटी श्री महेश नागर पिता श्री गेंदालाल नागर एवं श्रीमती राधा नागर पति श्री महेश नागर, निवासी-309, बागड़िया भवन, नजरअली मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत् कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती सीमा पटेल पति श्री देवेन्द्र पटेल, निवासी-100, सुदामा नगर, आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं। अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1-उमराव सिंह चौहान पिता श्री लालसिंह चौहान से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-834/1 रकबा 0.57 हैक्टर व 1-भारतकुंवर पति श्री श्यामसिंह पिता श्री प्रतापसिंह 2-कुशालसिंह पिता श्री प्रतापतसिंह से उनके संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-834/2 रकबा 0.58 हैक्टर व 1-गुमानसिंह पिता श्री रतनसिंह 2-भग्गूबाई पिता श्री रतनसिंह 3- मेहरबानसिंह पिता श्री रतनसिंह से उनके संयुक्त स्वामित्य स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-835 रकबा 0.30 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-837 रकबा 0.10 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-838 रकबा 0.10 हैक्टर कुल किता-3 रकबा 0.50 हैक्टर संयुक्त कुल किता-5 संयुक्त कुल रकबा 1.65 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम हरनावदा तहसील बड़ौद जिला आगर मालवा (म.प्र.) में हैं. को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति गेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-11.08.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-भगवानसिंह पिता लालजी जाति गारी निवासी ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 38/4 रकबा 2.2790 हैक्टर 2- बाबूलाल पिता लालूजी जाति गारी निवासी ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 38/5 रकबा 0.5220 हैक्टर 3-अम्बाराम पिता लालूजी जाति गारी निवासी ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रं. 38/1 रकबा 1.9650 हैक्टर में की रकबा 0.3340 हैक्टर दक्षिण दिशा की कुल किता 3 कुल रकबा 3.1350 हैक्टर समस्त भूमि स्थित ग्राम दाउदखेडी प.ह.नं. 22 तेहसील व जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया है तथा सौदा चिठ्ठी का संपादन किया है, बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का संपादन करा कर व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पांच दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 11-8-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51 , स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124**

## न्यूज-कॉलम

### कलेक्टर ने सुनीं 102 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने 102 नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन एवं संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान होना चाहिए ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### देवनारायण मंदिर चोरी मामले में चार बालकों को लिया अभिरक्षा में

**मन्दसौर।** जिले की भैसोदामंडी चौकी और भानपुरा थाना पुलिस ने बोरदा स्थित देवनारायण मंदिर से चोरी हुए 70 हजार रू. कीमती 174 ग्राम चांदी के आभूषण को पुलिस ने महज 18 घंटे के भीतर बरामद कर 4 विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया है। घटना के अनुसार, बोरदा निवासी पुजारी फूलचंद गुर्जर ने 11 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 अगस्त की रात मंदिर बंद करने के बाद अज्ञात चोरों ने मंदिर की पेटी में रखा चांदी का छत्र, आरती, गाय, तिलक और चौन चोरी कर ली है। शिकायत पर शामगढ़ थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से त्वरित कार्रवाई की। चारों बालकों को चिह्नित कर चोरी गया शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया।

### डॉक्टर से 5 लाख की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** कोतवाली थाना पुलिस ने नगर के एक चिकित्सक के निवास व अस्पताल में घुसकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले एक महीने से फरार चल रहा था। मामला विगत 7 जुलाई का है, जब दशरथ नगर रोड निवासी डॉ. योगेंद्र कोठारी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रलायता निवासी लोकेश पिता दशरथ भांभी ने उनके घर व अस्पताल में जबरन घुसकर रंगदारी की मांग की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस टीम आरोपी की लगातार सुरागकशी कर रही थी।

# मंदसौर-सुवासरा फोरलेन: 2300 करोड़ की डीपीआर के मुकाबले मिला सिर्फ 199 करोड़ का बजट, पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से की पर्याप्त राशि की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र प्रेषित कर मंदसौर जिले के दो अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के लिए पर्याप्त बजट राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मंदसौर से सुवासरा 65 किलोमीटर 4 लेन सड़क मार्ग के लिए 172 करोड़ रुपये. तथा सीतामऊ से लदूना होकर दीपाखेड़ा तक 8 लेन को जोड़ने वाली 11 किलोमीटर सड़क के लिए 27 करोड़ रु. का ही प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर बजट में लगभग १९९ करोड़ रु. ही शामिल किए गए हैं, जबकि विभागीय जानकारी के अनुसार इन फोरलेन मार्गों के निर्माण हेतु प्रथम दृष्टया 2300 करोड़ रु. का डीपीआर तैयार किया गया था। इस प्रकार स्वीकृत बजट वास्तविक आवश्यकता की तुलना में बहुत कम और अपर्याप्त है।

पूर्व विधायक श्री सिसौदिया ने पत्र में बताया कि ये दोनों मार्ग क्षेत्र के अत्यंत व्यस्ततम सड़क मार्ग हैं, जो दिल्ली-मुंबई ८ लेन एक्सप्रेसवे तथा गरोठ-उज्जैन ४ लेन मार्ग को आपस में जोड़ते हैं। इन मार्गों पर लगभग आधा दर्जनों स्थानों पर बाईपास तथा सेमली, तुम्बड़ एवं चंबल जैसी प्रमुख नदियों पर बड़े पुलों का निर्माण प्रस्तावित है।

उज्जैन से गरोठ फोरलेन एवं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की सीधी कनेक्टिविटी मिलने के कारण मंदसौर पहुंचने के लिए वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से हो रही है। जिससे ट्रैफिक का दबाव बढ़ने के कारण आए दिन गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर तैयार किए गए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार ही इन महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण के लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान स्वीकृत किया जाए, ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्रता से पूर्ण हो सके तथा आम जनता को सुगम व सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सके।

## आलोचना, प्रतिक्रमण और प्रायश्चित से ही जीवन में आ सकता है सच्चा निखार: - महासती प्रफुल्ला श्री म. सा.

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

नीमचौक जैन स्थानक में आयोजित भव्य धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासाध्वी प्रफुल्ला श्री म. सा.ने उत्तराध्ययन सूत्र के 29वें अध्याय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उत्तराध्ययन सूत्र के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जब गौतम स्वामी ने भगवान महावीर से गुरु और साधर्मी की सेवा के लाभ के बारे में पूछा, तो प्रभु ने फरमाया कि सेवा भक्ति से जीवन में विनय गुण की वृद्धि होती है।

महासतिया जी ने बताया गया कि जिस प्रकार व्यक्ति कपड़ा या भूमि खरीदते समय उसकी गुणवत्ता (पोत) परखता है, ठीक उसी प्रकार समाज में भी विनयवान व्यक्ति की गुणवत्ता और कद्र होती है। विनय गुण से सुशोभित व्यक्ति को हर कोई सहर्ष अपनाता है। –'आलोचना करने का क्या लाभ है?'–का उत्तर देते हुए प्रभु महावीर के वचनों को रेखांकित किया गया। अपने भीतर झांकना और कर्मों की आलोचना करना ही आत्म-शुद्धि का मार्ग है। जैसे कपड़े की धूल झटकने से, सामान्य दाग धोने से और जिद्दी दाग ड्राई क्लीनिंग से साफ हो जाते हैं, वैसे ही जीवन की छोटी-मोटी गलतियों को आलोचना, प्रतिक्रमण और प्रायश्चित द्वारा धोया जा सकता है। लेकिन यदि समय पर प्रायश्चित न किया जाए, तो पाप 'निकाचित कर्म' बन जाते हैं, जिन्हें भोगे बिना कोई छुटकारा नहीं मिलता। उदाहरण से समझाई समय पर प्रायश्चित की आवश्यकता प्रवचन में एक व्यावहारिक उदाहरण देते हुए बताया गया कि पैर में चुभा कांटा यदि शुरूआत में सुई से न निकाला जाए, तो बाद में वह नासूर बन जाता है और पूरे शरीर में जहर फैलने पर अंग तक काटना पड़ता है। ठीक इसी तरह, जीवन में मिथ्यात्व, दर्शन और माया रूपी शल्य (कांटों) को तुरंत निकाल फेंकना चाहिए, अन्यथा देर होने पर दुष्परिणाम भुगतने ही पड़ते हैं।

प्रवचन के दौरान महासती श्री महिमा श्री म.सा. के विचारों को उद्धृत करते हुए जीवन में चार बातों का ध्यान रखना आवश्यक है: 1. गलत वस्तु से बचें: मोबाइल आदि के अत्यधिक प्रयोग से समय की बर्बादी से बचें। 2. गलत स्थान से बचें: शराब जैसी जगह पर न जाएं, भले आप सेवन न करते हों, अन्यथा छवि धूमिल होगी। 3.गलत साहित्य से बचें: कुविचारों से बचने के लिए हमेशा सद्ग्रंथों और अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करें। 4.गलत व्यक्ति की संगत से बचें: दुष्प्रवृत्तियों वाले लोगों का साथ तुरंत छोड़ें।

यदि व्यक्ति इन चार नियमों को अपना ले, तो उसका जीवन पापमुक्त और संयमित बन सकता है।

## पत्रकार शरद जोशी को समाज जनों ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी के निधन पर आज आयोजित उठावना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाज जनो, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं एवं मालवा के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने इन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्थानीय महालक्ष्मी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार साथियों के अलावा मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ से प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित संघ के शासन संगठन समिति के संयोजक राजेंद्र पुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर एवं उज्जैन महासचिव घनश्याम शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष शलभजी भदौरिया की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

मंदसौर से वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलौया, प्रीतिपाल सिंह राणा, प्रकाश बंसल, प्रदेश संयुक्त सचिव भेरूलाल टांक, रतलाम संभाग अध्यक्ष राजेश जैन, संभाग उपाध्यक्ष गोविंद उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार रमेश टांक, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष सौरभ कोठारी, सुजीत उपाध्याय, दिनेश दवे, जलज शर्मा, यशवंत राठौर हेमंत भट्ट, विनोद संघवी, किशोर कुमावत, सिकंदर पटेल, ने स्व. जोशी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व महापौर पारस सकलेचा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक भरगट, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल मौर्य, रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, हार्दिक मेहता, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन प्रीतेश गादिया, अभिभाषक संघ के सुनील पारिख सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें अधिकारी-कलेक्टर श्री चंद्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक में शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल पोर्टल पर दर्ज करने तक सीमित न रहे, बल्कि आवेदक की संतुष्टि के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक रूप से शिकायत लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जनसुनवाई एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इन शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ५० दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के साथ ही अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा।



## वैष्णव बैरागी समाज का 5वां प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

श्री वैष्णव बैरागी सेवा संघ कोर कमेटी मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सतीश वैष्णव की स्मृति में ५वें प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह में समाज के 145 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मेडल, उपहार एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व शहर में एक ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली गई। जो ऑडिटोरियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई गंगा गार्डन खानपुरा पहुँची। खुली जीपों और सुसज्जित बग्घियों में अतिथियों व मेधावी विद्यार्थियों को बैठाया गया था, जिनका स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पं. योगेंद्र महंत, नरेंद्र वैष्णव (बांसवाड़ा), भुवनेश वैष्णव (मुंबई), नीरज वैष्णव (शाजापुर), हरिओम वैष्णव (मुरैना), प्रकाश वैष्णव, निशा वैष्णव, डॉ. रोहित बैरागी, सेवा संघ मंदसौर के जिलाध्यक्ष महेश कुमार वैष्णव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एड. तरुण वैष्णव ने किया तथा आभार जिलाध्यक्ष राधेश्याम बैरागी (करजू) ने माना।

## शाबाउमावि में एक पेड़ माँ के नाम की थीम पर हुआ वृक्षारोपण

**पिपलियामंडी।** एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में प्राचार्य बीआर सिसोदिया के नेतृत्व एवं एनएसएस प्रभारी श्रीमती अंजुम शाह तथा संयोजक मेजर गोपाल कच्छावा के निर्देशन में नवगठित राष्ट्रीय सेवा योजना हस्स के छात्रों द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थित भारतीय वीरांगनाओं का हरित प्रक्षेत्र नामक वृहद उद्यान की साफ सफाई और खरपतवार उखाड़ने का कार्य किया गया, छात्रों के विभिन्न दलों द्वारा उद्यान की साफ सफाई की गई तत्पश्चात हस्स और ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर फलदार पौधों का रोपण कर वृक्षारोपण के कार्य को गति प्रदान की गई उक्त कार्य में इको क्लब प्रभारी श्रीमती रीना वर्मा श्री जगदीश मेघवाल का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, सभी छात्रों द्वारा पूर्ण लग्नशीलता के साथ उद्यानों की साफ सफाई की गई तथा पौधारोपण का कार्य किया गया तत्पश्चात उक्त कार्य में भागीदारी निभाने वाले सभी छात्रों को एनएसएस की ओर से सल्फहर भी करवाया गया, आचार्य श्री सिसोदिया ने सभी छात्रों को अनुशासन में रहकर राष्ट्र निर्माण के प्रगति पथ पर चलकर छोटे-छोटे कार्य करते रहने की सलाह दी गई।

## स्वच्छता एवं पॉलिथीन मुक्त शहर की दिशा में नगर परिषद की सख्त कार्रवाई

**पिपलियामंडी।** नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विशेष निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की गई। नगर परिषद की टीम द्वारा बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर गंदगी फैलाने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों एवं नागरिकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 1500 के चालान किए गए। नगर परिषद द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए औचक निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। आइए, स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी बनाए।

## न्यूज कालम



### 38 घरों में एक साथ गूंजे गायत्री मंत्र, रैली निकाली नशामुक्ति का दिया संदेश

**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे गृह-गृह यज्ञ अभियान के अंतर्गत ग्राम ढिकनिया में एक साथ 38 घरों में गृह-गृह यज्ञ का सफल आयोजन किया गया। यज्ञ से पूर्व गांव में एक विशाल दीप यज्ञ का आयोजन सुश्री निशा दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ। अगले दिन यज्ञाचार्यों के मार्गदर्शन में 38 परिवारों में एक साथ गायत्री मंत्रों और वैदिक ऋचाओं के साथ आहुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदसौर, नाहरगढ़, सीतामऊ, खेजड़िया और दलौदा से कुल 39 यज्ञाचार्य ढिकनिया पहुँचे थे।यज्ञ के उपरांत गांव में एक नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें व्यसनमुक्त परिवार और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक जसवंत सिंह और उपजोन समिति सदस्य ईश्वरलाल फरक्या ने यज्ञीय संस्कृति के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान नाहरगढ़ के राम निवास राठौर एवं संजीत की मोहन बाई सोलंकी ने दधीचि अंगदान का संकल्प पत्र भरकर मरणोपरांत मानव सेवा की मिसाल पेश की।

### महाशिवपुराण कथा के समापन पर उमड़ा भारी जन सैलाब



**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत गांव नैनोरा निवासी भोजावत परिवार के तत्वाधान में दिनांक 5 अगस्त से 11 अगस्त तक प्रतापगढ़ (राज) वाले पंडित महेश पांडे के मुखारविंद से आयोजित सात दिवसीय श्री महाशिवपुराण कथा में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। मंच से भोजावट परिवार के वरिष्ठ राम प्रताप पाटीदार द्वारा व्यास पीठ पर पोथी पूजन कर कथावाचक पंडित महेश व्यासजी की टीम गांव के पुरोहित पं बाबूलाल नागर, मंदिर पुजारी बंटी बैरागी सहित कई सेवाभिलाषियो का सम्मान किया। आभार व्यक्त करते हुए भोजावत परिवार द्वारा आमंत्रित व कथा श्रोताओं के सम्मान में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया।

### तिथि अनुसार मनाया स्वतंत्रता दिवस, पशुपतिनाथ का दूर्वा से किया अभिषेक



**मंदसौर।** ज्योतिष एवं कर्मकांड परिषद द्वारा अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में तिथि के अनुसार स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1947 में श्रावण कृष्ण चतुर्दशी के दिन भारत स्वतंत्र हुआ था, उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए संस्था वर्ष 1985 से प्रतिवर्ष तिथि अनुसार यह पर्व मनाती आ रही है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पं. उमेश जोशी आचार्य के नेतृत्व में विद्वान आचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान पशुपतिनाथ का दूर्वा जल से विशेष अभिषेक किया। मंत्रोच्चार के साथ राष्ट्र की उन्नति, सुख-समृद्धि और अभ्युदय की प्रार्थना की गई। अभिषेक अनुष्ठान में पं. मनोहर लाल शर्मा, पं. विशाल जोशी, रवींद्र पांडे, पं. पंकज शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हरियाली अमावस्या 12 अगस्त को शुरू होगा त्रिवेणी वनरोपण अभियान

**रतलाम** । त्रिवेणी वनरोपण अभियान का शुभारंभ शिवगढ़ क्षेत्र स्थित भाई-बहन पहाड़ी पर हरियाली अमावस्या 12 अगस्त (बुधवार) को दोपहर 12 बजे होगा। हार्टफुलनेस शिवगढ़-रतलाम से जुड़े इस अभियान। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिवगंगा अभियान झाबुआ के संस्थापक पद्मश्री महेश शर्मा होंगे। त्रिवेणी वन रोपण बिरसा मुंडा सामाजिक सेवा समिति रतलाम ने आह्वान किया है कि 12 अगस्त को अमावस्या तिथि पर अपने पूर्वजों के निमित्त कम से कम एक त्रिवेणी लगाकर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा सम्पत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक-श्रीमती रंजीता पति श्री संजीव उपाध्याय वार्ड न. 79 पता- 61-ए सिलिकान सिटी इन्दौर पिन- 1001183084 झोन क्रमांक-21 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 08.08.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी वित्त, संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक-21 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-21 नगर पालिक निगम इन्दौर**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा सम्पत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक-श्री विनोद पिता श्री भागीरथ पांचाल वार्ड न. 79 पता- 348- ओमेक्स हिल्स इन्दौर पिन- 9000294250 झोन क्रमांक-21 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 08.08.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी वित्त, संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक-21 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-21 नगर पालिक निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-17
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नेमीचंद जैन पिता बलराम जैन क्रेता- किशोरीलाल राठौर पिता हरलाल राठौर पता- 35-ए सर्वे 107/1 आर.आर. कम्पाऊंड इन्दौर पिन- 1001293233 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- कुलवंत कौर पति स्व. जसपालसिंह फुग्गल क्रेता- श्री राकेश पिता स्व. ओमप्रकाश तिवारी व अन्य वार्ड नं. 29 पता- 354 एफ-एच स्कीम नं. 54 इन्दौर पिन- 1000965267 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- गोल्ड सफायर डेवलपर्स क्रेता- श्रीमती आरती पति अरुण गोयल वार्ड नं.34 पता- पैकी 86 डीएम ड्रीम सिटी इन्दौर पिन- 1004056359 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तिलकराम पिता सरजू प्रसाद क्रेता- श्रीमती बबीता पति सतीश प्रजापत व अन्य वार्ड नं. 29 पता- 255-डीके-1 स्कीम नं. 74-सी इन्दौर पिन- 1000967751 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग पर रजिस्ट्रर हक्क त्याग आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयत नामा प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच (म.प्र.)

**Ph-07420257532 Email-ID-cmodikan@mpurban.gov.in**

क्रमांक/1939/रोड/निर्माण/2026 — डीकेन दिनांक 03.08.2026

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त केन्द्रीयकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in/mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD 526512_1 | आदिम जाति कल्याण योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 शेरु गुर्जर के मकान से कल्लू मामा के मकान तक व फोरुलाल नायक के मकान से बिहारीलाल भील के मकान तक सीसी रोड निर्माण | 03 माह<br>29.95 लाख | 5000/-<br>22466/- | 03.09.2026<br>17.30 |

**निविदा शर्ते-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के सशोधन का प्रकाशन आनलाईन mptenders.gov.in/mpurban.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(श्रवण कुमार पाटीदार)** अध्यक्ष नगर परिषद डीकेन — **(रोहित केंथवास)** उपयंत्री) नगर परिषद डीकेन — **(जमनालाल पाटीदार)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद डीकेन

## श्रीमती सांकलिया का निधन

**महिदपुर रोड।** नगर सांकलिया समाज के सब्जी विक्रेता स्वर्गीय जगन्नाथ सांकलिया की धर्मपत्नी स्वर्गीय अशोक सांकलिया राम रतन सांकलिया (नाना) की



माताजी रूपा बाई सांकलिया का रविवार को निधन हो गया सोमवार को निज निवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में रिश्तेदार समाजजनों तथा नगर वासियों ने ने शामिल होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर आज भंडारा

**जगोटी।** जगोटी से छः किलोमीटर पश्चिम में गांगी नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर सावन मास में प्रति वषार्नुसार अखंड रामायण पाठ चल रहा है, घने जंगल में पौराणिक महत्व के इस धार्मिक स्थल पर इन दिनों क्षेत्र के चालीस से अधिक गांवों से श्रद्धालुओं व महिलाएं प्रतिदिन जलाभिषेक हेतु पैदल पहुंच रहे हैं, आगामी 12 अगस्त हरियाली अमावस्या को मंदिर परिसर में चालीस गांवों के श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

## श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ कर स्थापना दिवस मनाया

**महिदपुर।** नगर में 50 वर्ष पूर्व विद्वान प्रबुद्ध जन स्व, पंडित सेवाराम शर्मा, दिगंबर शास्त्री, मांगीलाल जी परमार, ओमप्रकाश खत्री, के.एल. गुलाटी वकील साहब, मनोहरलाल सोनी, ताराचंद उथरा, भगवान दास उथरा आदि द्वारा प्रत्येक एकादशी पर निःशुल्क श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ लोगों के घरों पर किया जाता आ रहा था इस परंपरा का निर्वहन अभी भी पं. गिरीश शर्मा द्वारा अपने सहयोगियों मनोहर लाल सोनी, श्याम सुंदर ग्रोवर, ताराचंद उथरा, प्रकाश खीरबाठ, गिरधारीलाल उथरा, हरिसिंह ठक्कर मनोहर सोनी, प्रेम परिहार आदि सदस्यों द्वारा सतत करते आ रहे हैं। जिसे इस एकादशी को 50 वर्ष पूर्ण होने पर श्री राधा कृष्ण मंदिर पंजाबी समाज में एक भव्य कार्यक्रम के रूप में पहले सहस्त्रनाम का पाठ पश्चात भजन संध्या महा आरती महाप्रसादी का आयोजन कर मनाया गया।

## महिदपुर क्षेत्र में 12 घंटे में 83 मी. मि. वर्षा हुई

**महिदपुर।** सोमवार सुबह 4 बजे से वर्षा शुरू हुई जो शाम 4 बजे बन्द हुई इस अवधि में 83 मी. मी. (सवा तीन इन्च) वर्षा हुई नदी-नालों में बाढ आ गई खेतों में पानी भर गया सोयाबीन की फसल को काफी लाभ हुआ। कुओं का जल स्तर बढ़ गया। इस वर्ष अभी तक 542 मी. मी. (पौने बाईस इन्च) वर्षा हो गई है जबकी गतवर्ष आज दिनांक तक 326 मी. मी. (तेरह इन्च) वर्षा हुई थी। मंगलवार सुबह से रुक रुक कर हल्की वर्षा हो रही है। क्षेत्र के बांधों में जलस्तर बढ़ रहा है। क्षिप्रा और काली सिन्ध नदी में तेज प्रवाह से बाढ़ का पानी बह रहा है। सिंचाई विभाग के जवाबदार अधिकारी से सम्पर्क न होने से बांधों के जलस्तर की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

## डॉ. भगवती प्रसाद जोशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**महिदपुर।** अखिल औदीच्य ब्राह्मण महासभा संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पटेल की अनुशंसा पर सामाजिक, सांस्कृतिक, संगठनात्मक योगदान एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए डॉ. भगवतीप्रसाद जोशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इंदौर बीएम कॉलेज में आयोजित सामाजिक समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाज के अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा श्री जोशी का अभिनंदन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। तथा जगदीश उपाध्याय बैजनाथ को प्रदेश उपाध्यक्ष, अमृत रावल कढ़ाई को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया तथा अन्य पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए।

## पूर्व भाजपा पार्षद का निधन

**तराना।** पाला मोहल्ला निवासी



स्वर्गीय दिनेश तेनगुरिया की पत्नी एवं दीपक तेनगुरिया की माता पूर्व भाजपा पार्षद चंद्रकांता तेनगुरिया का निधन हो गया है। निवास स्थल से अंतिम यात्रा निकली जिसमें रहवासी परिजन, समाजजन आदि ने शामिल होकर शांति वन में श्रद्धांजलि अर्पित की।

सारंगपुर विकासखंड के ग्राम पड़ाना में हुआ था हादसा

# मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़





सारंगपुर विकासखंड के ग्राम पढ़ाना के समीप झिरी नाले में तेज बहाव के कारण इको वाहन के बह जाने की घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव अभियान प्रारंभ किया गया। प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया। रेस्क्यू टीमों के अथक प्रयासों एवं आपसी समन्वय से 2 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा 9 मृतकों के शव बरामद किए गए हैं। सभी संभावित प्रभावितों की तलाश एवं आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होने के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन पूर्ण कर लिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं। तेज बहाव एवं लगातार बारिश के बीच टीमों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य किया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा घटनास्थल की लगातार निगरानी करते हुए रेस्क्यू अभियान में जुटी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झिरी नाले की घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पात्र मृतकों के परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत भी नियमानुसार राहत राशि प्रदान करने की कार्रवाई की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के साथ संवेदनशीलता से कार्य करने तथा उन्हें आवश्यक सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा घटना से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जा रहा है।

राजगढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों एवं जलस्त्रोतों में पानी का बहाव तेज है। जिला प्रशासन नागरिकों से अपील की कि तेज बहाव वाले नदी- नालों, पुलों एवं रपटों को पार करने का जोखिम न लें। जलभराव अथवा बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर रहें तथा प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। मुश्किल की हर घड़ी में जिला प्रशासन नागरिकों के साथ खड़ा है। नागरिकों की सुरक्षा, राहत एवं बचाव के लिए प्रशासन एवं पुलिस की टीमें लगातार तत्परता से कार्य कर रही हैं।

अखंड भारत संकल्प दिवस पर बौद्धिक सम्पन्न

# विभाजन की विभीषिका को याद कर सांस्कृतिक एकता और अखंडता का लिया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

हिंदू जागरण मंच द्वारा प्रतिवर्ष 14 अगस्त अखंड भारत संकल्प दिवस सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में महिदपुर नगर की स्थानीय ओदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला परिसर में बौद्धिक सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान भारत के विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों, उससे जुड़ी पीड़ा और विस्थापन की घटनाओं को स्मरण करते हुए देश की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया।

अखंड भारत संकल्प दिवस का उद्देश्य केवल अतीत की घटनाओं को याद करना नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को देश के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व से परिचित कराना भी रहा। मंच द्वारा इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर बौद्धिक सभाओं, सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन, मशाल रैली एवं बाइक रैलियों सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से समाज में राष्ट्र के प्रति जागरूकता, एकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि भारत का विभाजन देश के इतिहास की अत्यंत पीड़ादायक घटनाओं में से एक रहा है। विभाजन के दौरान लाखों लोगों को अपने घर, जमीन और परिचित परिवेश से विस्थापित होना पड़ा तथा बड़ी संख्या में लोगों ने हिंसा और अव्यवस्था का सामना किया। ऐसे में विभाजन की स्मृतियों को याद करना इतिहास से सीख लेने और भविष्य में समाज को विभाजनकारी परिस्थितियों से बचाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नेपाल सिंह डोडिया, जिला संयोजक दिलीप सिंह चौहान, जिला सहसंयोजक प्रधान सिंह चौहान, जिला कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर परमार, बालाराम मकवाना, बालुसिंह चौहान, हलकार सिंह राठौर, खंड संयोजक दातार सिंह, खंड सहसंयोजक तेजूलाल चौधरी, लोकेंद्र सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाजजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति संकल्प व्यक्त किया। सभा का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने के साथ ही विभाजन के इतिहास से सीख लेकर आने वाली पीढ़ियों के बीच एकता, सद्भाव और राष्ट्रहित की भावना को मजबूत करना रहा। जानकारी हिंदू जागरण मंच के अविनाश महाराज द्वारा दी गई।

# पाडल्यामाता में बारिश का पानी घरों, दुकानों और मंदिरों में घुसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पाडल्यामाता।



पाडल्यामाता क्षेत्र में रविवार देर रात से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार सुबह तक लगातार जारी रहा। इसके चलते अल सुबह पाडल्यामाता और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आया। निचले इलाकों में जलभराव होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ गई। ग्रामीणजनों ने बताया कि मौसम की अभी तक की सबसे तेज बारिश हुई हैं प्राचीन श्रीखेडापति हनुमान मंदिर परिसर में चार फीट तक पानी भर गया वही ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में महादेव पूरी तरह जलमग्न हो गए मंदिर जाने वाले रास्ते की पुलिया पर छः फीट तक पानी भरा होने के कारण श्रावण सोमवार पर भोलेनाथ का पूजन भी श्रद्धालुओं द्वारा घर से किया गया। वही काचरिया रोड पर पानी अधिक होने से लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया। दूध डेयरी, कपडा, किराना, इलेक्ट्रिकल आदि दुकानों में पानी भर गया। लोगों ने जल मोटर और बाल्टी के सहारे घरों व दुकानों का पानी निकालते रहे। दुकानों में रखे सामानों में पानी लगने से दुकानदारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। वही सब्जी मंडी में पानी होने से सब्जी की दुकानें भी नहीं लग पाई। ग्राम जमनागंज में काई नदी में अधिक पानी आने से नदी के समीप घरों में पानी घुस गया। रहवासी इंद्रसिंह पिता गंगाराम सुरावत जमानगंज के घर में रखे 8 से 10 क्विंटल गेहूं पानी में तरबतर हो गए। ग्राम बिलोदापाल का माध्यमिक विद्यालय जलमग्न हो गया। मौसम की पहली मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में भारी जलभराव होने से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।-

# कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन यजमान राधेश्याम माहेश्वरी बालाजी मंदिर पर किया गया। विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी द्वारा संचालित गीता स्वाध्याय के अंतर्गत सर्वप्रथम घर-घर गीता का प्रचार हो गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद् भागवत गीता की पूजन अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर अमृत वचन के अंतर्गत सिया पाल अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अर्जुन जैसा मित्र वह होता है जो जीवन में सही मार्ग दिखाएं, कठिन समय में साथ खडा रहे और हमें आगे बढने की प्रेरणा दे। वहीं कर्ण जैसा मित्र वह होता है जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मित्र का साथ ना छोडे और मित्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार रहे। सच्ची मित्रता वही है, जिसमें विश्वास समर्पण निष्ठा और एक दूसरे के सुख-दुख में साथ देने की भावना हो जीवन में ऐसा मित्र मिलना वास्तव में ईश्वर के आशीर्वाद के समान है। तत्पश्चात विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जैयिनी के स्वाध्याय पत्रक पाठ के अंतर्गत श्रीमद् भागवत गीता के ग्यारह श्लोक का उच्चारण कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के स्वाध्यायी द्वारा किया गया।

## किसानों ने दूध के दामों की बढ़ोत्तरी को लेकर की हड़ताल

**खाचरोद।** नगर के किसानों द्वारा दूध के दामों को लेकर लामबंद होकर हड़ताल करली। शाम ओ चामुंडा माता मंदिर में किसान की एक बैठक आयोजित की गई। सभी ने दूध के दामों पर एकता से दूध का मूल्य 70 रु. करने के लिए शाम से नगर खाचरोद में दूध सप्लाई बंद कर दिया। किसानों द्वारा बताया कि पशुओं के आहार खल आदि के दामों में वृद्धि होने से किसान को दूध का दाम नहीं पुर रहा है। सभी प्रकार के पशु आहार के दामों बढ़ने से दूध के दाम भी बढ़ाना चाहिए अभी दूध के दाम 54 रुपये है। दूध एकता संघ द्वारा हड़ताल कर दी गई।

# अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा जिला का प्रशिक्षण वर्ग आगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग में महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, समाज में एकता बनाए रखने तथा युवाओं को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया, राष्ट्रीय सचिव तारा सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं सुसनेर विधायक भेरूसिंह बापू, प्रदेश सह संगठन मंत्री रणजीत सिंह गरोठ, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह, पर्यावरण प्रमुख चंदर सिंह पंवार, प्रदेश सचिव नारायण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दरबार सिंह किलगारी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह एवं प्रदेश सचिव राजपाल सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोडाना, युवा जिला अध्यक्ष राज तंवर, मनासा-सुसनेर ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों एवं सामाजिक कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नारायण सिंह ने किया।

सावन में कावड़ यात्राएँ पहुँच रही शिवालय

# सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



सावन माह के दूसरे सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए भक्त मंदिरों में पहुंचते रहे। शाम को मंदिरों में भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष आरती की गई। इस दौरान मंदिरों में भक्ति और उत्साह का माहौल नजर आया।

मेला ग्राउंड स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का कैलाश पर्वत एवं हिमालय श्रृंगार किया गया। बर्फीले पर्वतों के बीच विराजमान भगवान शिव का स्वरूप मनोहारी नजर आया। श्रृंगार के माध्यम से कैलाश पर्वत का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

इसी प्रकार ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का बालरूपी संध्या आरती श्रृंगार किया गया। बाबा को नाग, त्रिशुल और चंद्रमा के साथ शयन मुद्रा में सजाया गया। संध्या आरती के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और भक्तों ने भगवान शिव के विशेष श्रृंगार के दर्शन किए। वहीं डाक बंगला स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का खाटूश्याम बाबा के साथ विशेष श्रृंगार किया गया। आकर्षक सजावट और मनोहारी श्रृंगार को देखने के लिए शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सावन सोमवार के चलते नगर के शिवालयों में दिनभर धार्मिक आयोजन और पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। शाम को मंदिरों में हुई आरती के दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### खरसौदकलां

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को खरसौदकलां सहित आसपास के क्षेत्र में भगवान शिव की भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। रिमझिम बारिश के बीच अलग-अलग कांवड़ यात्राओं के जत्थे शिवालयों तक पहुंचे। कांवड़ियों ने पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजते रहे।

## कावड़ यात्रा फूलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं

श्रावण सोमवार के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने चामलेश्वर महादेव मंदिर से कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। महिलाएं कांवड़ में पवित्र जल लेकर धार्मिक जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुईं और पैदल चलकर फूलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं। यहां पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा कांवड़ में लाए गए जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। इधर बच्चों ने भी रिमझिम बरसते पानी में यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकाली। बच्चों की कांवड़ यात्रा में पालक भी उत्साह वर्धन के लिए शामिल हुए।



## अभाविप के अनिल सिलोरिया नगर अध्यक्ष एवं हनु सोनी को नगर मंत्री की जिम्मेदारी

**सुसनेर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की नगर इकाई सुसनेर के वर्ष 2026-27 के नवीन सत्र के लिए नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आगर जिला विस्तारक पीयूष यादव उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उमा सिसोदिया ने की। घोषित कार्यकारिणी में अनिल सिलोरिया को नगर अध्यक्ष एवं हनु सोनी को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। संगठन को मजबूत करने और आगामी सत्र में छात्र हित एवं सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अन्य कार्यकताओं को भी विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पाटीदार ने किया। समापन अवसर पर हनु सोनी ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने नवनियुक्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के कार्यों को सक्रियता से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## एक पेड़ माँ के नाम श्री मेवाड़ा माली समाज ने भीमाखेड़ा धर्मशाला में रोपे 251 पौधे



**महिदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन-जन को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने वाले अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत श्री मेवाडा माली समाज द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। समाज द्वारा श्री देव धर्मराज नाग मंदिर, भीमाखेड़ा धर्मशाला परिसर में 251 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से 'क्रिस्टीलिया फायकश' प्रजाति के पौधे लगाए गए। यह सुंदर और दर्शनीय पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ-साथ सभी जीवों के लिए पर्याप्त मात्रा में प्राणवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। वृक्षारोपण के इस पावन कार्य में श्री मेवाड़ा माली समाज एवं श्री देव धर्मराज नाग मंदिर समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष लालसिंह गुदिया, कन्हैया पहलवान, अंबाराम पड़ोलिया, मेवाड़ा माली समाज तहसील अध्यक्ष कालूराम मैकाले, मदनलाल पड़ोलिया, पीराचंद पटेल, राधेश्याम मुनीम, कन्हैयालाल बल्डिया, गोवर्धन पटेल, रामकिशन खेड़ीवाले, मूलचंद मंडावरा, सत्यनारायण मुवाला तथा मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश जोशी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## सनोलिया ने राज्यपाल को उनके भाषणों पर प्रकाशित पुस्तकों का सेट किया भेंट



**खरसौदकलां।** कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम डॉ. थावरचंद गहलोत शनिवार शाम पत्रकार कैलाश सनोलिया के निवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सनोलिया को कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में दिए गए अपने भाषणों पर प्रकाशित पुस्तकों का सेट भेंट किया। इस अवसर पर सनोलिया के पुत्र अभिभाषक आशीष सनोलिया ने राज्यपाल डॉ. गहलोत का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सनोलिया परिवार के सभी सदस्य सहभागी बने। सनोलिया ने राज्यपाल डॉ. गहलोत को हिन्दुस्तान समाचार एजेंसी संस्थान द्वारा प्रकाशित युग वार्ता का विशेषांक भेंट किया। इस विशेषांक में आपातकाल का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसका संपादन पद्मश्री पत्रकार डॉ. रामबहादुर राय ने किया है। विशेषांक में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय नेता कैलाश सोनी सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों के आलेख प्रकाशित हैं।

## पाडल्यामाता में किराना एसोसिएशन की बैठक संपन्न, कैलाश पाटीदार अध्यक्ष मनोनीत



**पाडल्यामाता।** ग्राम पाडल्यामाता में क्षेत्र के किराना व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में व्यापारिक संगठन की मजबूती, आपसी सामंजस्य और व्यापारियों की स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पंचायत पाडल्यामाता के सरपंच सुभाषचन्द्र पाटीदार एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोवर्धन सिंह पाटीदार (लाला बा) की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश पाटीदार, कोषाध्यक्ष अफजल मंसूरी एवं सचिव सुनील माहेश्वरी की नियुक्ति की गई। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा होते ही उपस्थित व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से किराना व्यापारियों की हर छोटी-बडी समस्या को एकजुटता के साथ संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि एसोसिएशन सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से निरंतर कार्य करेगी। इस बैठक में क्षेत्र के बडी संख्या में स्थानीय किराना व्यवसायी और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।



# मानसून में वजन कम करना है, तो करें ये बदलाव

**मानसून में वजन कम करना थोड़ा मश्किल हो सकता है, लेकिन सही डाइट, लाइफस्टाइल और रूटीन में कुछ बदलाव करके आप घर पर ही रहकर भी वेट लॉस कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे-**

मानसून का मौसम गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन आपकी डाइट और लाइफस्टाइल को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इसलिए, यह मौसम वजन कम करने वाले लोगों के लिए कुछ चुनौतियों से भरा हो सकता है। बारिश के कारण शारीरिक गतिविधियां अक्सर कम हो जाती हैं, तला-भुना और चटपटा खाने की क्रेविंग बढ़ जाती है और इंफेक्शन का खतरा भी ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में अगर सही डाइट, नियमित शारीरिक गतिविधियां और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाई जाए तो मानसून में भी वजन कम करना आसान हो सकता है।

मानसून में वजन कम करने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं, जैसे-

## हल्का और संतुलित भोजन करें

बारिश के मौसम में पाचन क्रिया धीमी हो सकती है। इसलिए, बहुत ज्यादा तला-भुना या मसालेदार भोजन खाने के स्थान पर हल्का और संतुलित डाइट लें। अपने खाने में साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां और प्रोटीन से भरपूर फूड्स शामिल करें। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और अनहेल्दी खाने की क्रेविंग कम होती है।

## प्रोटीन इनटेक का ध्यान रखें

वजन कम करने में प्रोटीन एक जरूरी पोषक तत्व है। यह मांसपेशियों को बनाए रखने में मदद करता है और लंबे समय तक पेट को भरा रखने का एहसास कराता है। स्टडी के अनुसार, कम प्रोटीन वाले डाइट की तुलना में, ज्यादा प्रोटीन वाले डाइट भूख, शरीर के वजन को कंट्रोल करने और कार्डियोमेटाबोलिक रिस्क फैक्टर में सुधार लाते हैं। इसलिए, आप अपनी डाइट में दालें, पनीर, टोफू, अंडे और अंकुरित अनाज शामिल करना वेट लॉस के लिए फायदेमंद हो सकता है।

## मौसमी फल और सब्जियां खाएं

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा बताती हैं कि मानसून में वजन कम करने के लिए आप मौसमी फल और सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इसमें लौकी, तोरी, भिंडी, करेला और परवाल जैसी सब्जियां शामिल हैं। ये पचने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। फलों में सेब, नाशपाती, अनार और जामुन जैसे ताजे फलों का सेवन कर सकते हैं।

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-** बरसात में मौसम ठंडा होने के कारण लोगों को प्यास कम लगती है, जिस कारण वे कम मात्रा में पानी पीते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बेहतर रहता है और कई बार भूख या प्यास के बीच की कंफ्यूजन से बचा जा सकता है।

# वीगन डाइट में मसल्स बनाने के लिए क्या करना चाहिए?



**वीगन डाइट फॉलो करते हुए मांसपेशियां बनाना काफी मुश्किल हो सकता है। हालांकि, आप पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स का सेवन करके और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर मसल्स बना सकते हैं।**

आज के समय में फिटनेस और बॉडीबिल्डिंग का शौक लोगों में काफी ज्यादा बढ़ गया है। वहीं, लोग फिट रहने के लिए तरह-तरह की डाइट फॉलो करते हैं, जिसमें वीगन डाइट का चलन भी काफी ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में वीगन डाइट फॉलो करने वाले लोगों के लिए बिना मांस-मछली या अंडों के मांसपेशियां बनाना मुश्किल हो जाता है। दुनिया भर में कई बड़े एथलीट्स और बॉडीबिल्डर्स पूरी तरह वीगन डाइट अपना रहे हैं, ताकि वे अपनी सेहत में भी सुधार कर सकें।

मसल्स बनाने के लिए प्रोटीन सबसे ज्यादा जरूरी पोषक तत्व होता है। वीगन डाइट में प्रोटीन के अच्छे सोर्स सोया, टोफू, दालें, राजमा, चना मूंगफली और क्विनोआ माने जाते हैं। हर भोजन में प्रोटीन शामिल करने से शरीर को मसल्स रिपेयर और ग्रोथ में फायदेमंद हो सकता है। आप चाहें तो प्लांट बेस्ड प्रोटीन पाउडर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



## पर्याप्त कैलोरी का सेवन करें

अगर आप मसल्स बनाना चाहते हैं तो शरीर को जरूरत से थोड़ी ज्यादा कैलोरी देना जरूरी है। सिर्फ सलाद या कम कैलोरी वाला भोजन खाने से मसल्स बनाना मुश्किल हो सकता है। आप अपनी डाइट में नट्स, सीड्स, एवोकाडो, ओट्स और पीनट बटर जैसी हेल्दी कैलोरी शामिल कर सकते हैं। इससे आपके शरीर को एनर्जी मिलेगी और मसल्स ग्रोथ भी अच्छी होगी।

## पर्याप्त आराम और नींद लें

मसल्स रिकवरी के लिए डाइट और एक्सरसाइज के साथ-साथ पर्याप्त आराम करना भी जरूरी होता है। अगर शरीर को पर्याप्त नींद और रिकवरी नहीं मिलेगी तो मांसपेशियों का विकास धीमा हो सकता है। रोजाना 7 से 9 घंटे की नींद लेना आपके स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। साथ ही वर्कआउट के बाद शरीर को आराम देना भी जरूरी है। वीगन डाइट पर रहने वाले लोगों को मांसपेशियां बनाने के लिए पानी और पोषण दोनों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसलिए, आप दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इसके अलावा, विटामिन बी12, आयरन और ओमेगा-3 जैसे पोषक तत्वों का भी संतुलित मात्रा में सेवन करें क्योंकि वीगन डाइट में इनकी कमी हो सकती है, जो मसल्स पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

## स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें

मसल्स बनाने के लिए सिर्फ अच्छा भोजन करना ही काफी नहीं होता है, बल्कि नियमित रूप से स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी भी जरूरी है। वेट लिफ्टिंग, पुश-अप्स, स्क्वैट्स और रेजिस्टेंस एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करती हैं। इसलिए आप कम से कम 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करें।

# Sport

## हॉकी वर्ल्डकप में 19 अगस्त को भारत बनाम पाकिस्तान

# महिला टीम का पहला मुकाबला चीन से

### 15 अगस्त से टूनार्मेंट की शुरूआत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेंस और विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप 15 अगस्त से नीदरलैंड्स और बेल्जियम में खेला जाएगा। 30 अगस्त तक चलने वाले 16 टीमों के टूनार्मेंट का फॉर्मेट बदला गया है। अब क्वार्टर फाइनल नहीं होंगे। भारत को पूल-डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से मुकाबला होगा। वर्ल्ड कप में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें चार पूल में बांटा गया है और हर पूल में चार-चार टीमें हैं।



टूनार्मेंट के फॉर्मेट में सबसे बड़ा बदलाव क्वार्टर फाइनल को हटाना है। शुरूआती चारों पूल से टॉप-2 टीमें अगले ग्रुप स्टेज में जाएंगी। यानी कुल 8 टीमें दूसरे चरण में पहुंचेंगी। दूसरे चरण में इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इस तरह सीधे दूसरे ग्रुप स्टेज से सेमीफाइनल का रास्ता खुलेगा।

### भारत के लिए शुरूआती मैच बेहद अहम

नए फॉर्मेट में ग्रुप स्टेज का महत्व बढ़ गया है। भारत को अपने पूल में इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। दूसरे चरण में पहुंचने के बाद शुरूआती ग्रुप के आपसी मुकाबलों का असर भी आगे पड़ेगा। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने भी शुरूआती पूल मैचों को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उनके मुताबिक, टॉप-2 में पहुंचना जरूरी है और आगे जाने वाली टीमों के बीच हुए मैच का नतीजा अगले चरण में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## क्रिकेटर शाहीन अफरीदी ने कहा- फिलहाल मैं कप्तान हूं

**कराची।** पाकिस्तान के वनडे कप्तान शाहीन अफरीदी ने कैप्टेंसी को लेकर बयान दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शाहीन से पूछा गया- क्या आपको 2027 वर्ल्ड कप तक कप्तान बनाए रखने की कन्फर्मेशन मिली है। इसपर शाहीन ने कहा- 'फिल्हाल मैं कप्तान हूं।' उनके इस बयान को बाबर आजम की टीम में वापसी की चर्चा से जोड़कर देखा जा रहा है। बाबर आजम को दोबारा सभी फॉर्मेट की कप्तानी दी जा सकती है। शाहीन से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें 2027 वर्ल्ड कप तक कप्तान बनाए रखने की पुष्टि की है।

## अफगानिस्तान वनडे वर्ल्डकप 2027 के लिए क्वालिफाई

**बेलफास्ट।** अफगानिस्तान ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने अफगानिस्तान ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया। बेलफास्ट में सोमवार को अफगानिस्तान ने गेंदबाजी चुनी। उसने आयरलैंड को 46.3 ओवर में 206 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 44.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राशिद खान ने नाबाद 37 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके। अफगानिस्तान ने एक समय 176 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे।

### नैनो न्यूज

- **फेंसिंग में भारत के 17 पदक** – नाइजीरिया में व-23 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने 4 स्वर्ण समेत 17 पदक जीते।
- **प्रज्ञानानंदा का मुकाबला ड्रॉ** – सिंकफील्ड कप में आर. प्रज्ञानानंदा ने सैम सेवियन के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली।
- **अफगानिस्तान विश्व कप में पहुंचा** – आयरलैंड को हराकर अफगानिस्तान ने 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई किया।
- **बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की तैयारी** – दिल्ली में 17-23 अगस्त को होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आयोजकों ने बंदरों और पक्षियों से बचाव के विशेष इंतजाम किए हैं।
- **वैभव सूर्यवंशी की तैयारी शुरू** – युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी से पहले नेट्स में जमकर अभ्यास कर रहे हैं।
- **अभिनव बिंद्रा ने याद किया ऐतिहासिक स्वर्ण** – बीजिंग ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने के 18 साल बाद बिंद्रा ने उस उपलब्धि को अपने करियर का सबसे बड़ा शिखर बताया।
- **भारत के व-20 एथलीटों का शानदार प्रदर्शन** – अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स व-20 चैंपियनशिप में भारत ने हाई जंप और लॉन्ग जंप में दो पदक हासिल किए।
- **श्रीलंका टेस्ट के लिए टीम चयन चर्चा में** – मोहम्मद कैफ ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ध्रुव जुरेल की जगह सरफराज खान को मौका देने की पैरवी की है।

## वैभव सूर्यवंशी नेट्स में डिफेंस की प्रैक्टिस करते दिखे, दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के लिए खेलेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने दलीप ट्रॉफी की तैयारी शुरू कर दी है। वे नागपुर में राजस्थान रॉयल्स के कैंप में रेड बॉल क्रिकेट की प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्रेनिंग का वीडियो शेयर किया।

इसमें सूर्यवंशी बॉल छोड़ने और डिफेंस करते नजर आए। अटैकिंग शॉट्स पर भी काम किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने सिर्फ प्रिपरेशन लिखा। 15 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले वैभव दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन की ओर से खेलेंगे। वैभव को टीम का वाइस-कैप्टन बनाया गया है। 23 अगस्त को उनका मैच नॉर्थ-ईस्ट जोन से है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन टीम की कप्तानी करेंगे।



जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज खत्म होने के बाद वैभव ने अपना फोकस रेड-बॉल क्रिकेट पर कर लिया है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, वे नागपुर में राजस्थान रॉयल्स के परफॉर्मेंस सेंटर में ट्रेनिंग कर रहे हैं। रॉयल्स ने खिलाड़ियों के लिए 10 दिन का ट्रेनिंग कैंप लगाया है।

इस कैंप में वैभव के अलावा तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, शुभम दुबे, रवि सिंह और सुशांत मिश्रा भी शामिल हैं। इनमें वैभव और तुषार दलीप ट्रॉफी में खेलेंगे। तुषार वेस्ट जोन की टीम का हिस्सा होंगे। ईशान किशन (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, सुदीप घरामी, मोहम्मद शमी, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद, सूरज जायसवाल, विराट सिंह, कुमार कुशाग्र, शिखर मोहन, सुब्रांशु सेनापति, अभिजीत सरकार, अनुकूल रॉय और डेनिश दास।

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**

ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।

संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में **1.** 700, sqft शॉप मेन रोड, **2.** 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, **3.** 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, **4.** 2,लाख किराए पर लगे बैंक, **5.** हॉस्टल विष्णुपुर में, **6.** शोरूम विजय नगर में, **7.** 1200,sqft रानी बाग में **8.** 1500,sqft इंद्रपुरी में **9.** रेस्टोरेंट विजय नगर में, **10.** लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।

बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR


## न्यूज कॉलम

### ट्राले की टक्कर से सरपंच के ससुर-देवर की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में सजेली फाटक के पास मंगलवार दोपहर 2.30 बजे तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार ट्राले के टायरों के नीचे दब गए। मृतकों की पहचान ग्राम पंचायत तलावली की सरपंच वनिता भूरिया के ससुर भाणजी भूरिया और देवर बहादुर भूरिया के रूप में हुई है। दोनों मेघनगर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सजेली फाटक के पास ट्राला ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### जेतपुरा में अतिक्रमण पर चली प्रशासन की जेसीबी

**धार।** धार जिले के जेतपुरा गांव में रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने सोमवार शाम हटाया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद तहसीलदार के निर्देश पर जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई। इस दौरान नौगांव थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। ग्रामीणों ने हाल ही में तहसीलदार को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। आवेदन में बताया गया था कि ग्राम जेतपुरा की सर्वे क्रमांक 316 की भूमि पर रास्ते की ओर करीब तीन फीट तक अतिक्रमण किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ते पर अतिक्रमण कर खरंजा बना दिया गया था। मकान के आसपास पत्थर भी रख दिए गए थे। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी।

### इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर रॉन्ग साइड दौड़ीं स्कूल बसें

**धार।** धार में इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह यातायात पुलिस ने रॉन्ग साइड चल रही स्कूल बसों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने मॉडर्न अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल की दो बसों को रोककर चालान किया। दोनों बसों से कुल 4 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बस संचालक और वाहन मालिक को मौके पर बुलाकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग से होने वाले हादसों और उसके गंभीर परिणामों के बारे में समझाइश दी। मंगलवार सुबह यातायात पुलिस की टीम ने इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान स्कूल बसों को रॉन्ग साइड चलते हुए देखा।

### धार में चोरी-चेन झपटमारी का खुलासा



**पुलिस ने 2 वारदातें सुलझाई, 7 आरोपी गिरफ्तार, 30 बोरी लहसुन समेत सोने की चेन और 2 वाहन बरामद**

**धार।** धार पुलिस ने चोरी और चेन झपटमारी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा किया है। दोनों मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 30 बोरी लहसुन, सोने की चेन, पेंडल, एक पिकअप वाहन और एक पल्सर बाइक बरामद की है। एसपी सचिन शर्मा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। नौगांव थाना क्षेत्र के तोरनोद में 8 अगस्त को एक व्यक्ति ने मकान से लहसुन की बोरियां चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, फरियादी के बयान और वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच से 30 बोरी लहसुन चोरी होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सबूतों के आधार पर 10 अगस्त को अनिल मावी, राहुल सबराया, रवि बमुनिया और मुकेश बामनिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की 30 बोरी लहसुन इंदौर ले जाकर एक व्यापारी को किसान बनकर बेचने की बात बताई। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इंदौर की चोईथराम मंडी से लहसुन बरामद किया। बरामद 30 बोरी लहसुन की कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल मावी ने वारदात में पिकअप वाहन का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने करीब 8 लाख रुपए कीमत का यह वाहन भी बरामद किया है।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर सराफा बाजार में तेजी** – कारोबार सप्ताह की शुरूआत में सोने-चांदी के भाव बढ़े हैं। हालांकि ग्राहकी फिलहाल सीमित बताई गई है, लेकिन रक्षाबंधन से पहले बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है।
- **सोने-चांदी में देशभर में उछाल** – आज घरेलू बाजारों में कीमती धातुओं में तेज तेजी देखने को मिली है, जिसका असर इंदौर के सराफा कारोबार पर भी पड़ रहा है।
- **इंदौर के व्यापारियों की राखी सीजन पर नजर** – सराफा और अन्य बाजारों में त्योहार से पहले ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है। व्यापारियों को आगामी दिनों में बाजार में तेजी आने की संभावना है।
- **मसाला कारोबार में हल्दी पर नजर** – देश के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में मौसम और बीमारी से उत्पादन प्रभावित होने की खबरों के बीच हल्दी के भाव में आगे तेजी की संभावना जताई जा रही है।
- **इंदौर का औद्योगिक क्षेत्र निवेश का केंद्र** – प्रदेश में हुए औद्योगिक निवेश प्रस्तावों में इंदौर लगातार प्रमुख केंद्र बना हुआ है। उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों में निवेश गतिविधियां जारी हैं।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान

# खराब क्वालिटी की आशंका में 535 किलो घी-पनीर जब्त

## सिंध डेयरी में बिना वैध निर्माण लाइसेंस बन रहा था पनीर-दही-घी, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल करीब 535 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए से अधिक है। अधिकारियों ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से घी, पनीर, समोसे, चटनी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने भी जांच के लिए लिए।




खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने चंदन नगर स्थित सिंध डेयरी फार्म, मुराई मोहल्ला का निरीक्षण किया। मौके पर प्रतिष्ठान प्रभारी दीपेश गुरनानी मौजूद मिले। निरीक्षण में यहां पनीर, दही और घी का निर्माण करने के साथ दूध, दही, पनीर और घी का थोक एवं रिटेल विक्रय पाया गया।

जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। प्रतिष्ठान का लाइसेंस केवल थोक एवं रिटेल विक्रय के लिए वैध पाया गया। परिसर में घी प्लेन टिन में रखा मिला, जिस पर खाद्य पदार्थ से संबंधित आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी।

प्रतिष्ठान प्रभारी ने बताया कि कभी-कभी उनके यहां घी बनाया जाता है, जबकि मौके पर रखा घी बाहर से खरीदकर बिक्री के लिए लाया गया था। हालांकि, घी की खरीदी से संबंधित कोई बिल भी प्रस्तुत नहीं किया गया। अधिकारियों ने मौके से घी और पनीर के दो नमूने जांच के लिए लिए। गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर करीब 149 किलो घी और 103 किलो पनीर जब्त कर लिया गया। वहीं, वैध निर्माण लाइसेंस नहीं होने के कारण प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य लाइसेंस प्राप्त होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

### पालदा में 255 किलो घी सील

इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक अन्य टीम ने पालदा बारदान मंडी स्थित नारायण इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। यहां किंग घी और राधा माधव घी के दो नमूने जांच के लिए लिए गए। मौके पर 15 किलो क्षमता के 17 डिब्बों में करीब 255 किलो घी रखा मिला। गुणवत्ता संदिग्ध होने पर इसे जांच रिपोर्ट आने तक जब्त कर लिया गया। जब्त घी की अनुमानित कीमत 1.53 लाख रुपए बताई गई है।

### सियागंज में 28 किलो घी सील

एक अन्य कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सियागंज स्थित मैसर्स कमलेश ट्रेडर्स, संचालक कमलेश गुप्ता, का औचक निरीक्षण किया। यहां महीसागर घी, निमार्ता तिरुपति फूड प्रोडक्ट, गांधीनगर, गुजरात का नमूना जांच के लिए लिया गया।

जेल से छूटने के बाद पीथमपुर में डेरा डाला

# 2 कार और अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजेंद्र नगर इलाके में लगातार कार चोरी की वारदातें हो रही थीं। इसे लेकर डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत ने टीम बनाई थी। पुलिस ने लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कार चोरी करने वाले तोफिक और उसके एक साथी को पकड़ लिया। आरोपी नन्हे खां और एक और आरोपी सउदी से जुड़े बताए जा रहे हैं। दोनों पहले भंवरकुआं पुलिस और क्राइम ब्रांच के हाथ भी लग चुके हैं।

पुलिस ने आरोपियों से अब तक दो कारें बरामद की हैं। आरोपियों के पास पिस्टल भी मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, वे पुलिस से मुठभेड़ की



स्थिति में इस्तेमाल के लिए हथियार रखते थे। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार जब्त किए हैं। आरोपियों ने पहले परस्पर नगर में सप्लायर मुकुल कुमार त्यागी की स्विफ्ट कार चुराई थी। कार चोरी करने से पहले उन्होंने इलाके की बिजली बंद कर दी थी। इसके बाद कार लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों ने ईशान मंडलाई निवासी की विज्ञान नगर से कार भी चुराई थी। इसके अलावा दामोदर नगर से एक और कार चोरी की थी। पुलिस ने इस मामले में अब तक कारें और अवैध हथियार बरामद किए हैं।

### मेरठ और प्रतापगढ़ में सक्रिय है गैंग

राजेंद्र नगर पुलिस ने जिस गैंग के बदमाशों को पकड़ा है, वह उत्तर प्रदेश के मेरठ और प्रतापगढ़ में सक्रिय है। गैंग एक जैसे मॉडल की कारों को निशाना बनाती है। करीब 6 साल पहले गैंग से जुड़े बदमाशों ने भागने के दौरान दो पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ा दी थी। इस दौरान गैंग से जुड़े एक बदमाश को पकड़ा गया था। बाद में क्राइम ब्रांच की टीम ने भी इस गैंग से जुड़े आरोपियों को 11 कारों के साथ पकड़ा था। राजेन्द्रनगर पुलिस ने फिलहाल इमरान नसीमुद्दीन मोहम्मद तोफीक,राजीव सुरी और वर्षा को पकड़ा है। हालाकि पंजाब और यूपी मे वाहन भेजने की बात आरोपियो ने कबूली है। उन्हे जब्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्रादेशिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र नागर ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में श्रावण कृष्ण एकादशी के पावन अवसर पर इंदौर स्थित गणेश मंदिर, खजराना परिसर में प्रादेशिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान और दुबई से भी बड़ी संख्या में नागर समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। समाज के आचार्य पंडित उमाशंकर नागर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महारुद्राभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान भगवान हाटकेश्वर एवं भगवान गणेश की आराधना कर समाज की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सोनिया मण्डलोई ने आयोजन की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से महिला परिषद के धार्मिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता है।

# ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर कर्मचारी से 1.19 लाख रुपये ठगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाड़िया इलाके में निजी कंपनी के कर्मचारी से ऑनलाइन कमाई के नाम पर 1.19 लाख रुपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले उसे अचानक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद टास्क पूरा करने और ट्रेडिंग के जरिए कमाई का झांसा देकर अलग-अलग खातों में रुपए जमा करवाए। बाद में रुपए निकालने के लिए और ट्रेडिंग करने की बात कही गई, तब पीड़ित को ठगी का पता चला। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद अनवर बक्श निजी कंपनी में काम करते हैं। 5 अगस्त को उन्हें अचानक वॉट्सऐप ग्रुप डीडीएसी2-12 में जोड़ा गया। ग्रुप में एक नंबर से मैसेज आया। इसमें भेजने वाली ने अपना नाम काव्या बताते हुए खुद को ग्रुप की एचआर प्रतिनिधि बताया। उसने कहा कि वे ब्रेन वर्क इंडिया नाम से प्रोग्राम चलाते हैं, जिसमें कमाई के कई मौके दिए जाते हैं। इसके बाद काव्या ने एक टास्क दिया। इसमें 120 रुपए के रेटिंग टास्क पूरे कर उनके स्क्रीनशॉट दिए गए नंबरों पर भेजने को कहा गया। अनवर ने तीन-चार बार टास्क पूरा किया। इसके बाद दूसरे नंबर से उनसे नाम-पता पूछा गया और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने की जानकारी ली गई।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने रील बनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी इलाके के हिस्ट्रीशीटर और ड्रग माफिया चेतननाथ का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोमवार को राजेंद्र नगर पुलिस अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के पुराने मामले में उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेने जिला कोर्ट पहुंची थी। इसी दौरान उसके परिवारवालों ने पुलिसकर्मियों के सामने ही उसकी रील बनाई। बाद में रील को उसके भतीजे के अकाउंट से धमकी भरे कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया। वायरल रील में एक ऑडियो लगाया गया है। जिसमें कहा जा रहा है कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है और छोड़ देती है। वह जेल के अंदर से ही पूरा सिस्टम चलाने की बात भी कहता है। यह वीडियो कोर्ट परिसर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बनाया गया था। राजेंद्र नगर पुलिस सोमवार को अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में चेतननाथ का प्रोडक्शन वारंट लेने जिला कोर्ट पहुंची थी। पेशी के दौरान उसकी बहन सीमा नाथ भी उससे मिलने कोर्ट पहुंची थी।

## मंगेतर से बात के बाद इंदौर का इंजीनियर लापता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बेंगलुरु के नेलामंगला स्थित शिवगंगे पहाड़ियों में ट्रैकिंग के लिए गए इंदौर के 31 वर्षीय अद्वैत उपाध्याय का पांचवें दिन भी कोई सुराग नहीं मिला है। शुक्रवार सुबह पहाड़ी पर जाने से पहले उन्होंने करीब 8:30 बजे अपनी मंगेतर से फोन पर बात की थी। इसके कुछ देर बाद मोबाइल बंद हो गया और परिवार से संपर्क टूट गया। अद्वैत परिवार के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता प्रमोद उपाध्याय इंदौर में प्रोफेसर थे और 2016 में हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। फिलहाल परिवार में अद्वैत और उनकी मां ही हैं। अद्वैत लंबे समय से बेंगलुरु में एक फाइनेंस कंपनी में बतौर इंजीनियर काम कर रहे थे। अद्वैत की मां बेटे के लापता होने के बाद बेहद चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि बेटे के गायब होने के बाद से उन्हें उसकी चिंता सता रही है।

## 54.70 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ ऑटो ड्राइवर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को एमआर-04 आमरोड़, परदेशीपुरा स्थित भंडारी ब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए 54.70 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दानिश शेख (26) निवासी आजादनगर, इंदौर के रूप में हुई है। टीम के मुताबिक जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5.40 लाख रुपए है। क्राइम ब्रांच की टीम मंगलवार को गश्त और संदिग्धों की तलाश में भंडारी ब्रिज के नीचे मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसकी तलाशी ली तो उसके लोअर की जेब से सफेद पन्नी मिली। जिसमें 54.70 ग्राम एमडी ड्रग्स होना पाया गया।

# जर्जर भवन पर चली निगम की जेसीबी

## करीब 100 साल से ज्यादा पुराना हो चुका था भवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम द्वारा जर्जर मकानों पर लगातार कार्रवाइयां की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी नगर निगम ने एक जर्जर मकान पर कार्रवाई करते हुए उसे जमींदोज किया। यहां पर एक नया प्रोजेक्ट आ रहा है, जो सांसद निधि से बनना है।

ये भवन काफी जर्जर हालत में था और करीब 100 साल पुराना था। हालांकि यहां पर एक चौकीदार की फैमिली रहती थी, मगर नोटिस देकर इसे खाली करा लिया गया था। जिसके बाद आज निगम ने ये कार्रवाई की।

नगर निगम का अमला झोन क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 67 में स्थित जयरामपुर कॉलोनी में दलबल के साथ पहुंचा। निगम की जेसीबी से जर्जर भवन को जमींदोज करने की कार्रवाई शुरू की गई। भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि जयरामपुर कॉलोनी में निगम ने निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के आदेश पर ये कार्रवाई की है।

यहां पर रजिस्टर्ड शासकीय नारी शाला




का पुराना जर्जर मकान था। जिसे तोड़ा गया है। यहां पर एक नया प्रोजेक्ट आ रहा है, जो सांसद निधि से तैयार होगा। यहां पर चौकीदारी की फैमिली रहती थी, जिन्हें नोटिस देकर जगह खाली करा ली गई थी। फिर ये कार्रवाई की गई। हालांकि यहां किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि यह सिंधी समाज समिति के अधीन करीब 100 साल पुराना भवन था।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट
5 लाख से 7 लाख लगाने पर 1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोन्स वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

कालसर्प दोष
मंगल दोष, पितृदोष विशेषज्ञ
उज्जैन में कालसर्प दोष के लिए संपर्क करें
पंडित देवकीनंदन
अवंतिका तीर्थ पुरोहित
पंडित देवकीनंदन बृजमोहन जी द्विवेदी
यजुर्वेद आचार्य ज्योतिर्विद्
पता: म.नं. 58, योगीपुरा, हरसिद्धि माता मंदिर के पास, उज्जैन
मोबा. : 9907584370, 7772877083

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com